CMYK

www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ... | छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक | संपर्क करें : bilaspurdeshbandhu@gmail.com



पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

बिलासपुर, सोमवार, 4 सितंबर 2023 । वर्ष – 33 । अंक –126 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00 रु.



अवसरवादियों से हिसाब लेगी जनता पृष्ठ 3

■ इंडिया की सफलता से बौखलाया मीडिया
■ केरल ने खारिज की केंद्र की स्मार्ट मीटर योजना पृष्ठ 4

■ काकर ने नौ मई की हिंसा को 'तख्तापलट का प्रयास' करार दिया
■ बांग्लादेश में डेंगू से 21 और लोगों की मौत पृष्ठ 9

रोहित व विराट अपने पैरों का बेहतर इस्तेमाल कर सकते थे : गावस्कर पृष्ठ 10

## एक देश-एक चुनाव पर बोले राहुल गांधी

# यह भारतीय संघ पर हमला है

**नई दिल्ली**, 3 सितम्बर (एजेंसियां)। 'एक देश–एक चुनाव' के मुद्दे पर राजनीति गर्मा गई है। इस मुद्दे पर राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि इंडिया यानी भारत, यह राज्यों का संघ है। 'वन नेशन–वन इलेक्शन' का आइडिया संघ और राज्यों पर हमला है। सरकार का यह कदम पूरी तरह से देश की संघीय प्रणाली के विरुद्ध है। वहीं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने एक्स पर लिखा कि मोदी सरकार चाहती है कि लोकतांत्रिक भारत धीरे–धीरे तानाशाही में तब्दील हो जाए। 'वन नेशन वन इलेक्शन' पर कमेटी बनाने की यह नौटंकी भारत के संघीय ढांचे को खत्म करने का हथकंडा है। 2024 में लोगों के पास 'वन नेशन वन सॉल्यूशन' है– भाजपा के कुशासन से छुटकारा पाना।

**सरकार ने बनाई है 8 सदस्यीय कमेटी**

'एक देश–एक चुनाव' के लिए पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में बनाई गई समिति के लिए सरकार ने शनिवार को आठ सदस्यों का नाम जारी किया। इनमें केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह,



लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी और राज्यसभा में पूर्व नेता प्रतिपक्ष गुलाम नबी का नाम शामिल है। कांग्रेस ने इस समिति को संसदीय लोकतंत्र को खत्म करने की साजिश बताया।

**मैं इस कमेटी में काम नहीं करूंगा: अधीर रंजन**

कमेटी में नाम आने के बाद अधीर रंजन ने गृहमंत्री अमित शाह को लेटर लिखा। उन्होंने कहा कि मैं इस समिति में काम नहीं करूंगा। इसका गठन ऐसे किया गया है कि नतीजे पहले से तय हो सकें। आम चुनाव से पहले ऐसी समिति सरकार के गुप्त मंसूबों की ओर इशारा

> लोकतंत्र को तानाशाही में बदलना चाहती है मोदी सरकार : खड़गे

> सरकार का यह कदम पूरी तरह से देश की संघीय प्रणाली के विरुद्ध है: राहुल गांधी, कांग्रेस नेता

करता है, जिसमें संवैधानिक रूप से एक संदिग्ध व्यवस्था को लागू करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को शामिल नहीं करना संसदीय लोकतंत्र का अपमान है।

**सरकार ने 18 से बुलाया है विशेष सत्र**

एक देश एक चुनाव की चर्चा के बीच केंद्र सरकार ने संसद का पांच दिन विशेष सत्र बुलाया है। यह 18 सितंबर से शुरू होकर 22 सितंबर तक चलेगा। यह 17वीं लोकसभा का 13वां और राज्यसभा का 261वां सत्र होगा। इसमें 5 बैठकें होंगी। इस सत्र को लेकर कई अटकलें लगाई जा रही हैं। यह सत्र क्यों बुलाया गया है, इसे लेकर सरकार की तरह से अभी कोई बयान नहीं आया है।

**कोविंद से मिले कानून मंत्रालय के अधिकारी**

देश में एक साथ चुनाव कराने की संभावना पर बनाई गई समिति सक्रिय हो गई है। शीर्ष अधिकारियों ने समिति के अध्यक्ष और पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद को प्रारंभिक जानकारी दे दी है। जानकारी के मुताबिक, केंद्रीय कानून मंत्रालय के शीर्ष अधिकारियों ने रविवार को पूर्व राष्ट्रपति से मुलाकात की। कोविंद लोकसभा, राज्य विधानसभाओं, स्थानीय निकायों के एक साथ चुनाव कराने की संभावना पर और इस सिलसिले में सिफारिशों के लिए बनाई गई उच्च स्तरीय समिति के अध्यक्ष हैं।

## खड़गे ने बुलाई विपक्षी दलों की बैठक संसद के विशेष सत्र को लेकर बनेगी रणनीति



संसद के विशेष सत्र से पहले कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने पांच सितंबर को अहम बैठक बुलाई है। बैठक में विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के सांसदों को बुलाया गया है। सूत्रों के मुताबिक, बैठक में विपक्षी दल 18 से 22 सितंबर तक होने वाले आगामी विशेष सत्र के लिए अपनी रणनीति तय करेंगे। बैठक खड़गे ने राजाजी मार्ग स्थित अपने आवास पर बुलाई है। संसद के इस विशेष सत्र के एजेंडे के बारे में आधिकारिक तौर पर कुछ भी नहीं कहा गया है। हालांकि, यह सत्र 9 और 10 सितंबर को राष्ट्रीय राजधानी में जी20 शिखर बैठक के कुछ दिनों बाद आयोजित होने जा रहा है। जोशी ने कहा कि संसद के इस विशेष सत्र में पांच बैठकें होंगी। संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि अमृत काल के बीच आयोजित होने वाले इस विशेष सत्र के दौरान संसद में सार्थक चर्चा को लेकर आशान्वित हैं।

## राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह

# प्रदेश के महान साहित्यकारों के नाम पर 4 शिक्षकों को स्मृति पुरस्कार

**रायपुर**, 3 सितंबर (देशबन्धु)। शिक्षक दिवस के अवसर पर राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन के मुख्य आतिथ्य में 5 सितंबर 2023 को प्रात: 10 बजे से राजभवन के दरबार हॉल में राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। इस समारोह की अध्यक्षता मुख्यमंत्री भूपेश बघेल करेंगे और अति विशिष्ट अतिथि स्कूल शिक्षा मंत्री रविन्द्र चौबे और विशिष्ट अतिथि संसदीय सचिव द्वारिकाधीश यादव होंगे।

शिक्षक दिवस के अवसर पर राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह में 52 शिक्षकों को सम्मानित किया जाएगा। इनमें से 48 शिक्षक राज्य शिक्षक सम्मान और 4 शिक्षकों को प्रदेश के महान साहित्यकारों के नाम पर स्मृति पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। समारोह में राज्य शिक्षक पुरस्कार के लिए चयनित 48 शिक्षिकों में से प्रत्येक को 21–21 हजार रूपाए की राशि और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। इसके अलावा प्रदेश के महान विभूतियों की स्मृति में दिए जाने वाले पुरस्कार से सम्मानित होने वाले प्रत्येक शिक्षक को 50–50 हजार रूपए और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा।

**52 शिक्षक राज्य शिक्षक सम्मान से होंगे सम्मानित**

**राज्य स्मृति पुरस्कार**

शिक्षक दिवस के अवसर पर राज्य स्तरीय समारोह में प्रदेश के 4 महान साहित्यिक विभूतियों के नाम पर 4 शिक्षकों को राज्य शिक्षक सम्मान से नवाजा जाएगा। इनमें रायपुर जिले की प्रधान पाठक सुश्री ममता अहार को ''डॉ. पदुमलाल पुन्नालाल बक्शी स्मृति पुरस्कार'', कोण्डागांव जिले की प्रधान अध्यापक श्रीमती मधु तिवारी को ''डॉ. मुकुटधर पाण्डेय स्मृति पुरस्कार'', रायगढ़ जिले की व्याख्याता श्रीमती रश्मि वर्मा को ''डॉ. बलदेव प्रसाद मिश्र स्मृति पुरस्कार'' और खैरागढ़–छुईखदान–गण्डई जिले की शिक्षक एलबी श्रीमती इन्दिरा चन्द्रवंशी को ''श्री गजानन्द माधव मुक्तिबोध स्मृति पुरस्कार'' प्रदान किया जाएगा।

**राज्य शिक्षक पुरस्कार–2022**

राज्य शिक्षक पुरस्कार वर्ष 2022 से सम्मानित होने वाले 48 शिक्षकों में से कांकेर जिले के शिक्षक एल.बी. कृष्णपाल राणा और शिक्षक एल.बी. श्रीमती रूखमणी साहू, नारायणपुर जिले के सहायक शिक्षक एल.बी. देवेन्द्र कुमार देवांगन और प्रधान पाठक श्रीमती ब्रजेश्वरी रावटे, जगदलपुर जिले के शिक्षक महेश कुमार सेठिया और व्याख्याता रमेश कुमार उपाध्याय, दंतेवाड़ा जिले के सहायक शिक्षक एल.बी. खेमलाल सिन्हा और उच्च श्रेणी शिक्षक श्रीमती उषा भूआर्य, बालोद जिले के सहायक शिक्षक एल.बी. श्रवण कुमार यादव और सहायक शिक्षक एल.बी. श्रीमती पुष्पलता साहू, राजनांदगांव जिले के सहायक शिक्षक एल.बी. तुलेश्वर कुमार सेन और शिक्षक एल.बी. पारूल चतुर्वेदी, दुर्ग जिले के प्रधान पाठक यशवंत कुमार पटेल और शिक्षक एल.बी. सुश्री के. शारदा, कबीरधाम जिले की शिक्षक श्रीमती यक्ष चंद्राकर और प्रधान पाठक शिव कुमार बंजारे, बेमेतरा जिले की शिक्षक एल.बी. श्रीमती ज्योति बनाफर और व्याख्याता एल.बी. श्रीमती सुषमा शुक्ला शर्मा, महासमुंद जिले के व्याख्याता एल.बी. अनिल कुमार प्रधान और सहायक शिक्षक एल.बी. डोलामणी साहू, गरियाबंद जिले के सहायक शिक्षक एल.बी. संतोष कुमार तारक और सहायक शिक्षक एल.बी. श्रीमती लताबेला मोंगेरे के नाम शामिल है।

इसी प्रकार वर्ष 2022 राज्य शिक्षक पुरस्कार के लिए रायपुर जिले के सहायक शिक्षक एल.बी. उत्तम कुमार देवांगन और सहायक शिक्षक एल.बी. डॉ. श्रीमती गोपा शर्मा, धमतरी जिले के व्याख्याता एल.बी. राजूराम साहू और सहायक शिक्षक एल.बी. दीनबुधु सिन्हा, ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

## सार संक्षेप

### कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी अस्पताल में भर्ती

**नई दिल्ली**। कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी को बुखार के कारण यहां सर गंगाराम अस्पताल में भर्ती कराया गया है। श्रीमती गांधी को हल्के बुखार की शिकायत हुई है और उन्हें डॉक्टरों की सलाह पर अस्पताल में भर्ती किया गया है। उनका स्वास्थ्य स्थिर बताया गया है और उनको देख रहे डॉक्टर बराबर उनके स्वास्थ्य पर नजर रखे हुए हैं।

### हिमाचल का प्रसिद्ध कुल्लू दशहरा 24 अक्तूबर से

**कुल्लू**। हिमाचल का अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा का प्रदेश के लोगों और देव समाज को बेसब्री से इंतजार है। आगामी 24 अक्तूबर से शुरू होने वाले कुल्लू दशहरा के लिए समिति ने जिला कुल्लू के 332 देवी-देवतओं को उत्सव में आने के लिए निमंत्रण भेज दिए हैं। यह निमंत्रण पत्र सभी कारदारों को उपमंडल अधिकारियों, तहसीलदारों व नायब तहसीलदारों की मदद से पहुंचाए जाएंगे। इसके बाद देव समाज दशहरा की आगामी तैयारियों में जुट जाएगा।

### ओडिशा में बिजली गिरने से 10 लोगों की मौत

**भुवनेश्वर**। ओडिशा के छह जिलों में बिजली गिरने से कम से कम 1 लोगों की मौत हो गई और तीन लोग झुलस गए। विशेष राहत आयुक्त कार्यालय (एसआरसी) कार्यालय के सूत्रों ने यह जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि खुर्दा में चार लोगों की मौत हो गई। वहीं, बलांगीर में दो, अंगुल, बौध, जगतसिंहपुर और ढेंकनाल जिले में क्रमशः एक-एक की मौत हुई है।

### जम्मू-कश्मीर के रामबन में जवान ने खुद को मारी गोली

**जम्मू**। जम्मू-कश्मीर के रामबन जिले में रविवार को केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के एक जवान ने अपनी सर्विस राइफल से खुद को गोली मार ली। अधिकारियों ने बताया कि बिहार का सीआरपीएफ जवान बनिहाल-काजीगुंड सुरंग पर तैनात था। उन्होंने अपनी सर्विस राइफल से खुद को गोली मार ली। उन्हें तुरंत बनिहाल शहर के एक उप-जिला अस्पताल में भर्ती किया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### अरुणाचल विस सत्र आज से

**ईटानगर**। अरुणाचल प्रदेश विधानसभा का सत्र चार दिवसीय बैठक के लिए सोमवार से शुरू होगा। राज्य सरकार द्वारा तीन महत्वपूर्ण विधेयक और एक विपक्षी विधायक द्वारा एक निजी विधेयक पेश किया जाएगा।

## उदयनिधि स्टालिन ने 'सनातन धर्म' पर की विवादित टिप्पणी

**नई दिल्ली**, 3 सितम्बर (एजेंसियां)। 'सनातन धर्म' पर विवादास्पद बयान को लेकर तमिलनाडु के मंत्री और मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बेटे उदयनिधि स्टालिन के खिलाफ दिल्ली पुलिस में दो अलग–अलग शिकायतें दर्ज की गई हैं। ये शिकायतें सुप्रीम कोर्ट के वकील विनीत जिंदल और हिंदू सेना प्रमुख विष्णु गुप्ता ने दायर की हैं। जिंदल ने आरोप लगाया कि उदयनिधि मारन के भाषण में सनातन धर्म के खिलाफ भड़काऊ और अपमानजनक, टिप्पणियां थीं।



■ दिल्ली पुलिस में दो अलग-अलग शिकायतें दर्ज की

जिंदल ने कहा कि उदयनिधि स्टालिन के बयानों से उनकी धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं, जिन्होंने सनातन धर्म की तुलना मच्छरों, डेंगू, मलेरिया और कोरोना से की थी और इसके उन्मूलन का आह्वान किया था। शिकायतों में कहा गया है कि ये टिप्पणियां सनातन धर्म के प्रति घृणा प्रदर्शित करती हैं और तमिलनाडु सरकार में विधायक और मंत्री उदयनिधि मारन पर जानबूझकर धार्मिक समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देने का आरोप लगाया गया है।

# जी–20 सम्मेलन की सुरक्षा करेगा नेत्र एयरक्राफ्ट



■ दिल्ली के हवाई क्षेत्र की करेगा निगरानी
■ 9 और 10 सितंबर को होगा सम्मेलन

**नई दिल्ली**, 3 सितम्बर (एजेंसियां)। दिल्ली में 9 और 10 सितंबर को होने वाली जी–20 सम्मेलन में अमेरिका और फ्रांस के राष्ट्रपति समेत ब्रिटेन और जापान के प्रधानमंत्री भी आएंगे। भारत विदेशी मेहमानों की सुरक्षा के लिए पुख्ता व्यवस्था कर रहा है।

भारतीय वायुसेना हवाई क्षेत्र की सुरक्षा के लिए स्वदेशी सर्विलांस और मॉनिटरिंग एयरक्राफ्ट 'नेत्र' तैनात करने की तैयारी कर रही है। वायुसेना का यह एयरक्राफ्ट फरवरी 2019 में बालाकोट स्ट्राइक के समय भी चर्चा में था। तब पाकिस्तानी एफ–16 लड़ाकू विमानों की निगरानी के लिए इसे तैनात किया गया था। दिल्ली की हवाई सुरक्षा के लिए मिसाइलें भी तैनात की जाएंगी। सेना के हेलिकॉप्टर एयर पेट्रोलिंग करेंगे। इनमें एनएसजी कमांडो रहेंगे। समारोह स्थल के आसपास बड़ी और ऊंची इमारतों पर सेना और एनएसजी तैनात होंगे। पहली बार एंटी ड्रोन सिस्टम लगाया गया है, यानी समिट के दौरान पतंग भी नहीं उड़ेगी। समिट की सुरक्षा के लिए दिल्ली में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित कैमरे भी लगाए गए हैं। कोई भी संदिग्ध गतिविधि दिखने पर ये कैमरे तुरंत सुरक्षा अधिकारी को अलर्ट मैसेज भेज देंगे। जहां विदेशी मेहमान ठहरेंगे, वहां एंटी ड्रोन सिस्टम और बुलेट प्रूफ शीशे लगवाए गए हैं।

**थाली में होगा भारतीय स्ट्रीट फूड व मिलेट्स**

सम्मेलन के लिए आ रहे विश्व नेताओं को चांदनी चौक के स्पेशल फूड और मिलेट्स के अलावा स्ट्रीट फूड परोसा जाएगा। जी–20 इंडिया के विशेष सचिव मुक्तेश परदेशी के मुताबिक शिखर सम्मेलन के लिए 10 हजार से ज्यादा लोगों के दिल्ली आने की उम्मीद है। इसके लिए शेफ मेनू को फाइनल टच देने के लिए ओवर टाइम काम कर रहे हैं।

**मेहमानों के लिए बुलेट–प्रूफ कारें मंगाई गई**

जी–20 सम्मेलन के लिए केंद्र सरकार ने लेफ्ट हैंड ड्राइव कारें मंगाई हैं। ये गाड़ियां बुलेट–प्रूफ होंगी और इनका इस्तेमाल विदेशी मेहमानों को लाने–ले जाने के लिए किया जाएगा। सेंट्रल रिजर्व पुलिस फोर्स के 450 जवानों को इन कारों को चलाने की ट्रेनिंग दी गई है।

## जी–20 बैठकों को लेकर चीन की आपत्ति खारिज

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि यह स्वभाविक है कि जी–20 की बैठकें देश के हर हिस्से में आयोजित होंगी। प्रधानमंत्री ने चीन की उन आपत्तियों को खारिज कर दिया, जिनमें चीन ने अरुणाचल प्रदेश और कश्मीर में जी–20 बैठकों का आयोजन होने पर नाराजगी जताई थी। भारत की अध्यक्षता में जम्मू कश्मीर और अरुणाचल प्रदेश समेत कई जगहों पर जी–20 की बैठकें आयोजित की गईं। भारत की संस्कृति और विविधता को दर्शाने के लिए सरकार ने देश के अलग–अलग हिस्सों में जी–20 की बैठकें आयोजित की थी। ये बैठकें अरुणाचल प्रदेश और जम्मू कश्मीर में भी आयोजित की गईं थी। इस पर चीन और पाकिस्तान ने आपत्ति जताई थी क्योंकि चीन अरुणाचल प्रदेश को और पाकिस्तान जम्मू कश्मीर को 'विवादित' मानते हैं। मीडिया को दिए एक इंटरव्यू में प्रधानमंत्री ने चीन, पाकिस्तान की आपत्तियों को खारिज करते हुए कहा कि 'यह सवाल उस वक्त वैध होता अगर हमने उन जगहों पर बैठकें करने से परहेज किया होता। हमारा देश विशाल और विविधताओं से भरा है।

# सभी मंत्रियों का टिकट तय : कांग्रेस

## सर्वे रिपोर्ट के बाद पार्टी में एक राय, पहली सूची जल्द

**रायपुर**, 3 सितंबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा की पहली सूची जारी होने के बाद कांग्रेस की भी पहली सूची जल्द जारी की जाने वाली है। पहली सूची में उन लोगों के नाम होंगे, जिनके नाम पर कोई विवाद नहीं है और पार्टी के सर्वे में उनकी स्थिति अच्छी बताई गई है। इस कड़ी में भूपेश सरकार के सभी 13 मंत्रियों को दोबारा टिकट दिया जा रहा है। सर्वे में ऐसी रिपोर्ट आई है कि ज्यादातर मंत्रियों की स्थिति ठीक है। कुछ को थोड़ी बहुत प्राब्लम है, लेकिन उनका भी टिकट काटने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

सर्वे और जातिगत समीकरण को ध्यान में रखते हुए प्रदेश कांग्रेस के रणनीतिकारों ने यह लगभग तय कर लिया है कि मंत्रियों को दोबारा टिकट दिया जाए। इसमें एक या दो मंत्री जिनके बारे में नकारात्मक फीडबैक मिला है, उनकी सीट बदली जा सकती है लेकिन टिकट उनका भी नहीं काटा जाएगा। ये मंत्री आदिवासी वर्ग से आते हैं इस कारण सरकार आदिवासी वर्ग में ऐसा कोई मैसेज नहीं देना चाहती कि आदिवासियों की उपेक्षा की जा रही है।



प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा ने कहा है कि कांग्रेस की पहली सूची सितंबर के पहले सप्ताह में आ जाएगी। इस सूची में मंत्रियों के अलावा उन विधायकों और पिछला चुनाव लड़े नेताओं के नाम होंगे जहां से सिंगल नामों का पैनल आया है। विधायकों के परफॉर्मेंस का रिव्यू कराने के बाद 71 में से करीब 20 विधायकों की रिपोर्ट सही नहीं आई है। ऐसा कहा जा रहा है कि पहली सूची में ऐसे विधायकों या विधानसभा क्षेत्रों के बारे में फैसला नहीं होगा। इन विधायकों के कामकाज का नए सिरे से आकलन और वरिष्ठ नेताओं से चर्चा कर निर्णय लेंगे। अभी दावे से नहीं कहा जा सकता कि 20 के टिकट कट ही जाएंगे। लेकिन कमजोर विधायकों को घर बैठाया जाएगा, यह तय है।

**स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक कल**

विधानसभा चुनाव 2023 को लेकर कांग्रेस के स्क्रीनिंग कमिटी की बैठक सोमवार 4 सितंबर को कांग्रेस के प्रदेश मुख्यालय राजीव भवन में होगी। बैठक में 90 विधानसभा के लिए दावेदारों की सूची तैयार की जाएगी। बता दें कि पीसीसी के पास दावेदारों की सूची पहुंची है। बैठक में तीन–तीन दावेदारों के नामों का पैनल तैयार होगा। सूत्रों के अनुसार कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे कल छत्तीसगढ़ में आ रहे हैं। इसी दौरान उम्मीदवारों को सूची को अंतिम रूप दिया जाएगा। जिसके बाद 6 सितंबर को कांग्रेस सूची जारी होगी।

## भारत जोड़ो यात्रा की पहली वर्षगांठ मनाएगी कांग्रेस

**नई दिल्ली**, 3 सितम्बर (एजेंसियां)। कांग्रेस पार्टी अपनी भारत जोड़ो यात्रा की पहली वर्षगांठ मनाने के लिए भारत जोड़ो पदयात्रा का आयोजन करेगी। पार्टी सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी।

■ 7 सितंबर को देशभर में पदयात्रा निकाली जाएगी

सूत्रों ने बताया कि 7 सितंबर को शाम पांच बजे से छह बजे के बीच देशभर में पदयात्रा निकाली जाएगी। पिछले साल 7 सितंबर को कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कन्याकुमारी से भाजयुमो की यात्रा की थी और इस साल जनवरी में इसका समापन जम्मू–कश्मीर में किया था। पार्टी कांग्रेस ने कहा कि यात्रा उसके सबसे निर्णायक जन संपर्क कार्यक्रमों में से एक थी।

# इसरो ने आदित्य एल1 को अगली कक्षा में भेजा

**नई दिल्ली**, 3 सितम्बर (एजेंसियां)। इसरो के वैज्ञानिकों ने रविवार को आदित्य एल 1 स्पेसक्रॉफ्ट की ऑर्बिट बढ़ाई। अब ये पृथ्वी की 245 किमी × 22459 किमी की कक्षा में आ गया है। यानी उसकी पृथ्वी से सबसे कम दूरी 245 किमी और सबसे ज्यादा दूरी 22459 किमी है। इसरो ने बताया कि अब 5 सितंबर को दोपहर करीब 3 बजे एक बार फिर आदित्य की कक्षा बढ़ाई जाएगी। इसके लिए कुछ देर इंजन फायर करने पड़ेंगे। आदित्य को 2 सितंबर को लॉन्च किया गया था। लॉन्चिंग के 63 मिनट 19 सेकेंड बाद स्पेसक्राफ्ट को पृथ्वी की 235 किमी × 19500 किमी की कक्षा में स्थापित कर दिया था। करीब 4 महीने बाद यह 15 लाख किमी दूर लैगरेंज पॉइंट–1 तक पहुंचेगा। इस पॉइंट पर ग्रहण का प्रभाव नहीं पड़ता, जिसके चलते यहां से सूरज पर आसानी से रिसर्च की जा सकती है।



5 सितम्बर को फिर बदली जाएगी कक्षा

## चुनावी घोषणाएं बनी मुसीबत | भाजपा व कांग्रेस में मुफ्त घोषणाओं की होड़

# कर्ज के बोझ तले दबा मध्यप्रदेश

**भोपाल, 3 सितम्बर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव से पहले, मुख्य प्रतियोगी कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और कांग्रेस मुफ्त की राजनीति की सीमाओं का परीक्षण कर रहे हैं। जहां मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व वाली सत्तारूढ़ भाजपा मतदाताओं को लुभाने के लिए राज्य में एक के बाद एक मुफ्त या नकद प्रोत्साहन योजनाओं की घोषणा कर रही है, वहीं कांग्रेस भी चुनाव जीतने के लिए कई आकर्षक वादे कर रही है।**

*कमल नाथ के नेतृत्व वाली राज्य कांग्रेस ने 'पांच गारंटियों' महिलाओं के लिए नकद हस्तांतरण (1,500 रुपए मासिक), 500 रुपए में एलपीजी सिलेंडर, पुरानी पेंशन योजना का कार्यान्वयन, रियायती बिजली और कृषि ऋण में छूट के साथ भाजपा के खिलाफ चुनावी लड़ाई में कदम रखा है भाजपा, जिसे अपनी 'लाडली बहना योजना' से बहुत उम्मीदें हैं कि विधानसभा चुनाव से कुछ महीने पहले घोषित हर महीने 1000 रुपए देने की महिला–केंद्रित नकद प्रोत्साहन योजना, सब्सिडी वाली बिजली के साथ 450 रुपए में एलपीजी सिलेंडर उपलब्ध कराने की पेशकश लेकर आई है। लाडली बहना योजना की घोषणा के ठीक तीन महीने बाद, मुख्यमंत्री चौहान ने अब अक्टूबर में योजना के तहत भुगतान की जाने वाली प्रोत्साहन राशि को 1,000 रुपए से बढ़ाकर 1,250 रुपए करने की घोषणा की है। पिछले हफ्ते भोपाल में राज्य भर से आई महिलाओं की एक विशाल सभा को संबोधित करते हुए, चौहान ने कहा, सावन के पवित्र महीने में महिलाओं को 450 रुपए में रसोई गैस मिलेगी, उन्होंने कहा, अक्टूबर से, 1.25 करोड़ महिलाओं को 1,250 रुपए मिलेंगे (लाडली के तहत) बहना योजना) और राशि को धीरे–धीरे बढ़ाकर 3,000 रुपए प्रति माह किया जाएगा।*

■ मध्य प्रदेश पर 23,011 करोड़ रुपए की देनदारी
■ भाजपा को लाडली बहना योजना से उम्मीदें
■ कांग्रेस ने भी जनता को दी 'पांच गारंटियां

*कांग्रेस अपने पांच 'वचनों' (वादों) के साथ उन परीक्षित योजनाओं पर दांव लगा रही है, जिनका उसने वादा किया था और कर्नाटक और हिमाचल प्रदेश में सत्ता में आने के* ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

# दुर्गा मंदिर के सामने धनपुर में दबंगों का तालाब के पार बेजा कब्जा

## तहसीलदार व पटवारी के स्थल निरीक्षण कर काम रोकने के निर्देश के बाद भी चल रहा है अवैध निर्माण

**गौरेला पेंडा मरवाही**, 3 सितंबर (देशबन्धु)। गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले के पुरातात्विक ग्राम धनपुर में दुर्गा मंदिर के सामने तालाब के पार में मुख्य मार्ग के किनारे दबंगों द्वारा लगातार एक के बाद एक बेजा कब्जा किया जा रहा है। दुर्गा मंदिर के सामने जेसीबी चलाकर तालाब पार की अवैध ढंग से खुदाई करके तालाब पार में पक्का निर्माण कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है जबकि तहसीलदार मरवाही एवं पटवारी द्वारा स्थल निरीक्षण कर काम रोकने के निर्देश दिए जा चुके हैं।जब से पुरातात्विक एवं पौराणिक ग्राम धनपुर में शासन द्वारा गठित ट्रस्ट श्री आदि शक्ति मां दुर्गा देवी मंदिर धनपुर द्वारा मंदिर क्षेत्र का विकास कराया जा रहा है उससे जिले सहित छत्तीसगढ़ एवं मध्य प्रदेश के श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों की धनपुर में आवाजाही बढ़ी है इसके बाद से गांव के दबंगो की निगाह मंदिर क्षेत्र में स्थित सरकारी जमीनों पर गड़ी हुई है तथा एक के बाद एक श्री दुर्गा मंदिर के सामने तालाब के पार में लगातार बेजा कब्जा हो रहा है जिसके कारण वहां अशांति का वातावरण बना हुआ है।। श्री दुर्गा मंदिर के





सामने तालाब के पार में बीते शुक्रवार से दिनों से अवैध दुकानों का पक्का का निर्माण गाड़ी चल रहा है ।दबंगो ने पहले तालाब के पार पर जेसीबी चला कर खुदाई की गई है तथा शनिवार एवं रविवार छुट्टी के दिन का फायदा उठाते हुए युद्ध स्तर पर कम लगाया गया है। इसके लिए वहां पर भारी मात्रा में ईंट एवं रेत डंप किया गया है। अवैध कब्जा की शिकायत मिलने पर एसडीएम मरवाही द्वारा तहसीलदार को मौका निरीक्षण के लिए भेजा गया था जिस पर तहसीलदार एवं पटवारी द्वारा मौका निरीक्षण किया गया एवं पंचनामा बनाकर काम रोकने के निर्देश दिए गए थे परंतु उसके बावजूद भी उसके द्वारा यू बिस्तर पर कम लगाकर बेजा कब्जा किया जा रहा है। बताया जाता है कि कब्जा करने वाला शासकीय सेवक है तथा स्वास्थ्य विभाग में दूसरे जिले में पदस्थ है।एक ओर शासन प्रशासन धनपुर को पर्यटन की दृष्टि से बढ़ावा देने के लिए वहां पर तमाम तरह की योजनाएं बना रहा है तथा विकास कार्य कर रहा है वहीं दूसरी ओर वहां पर मंदिर ट्रस्ट की जमीन पर कुछ लोगों द्वारा अवैध रूप से बेजा कब्जा किया जा रहा है।

### सौंदर्यीकरण करण के लिए राशि है स्वीकृत

उल्लेखनीय है कि पौराणिक ग्राम धनपुर को पर्यटन के नक्शे में लाने के लिए जिला प्रशासन अनेक तरह की योजनाएं बनाकर धनपुर का विकास कर रहा है जिसके तहत वहां मंदिर के सामने पुरातात्विक संरक्षण भवन बनाया गया है इसके अलावा जिस तालाब के पार पर लगातार बेजा कब्जा हो रहा है ,वहां शासन द्वारा तालाब के सौंदर्य करण के लिए 50 लख रुपए स्वीकृत किया गया था जिसमें तालाब पार का सौंदर्यीकरण किया जाना शेष है। जहां पर लगातार बेजा कब्जा हो रहा है वहां मंदिर के सामने अन्य मंदिरों के समूह है तथा वहीं पर मेला भरता है इस तरह से अवैध कब्जा हो जाने से वहां पर पहले ही अव्यवस्था होने के कारण दुर्घटनाएं होती रही है ,परंतु इसके बावजूद भी लोग निजी स्वार्थवश सरकारी जमीन पर सड़क के किनारे तालाब के पार पर लगातार अवैध कब्जा करते जा रहे हैं, जिसे रोका जाना अत्यंत जरूरी है ग्रामीणों ने मांग की है कि प्रशासन इस मामले में कठोर कार्यवाही करते हुए जेसीबी को जप्त करते हुए भेजो कब्जा करने वाले सरकारी कर्मचारी पर कठोर कार्यवाही करें।

# राहुल गांधी से मिले शिवबालक



**तखतपुर।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी से राजीव युवा मितान क्लब के कार्यक्रम में जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष शिवबालक कौशिक ने मुलाकात किया और क्षेत्र की राजनीतिक घटना क्रम से अवगत कराया।

रायपुर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान जब राहुल गांधी से शिवबालक कौशिक की मुलाकात हुई तब राहुल गांधी ने उन्हें कांग्रेस की जीत के संबंध में चर्चा की तब शिवबालक ने कहा कि पूरे प्रदेश में कांग्रेस की लहर है जनता को कांग्रेस पर इसलिए भरोसा है कि कांग्रेस केवल कहती भर नही है बल्कि उसे पूरा भी करती है और यहीं विश्वास जनता कांग्रेस के ऊपर करते हुए आगामी चुनाव में फिर से प्रदेश की सत्ता को कांग्रेस की हाथों में देने वाली है। इसके लिए सभी कार्यकर्ता पदाधिकारी अभी से जुट गए है वे बूथ से लेकर के हर व्यक्ति तक कांग्रेस सरकार की योजनाओं और नीतियों को लेकर पहुंच रही है और जनता भी प्रदेश के विकास के लिए कांग्रेस को ही चुन रही है।

# खेत मे अज्ञात युवक की मिली लाश



**तखतपुर।** बीजा के खेत में एक युवक की सड़ी गली लाश मिली है। लाश दो से तीन दिन पुरानी लग रही है। प्रथम दृष्टया मामला हत्या कर लाश फेंके जाने का लग रहा है।लाश 25 से 30 वर्ष के युवक की लग रही है।हालाकि लाश की शिनाख्त नहीं हो पाई है।

पुलिस ने पंचनामा कार्यवाही कर लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और तफ्तीश जुट गई है।आज सुबह लगभग नौ से साढ़े नौ बजे के बीच खेत जाने वाले किसानों ने बीजा और बेलगहना के बीच खेत में एक युवक की औंधे मुंह पड़ी हुई लाश देखी।लोगो ने इसकी सूचना बीजा सरपंच को दी।सरपंच ने तत्काल तखतपुर थाने को सूचित किया। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने युवक को लाश को उठवाया।लाश खेत में औंधे मुंह पड़ा हुआ था।

लाश की तलाशी में मोबाइल मिला है ।जो फिलहाल पानी में डूबे होने की वजह से बंद है। लाश की तलाशी में पहचान के लिए कोई भी कागज या सामान नहीं मिला है। इसके चलते लाश की शिनाख्त नहीं हो पाई है।लाश से उठ रही दुर्गंध से अनुमान लगाया जा रहा है कि लाश दो से तीन दिन पुरानी है।युवक के शरीर पर बाहरी चोट के निशान दिखाई नही दे रहा है।पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की तफ्तीश में जुट गई है।

## शिक्षक सम्मान समारोह आज

तखतपुर। विधानसभा स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन तखतपुर नगर के नया मंडी प्रांगण में 4 सितंबर को प्रात: 11 बजे से किया गया है जिसमें सेवानिवृत शिक्षकों के साथ-साथ सभी शिक्षकों का सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन विधायक डॉक्टर श्रीमती रश्मि सिंह के द्वारा किया गया है।

# सड़क दुर्घटना में रायपुर के व्यवसायी पंकज अनल की मौके पर मौत

## बेटा अतुल अनल सहित दो अन्य गंभीर रूप से घायल

**गौरेला पेंड्रा मरवाही**, 3 सितंबर (देशबन्धु)। पेंड्रा गौरेला मुख्य मार्ग पर आज सुबह ट्रेलर (हाईवा )की चपेट में स्विफ्ट कार मैं सवार रायपुर निवासी पंकज अनल की मौके पर मौत हो गई ,जबकि बेटा अतुल अनल सहित तीन अन्य को गंभीर चोटे आई हैं, सभी गंभीर रूप से घायल को इलाज के लिए बिलासपुर रेफर किया गया है घटना के बाद टेलर वाहन का चालक मौके से फरार हो गया है।

जिले में लगातार सड़कों पर बेखौफ रफ्तार का कहर जारी है, जिसके कारण लगातार दुर्घटनाएं हो रही हैं जिला बनने के बाद वाहनों की आवाजाही बड़ी है तो बाईपास सड़क नहीं होने का खामियाजा छोटे



वाहन चालकों को अपनी जान देकर चुकाना पड़ रहा है, जानकारी के अनुसार रायपुर निवासी व्यापारी 45 वर्षीय पंकज एनल अपने परिवार के सदस्यों के साथ मध्य प्रदेश के अनूपपुर किसी कार्यक्रम में गए हुए थे ,वापसी के दौरान पेंड्रा होते हुए गौरेला के किसी होटल में रुकना था इसके पहले भी हादसे का शिकार हो गए, प्रत्यक्षदर्शी के अनुसार टेलर काफी तेज गति से विपरीत दिशा से आ रहा था, जिसने स्विफ्ट कार को ठोकर मार दी, जिससे मौके पर ही व्यापारी पंकज अनल की मौत हो गई एवं उसके बेटे 21वर्षीय अतुल अनल, सहित कार में सवार आयुष अग्रवाल (24) अनुराग अग्रवाल (22)को गंभीर चोटे आई है जिन्हें इलाज के लिए बिलासपुर रेफर कर दिया गया है, घटना की सूचना के बाद दोपहर बाद मृतक पंकज अनल के परिजन पुलिस ने पोस्टमार्टम कार्रवाई करने के बाद मृतक के शव को परिजनों को सौंप दिया।

# पौधारोपण एक पुनीत कार्य-रश्मि



**तखतपुर।** नर्मदाधाम बेलपान में वृक्ष गंगा अभियान के तत्वाधान में वृक्षारोपण कार्यक्रम में तखतपुर विधायक डॉ. रश्मि आशिष सिंह के आतिथ्य में किया गया। मंदिर परिसर पर 24 बेल के पौधे रोपे गये। श्रीमती रश्मि सिंह ने कहा कि बेलपान धाम में बेल पौधे का रोपण एक पुनित कार्य है यह एक दैविय के साथ साथ औषधी पौधा भी है हम सभी ऐसे ही पौधे का रोपण कर उसका संरक्षण एवं संवर्धन करें जिससे प्रकृति प्रदूषण का मुक्त हो सकेगी। यह कार्य प्रत्येक सहजीवन-सहअस्तिव का संदेश देती अपनी सनातन संस्कृति के जीवनदायक मूल्यों से हमारे जुड़ाव को बढ़ाने का एक महा-अनुष्ठान भी है। पर्यावरण संरक्षण व पारिस्थितिकी संतुलन को सुनिश्चित करते इस ईश्वरीय कार्य में आप सभी की सहभागिता अत्यंत आवश्यक है। सभी से अपील है कि आज कम से कम एक पौधा अवश्य लगाएं और इस लोक-कल्याणकारी मुहिम को सफल बनाने की अपील की। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुनील शुक्ल, कृषि उपज मंडी अध्यक्ष गरीबा यादव,जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि जुगल कौशिक ,सुरेश सिंह, हेमन्त कश्यप, नारायण पाली,स्वारथ मरावी, सुरेंद्र जायसवाल,भंवर सिंह उपस्थित रहे।

### प्रथम पृष्ठ का शेष....

#### प्रदेश के महान साहित्यकारों के ...

बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के सहायक शिक्षक एल.बी. विनोद कुमार डड़सेना और प्रधान पाठक श्रीमती आशा साहू, जांजगीर चांपा जिले के सहायक शिक्षक एल.बी. राजेश कुमार सूर्यवंशी और व्याख्याता एल.बी. अनुराग तिवारी, रायगढ़ जिले के व्याख्याता एल.बी. भोजराम पटेल और सहायक शिक्षक एल.बी. संतोष कुमार पटेल, बिलासपुर जिले के व्याख्याता एल.बी. सुशील कुमार पटेल और सहायक शिक्षक एल.बी. रामधन पटेल, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही जिले की सहायक शिक्षक एल.बी. श्रीमती अदिति शर्मा और सहायक शिक्षक एल.बी. भीष्म प्रसाद त्रिपाठी, कोरबा जिले के सहायक शिक्षक एल.बी. गोकुल प्रसाद मार्बल और शिक्षक मुकुन्द केशव उपाध्याय, जिला सक्ती के सहायक शिक्षक एल.बी. पुष्पेन्द्र कुमार कौशिक और सहायक शिक्षक एल.बी. श्रीमती मीरा देवांगन, कोरिया जिले के सहायक शिक्षक एल.बी. रूद्र प्रताप सिंह राणा और व्याख्याता प्रभारी प्राचार्य डॉ. विनोद पाण्डेय, सूरजपुर जिले की व्याख्याता श्रीमती निशा सिंह और सहायक शिक्षक एल.बी. दिनेश कुमार साहू, सरगुजा जिले की व्याख्याता श्रीमती अनामिका चक्रवर्ती और व्याख्याता एल.बी. अंचल कुमार सिन्हा, बलरामपुर जिले के व्याख्याता प्रभारी प्राचार्य बाबूलाल लहरे और सहायक शिक्षक एल.बी. रमेश कुमार साकेत का नाम शामिल है।

#### कर्ज के बोझ तले ...

बाद उसे लागू किया था। मध्य प्रदेश पर वर्तमान में 23,011 करोड़ रुपये की पेंशन देनदारी है, जो एक शोध रिपोर्ट के अनुसार 2030-31 तक 69,062 करोड़ रुपए तक पहुंचने की उम्मीद है।

भाजपा सरकार द्वारा महिलाओं को 1,000 रुपये देने की घोषणा पर प्रतिक्रिया देते हुए, कमल नाथ ने कहा, मुझे खुशी है कि कांग्रेस द्वारा ऐसा करने के लिए मजबूर करने के बाद भाजपा ने महिलाओं को नकद प्रोत्साहन देना शुरू कर दिया है। लेकिन, वे यह सब क्यों करते हैं, ये बातें तब होती हैं जब चुनाव नजदीक आते हैं? ये योजनाएं पिछले 18 वर्षों में लाग क्यों नहीं की गईं? व्यावसायिक विशेषज्ञों ने विभिन्न रिपोर्टों का हवाला देते हुए रेखांकित किया कि वेतन, पेंशन और ब्याज के भुगतान सहित रा%य का प्रतिबद्ध व्यय, 2016-17 और 2021-22 के दौरान राजस्व प्राप्तियों के 32 प्रतिशत से बढ़कर 42 प्रतिशत हो गया।

# महिला से जातिगत गाली गलौच के आरोप में एसपी से शिकायत



## मामला खरसिया थाना क्षेत्र का, कार्रवाई के बाद भी कार्रवाई सिफर

**रायगढ़** 03 सितंबर (देशबन्धु)। रायगढ़ जिले के खरसिया विधानसभा में स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स में कार्यरत महिलाओं के साथ कुछ युवकों के द्वारा जातिगत गाली गलौज व मारपीट करने का मामला सामने आया है। पीड़िता के द्वारा खरसिया थाने में मामले की शिकायत करने के बावजूद कोई कार्रवाई नही होनें की स्थिति में उन्होंने मामले की शिकायत पुलिस अधीक्षक से करते हुए कार्रवाई की मांग की इसके बावजूद उन्हें अभी तक इंसाफ नही मिल सका है।

पुलिस अधीक्षक के नाम सौंपे गए ज्ञापन में पीड़िता ने कहा है कि वह खरसिया क्षेत्र के ग्राम बोतल्दा की निवासी है और वह वर्ममान में खरसिया के स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स में प्लेसमेंट कर्मचारी के रूप में कार्यरत है। जहां उसके द्वारा व्यायाम की देखरेख व फीस काटने का कार्य करती है। 29 अगस्त की सुबह सवा 7 बजे अपने साथी तुषार चैहान के साथ ड्यूटी पर थी इसी दरम्यान खरसिया क्षेत्र के दो युवक सौरभ तिवारी व अमन शर्मा व्यायाम करने के बाद बाहर निकले। तब तुषार के द्वारा उन्हें नगर पालिका परिषद के द्वारा निर्धारित शुल्क 20 रूपये देने की मांग की गई तो वे लोग बहस करने पर उतारू हो गए। जिसके बाद तुषार और मंजू सारथी उन युवकों से नियमों का हवाला देकर पैसे की मांग की गई तो दोनों युवक जातिगत गाली गलौज पर उतर आये और अपशब्द कहते हुए मारपीट कर मौके से भाग गए।

युवकों के मारपीट से आहत दोनों जब खरसिया चैकी पहुंचकर दोनों युवकों के खिलाफ शिकायत दर्ज करने गए तो चैकी प्रभारी के द्वारा उनकी बातों को अनदेखा कर दिया गया। साथ ही साथ चैकी प्रभारी के द्वारा आवेदन पत्र को तो स्वीकार कर लिया गया परंतु उन्हें पावती देने से साफ मना कर दिया गया। इसके अलावा एफआईआर दर्ज करने से भी मना कर दिया गया। इसके दोनों दोनों पीड़ितों को कई घंटों तक चैकी में बिठाये रखा गया।

खरसिया चैकी में भी पीड़ितों को न्याय नही मिलने से उन्होंने इस मामले की शिकायत पुलिस अधीक्षक की है। इसके बावजूद अब तक उन्हें न्याय नही मिल सका है। पीड़ितों का कहना है कि चैकी प्रभारी से लेकर पुलिस अधीक्षक से शिकायत करने के बावजूद अब तक आरोपियों के खिलाफ किसी भी तरह की कोई कार्रवाई नही की गई है। जिससे आने वाले दिनों में उग्र आंदोलन करने की फिराक में है।

# सिंधी समाज ने ट्रीजड़ी पर्व धूमधाम से मनाया

**तखतपुर।** सिंधी समाज का ट्रीजड़ी पर्व भाद्र माह के कृष्ण पक्ष की तृतीया को मनाया जाता है। शनिवार को ट्रीजड़ी पर्व धूमधाम से मनाया गया ।समाज की महिलाओ ने उपवास रख और चंद्रमा को देखकर व्रत खोला । व्रत रखने वाली महिलाओं ने शुक्रवार रात को अपने हाथों में मेहंदी लगवाई।सूर्योदय से पहले सुबह चार बजे उठकर महिलाएं अ सुर हल्का नाश्ता किया। उसके बाद रात में चांद देखकर अर्ध्य देकर व्रत पूरा किया। दोपहर की बेला में झूलेलाल मंदिर में ट्रीजड़ी माता सप्त अनाज के अंकुरित भोजली को झूला झूलाया ।शाम को मंदिर में ही ट्रीजड़ी माता की



कथा सुनकर दीप जलाया। करवा चौथ की तरह सिंधी समाज में ट्रीजड़ी व्रत रखा जाता है। पति की लंबी आयु की कामना के लिए महिलाएं निर्जला व्रत रखती हैं। श्रीमती साक्षी ने बताया कि जिस लड़की की शादी तय हो जाती है उसे भी इस व्रत को रखना होता है।शाम झूलेलाल मंदिर में समाज की वरिष्ठ सदस्य श्रीमती सरस्वती तोलानी ने सभी उपवास रत को ट्रीजड़ी व्रत की कथा सुनाकर पर्व के महत्व को बताया। पति की दीर्घायु स्वास्थ्य की कामना के लिए रखे व्रत को पूरा करने महिलाओं ने श्रृंगार कर चंद्र अर्द्ध प्रसाद ग्रहण कर व्रत पूरा किया।

आशा सचदेव सुमन कुकरेजा जया तोलानी उषा मंगलानी रश्मि दिव्या अनिका , सोनम भारती सरला माही तोलानी सरला कारड़ा हेमा, पदमा टेकवानी, सुमन कुकरेजा ,मंजू मनछानी,, कविता सचदेव, कविता मंदानी,साक्षी तोलानी, साधना गागवानी, संगीता तोलानी, सहित समाज की महिलाएं उपस्थित रही।

# स्कूली बच्चों को किया जा रहा है डेंगू के प्रति जागरूक

**रायगढ़** 03 सितंबर (देशबन्धु)। निगम प्रशासन द्वारा डेंगू से बचाव एवं नियंत्रण के लिए स्कूलों में जाकर छात्रों को जागरूक किया जा रहा है। हर रोज स्कूलों में जाकर छात्रों को डेंगू से बचने के लिए बरतने वाली सावधानी की जानकारियां दी जाती है।

निगम कमिश्नर सुनील कुमार चंद्रवंशी के निर्देश पर डेंगू नियंत्रण और बचाव के लिए लगातार कार्य किया जा रहे हैं। इसी कड़ी में अब निगम की स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा शहर के स्कूलों में जाकर छात्रों को डेंगू के प्रति जागरुक किया जा रहा है। शनिवार को राजीव नगर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में जाकर छात्रों को डेंगू से बचाव नियंत्रण और लक्षण की जानकारी दी गई। इसी तरह शुक्रवार को केवड़ाबाड़ी बस स्टैंड स्थित शासकीय स्कूल में छात्रों को डेंगू फैलने संबंधित बातों और सावधानियां की जानकारी दी गई। इस दौरान छात्रों को घरों में साफ पानी के जमाव नहीं रखने, गमले, कुलर, फ्लावर पॉट, फ्रिज के पीछे, टायर अन्य जगह पर जमे पानी की नियमित सफाई करने, मच्छरदानी में ही सोने और फुल आस्तीन का कपड़ा पहनने की जानकारी दी जा रही है। इस दौरान स्कूल के विद्यार्थियों से अपने परिवार जनों को भी डेंगू के प्रति जागरूक करने की अपील भी की गई। सभी स्कूल के विद्यार्थी अपने और अपने घरों में जाकर डेंगू नियंत्रण और बचाव के सारे उपाय करने स्व घोषणा कर रहे हैं। इस दौरान स्कूली विद्यार्थियों को डेंगू के लक्षण की भी जानकारियां दी जा रही है एवं तेज बुखार या लक्षण होने पर स्वास्थ्य विभाग की मितानिन से संपर्क करने और त्वरित रूप में डेंगू किट से जांच कराने की बात भी कही गई।

**न्यायालय नजूल अधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र./ अ-20 (2)/ 2022-23

पक्षकार :- श्रीमति निर्मला सामनानी पति श्री पुरन सामनानी............ आवेदिका

विरूध्द

छत्तीसगढ़ शासन............ अनावेदक

एतद् व्दारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमति निर्मला सामनानी पति पुरन सामनानी निवासी बिलासपुर (छ.ग.) के व्दारा नगर पालिक निगम बिलासपुर के मोहल्ला जरहाभाठा स्थित शीट 46 प्लाट नंबर 107 कुल रकबा 120 वर्गफीट में से रकबा 120 वर्गफीट भूमि नजूल अभिलेख में खुला नजूल के रूप में दर्ज है। उक्त भूमि पर आवेदक 27 वर्ष से काबिज होने के आधार पर उक्त भूमि की मांग हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अत: इस संबंध में किसी भी व्यक्ति/ संस्था को आपत्ति हो तो वे दिनांक 13/9/2023 को न्यायालयीन समय/ दिवसों में स्वत:/ अधविक्ता/ अपने विधि मान्य प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। उक्त तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति विचारणीय नहीं होगा।

आज दिनांक 24.08.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

सील

नजूल अधिकारी
बिलासपुर (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार कोरबा, जिला -कोरबा (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र.202308050100110
रा.प्र.क्र.-/अ-6 अ/2022-23
ग्राम-रामपुर प.ह.नं.17

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मेसर्स मंगलम बिल्डवैल प्रा.लि. भागीदार श्रेष्ठ सिंह ठाकुर निवासी कोरबा तहसील व जिला कोरबा द्वारा ग्राम रामपुर प.ह.नं.17 रा.नि.मं. कोरबा-1 में भागीदार धर्मवीर ढिल्लो, लविन्दर सिंह, श्रेष्ठ सिंह ठाकुर के नाम पर कुल ख.नं.08 है। लविन्दर सिंह की मृत्यु उपरांत उनके वारिसान के नाम पर फौती दर्ज करते समय पटवारी व्दारा त्रुटिवश मंगलम बिल्डवैल प्रा.लि. का बी-1, खसरा में नाम विलोपित हो गया है, त्रुटिवश केवल भागीदार का नाम दर्ज हो गया है, जिसे सुधार करके मेसर्स मंगलम बिल्डवैल प्रा.लि. का नाम दर्ज करने हेतु छ.ग.भू.रा.संहिता की धारा 115 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत करने पर प्रकरण न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कोरबा से जांच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

उक्त संबंध में किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपना दावा/ आपत्ति इस न्यायालय में नियत तिथि दिनांक 13/09/2023 तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 28.08.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुद्रा से जारी।

सील

तहसीलदार
कोरबा (छ.ग.)

# देश

उवाच

"एक राष्ट्र एक चुनाव बहुदलीय संसदीय लोकतंत्र और संघवाद के लिए एक आपदा होगा। यह स्पष्ट है कि यह पैनल सिर्फ एक औपचारिकता है और सरकार पहले ही इस पर आगे बढ़ने का फैसला कर चुकी है।

–असदुद्दीन ओवैसी,एआईएमआईएम अध्यक्ष



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 36° | 28° |
| मुंबई | 28° | 27° |
| कोलकाता | 32° | 27° |
| चेन्नई | 28° | 27° |

# अवसरवादियों से हिसाब लेगी जनता

**भोपाल,**3 सितम्बर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश भाजपा की जन आशीर्वाद यात्रा पर कांग्रेस नेता और एमपी चुनाव

- **मप्र में भाजपा की जन आशीर्वाद यात्रा पर कांग्रेस ने बोला हमला**
- **जन आशीर्वाद यात्रा को बताया जन धोखा व धन लूट की अवसरवाद यात्रा**

प्रभारी रणदीप सुरजेवाला ने बड़ा हमला बोला है। सुरजेवाला ने जन आशीर्वाद यात्रा को जन धोखा और धन लूट की अवसरवाद यात्रा बताया। राज्यसभा सांसद और कांग्रेस चुनाव प्रभारी रणदीप सुरजेवाला ने भोपाल में मीडिया से बातचीत में जन आशीर्वाद यात्रा को लेकर कहा कि शिवराज सिंह चौहान वोट नहीं माफी मांगो। वहीं, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा पर निशाना साधते हुए कहा कि नड्डा आप जवाब दीजिए 18 सालों में मध्य प्रदेश को क्यों बर्बाद किया। उन्होंने सवाल करते हुए कहा कि जनता धोखेबाजों से हिसाब क्यों ना ले। जनता अवसरवादियों को क्यों आशीर्वाद दें।

**नड्डा का आना भाजपा जाने का शुभ संकेत**

जेपी नड्डा के दौरे पर सुरजेवाला ने कहा कि जेपी नड्डा को अपने गृह प्रांत में उन्हें उनके लोगों ने ही धूल चटवाई है कांग्रेस की सरकार बनवाई है। जेप नड्डा का आना भाजपा के जाने का शुभ



**भ्रष्टाचार व अत्याचार है तब भी भाजपा को माफी नहीं वोट की दरकार है : रणदीप सुरजेवाला**

संकेत है। सुरजेवाला ने कहा कि किसानों की आमदनी को करने के लिए जन आशीर्वाद, किसान आज सड़कों पर प्रदर्शन कर रहे हैं। 20 हजार 489 किसानों की आत्महत्या के लिए आपको आशीर्वाद दें।

4 लाख 22 हजार करोड़ के कर्ज में प्रदेश को दवा देने के लिए आपका आशीर्वाद दें। क्या 50 प्रतिशत की सरकार चलाने के लिए आशीर्वाद दें। 58000 बहन बेटियों बहुओं के साथ बलात्कार करने के लिए आशीर्वाद दें। क्या 67 हजार बच्चियों के अपहरण के लिए आशीर्वाद दें। व्यापम से लेकर पटवारी तक भर्ती परीक्षाओं में 75 लाख नौजवान के भविष्य को बर्बाद करने के लिए आशीर्वाद दें। क्या महाकाल लोक में हुए भ्रष्टाचार के लिए आशीर्वाद दें। आदिवासी लोगों पर अत्याचार और पेशाब करने के लिए क्या आशीर्वाद दें। 3 लाख से ज्यादा आदिवासी भाइयों के पट्टे खारिज करने के लिए आपको आशीर्वाद दें। दलित अत्याचार में प्रदेश को देश में नंबर वन बनाने के लिए आशीर्वाद दें। 29000 से ज्यादा सरकारी स्कूल बंद करवाने के लिए आपको आशीर्वाद दें या लाखों बच्चों को स्कूल से निकाल देने के लिए आशीर्वाद दें। सूरजेवाला ने कहा कि अल्प वर्षा के चलते किसानों की फसलें खराब हो रही हैं बिजली के लिए हाहाकार मचा है। भ्रष्टाचार और अत्याचार है तब भी बीजेपी को माफी नहीं वोट की दरकार है। आपकी पाप की राजनीति का घड़ा भर गया है आप झोला उठाइए और जाइए क्योंकि अब मध्य प्रदेश में कांग्रेस की सरकार आ रही है।

सिंधिया समर्थकों के कांग्रेस में शामिल होने पर सुरजेवाला ने कहा कि क्या यह नहीं दर्शा रहा है कि भाजपा बिखर रही है मध्य प्रदेश में भाजपा टूट रही है। शिवराज सिंह चौहान पैनिक मोड में हैं। इसलिए आनन फानन में प्रदेश की संपत्ति कर्ज में रखकर कुछ भी घोषणा करते जा रहे हैं। उन्हें भी मालूम है कि 2 महीने से ज्यादा वह चला नहीं सकते हैं।

## भाजपा को आशीर्वाद में नहीं मिलेगा जनता का वोट : कमलनाथ



**भोपाल।** मध्य प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी जन आशीर्वाद यात्रा निकाल रही है। इस पर तंज कसते हुए कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ ने कहा है कि भाजपा कुछ भी कर ले, उसे जनता का वोट रूपी आशीर्वाद हासिल नहीं होगा। जन आशीर्वाद यात्रा को लेकर कमलनाथ ने कहा है, आज भाजपा को 'जन आशीर्वाद यात्रा' करके जनता तक जाने की जरूरत इसलिए पड़ रही है क्योंकि उनके काम जनता तक नहीं पहुंचे। अगर भाजपा जनता के बीच 'क्षमाप्रार्थी' बनकर जाएगी तो आशा है मध्य प्रदेश की बड़े दिलवाली जनता औपचारिकतावश उनकी यात्रा को पानी तो पिला दे, लेकिन भाजपा को वोट रूपी आशीर्वाद जनता फिर भी नहीं देगी। कमलनाथ ने आगे कहा मप्र को पिछले 2 सालों में पीछे धकेलने के बाद क्या अब भाजपा का अपराध बोध जागा है जो जनता के बीच जा रही है। दो दशकों में तो मप्र इतना शक्तिशाली हो जाना चाहिए था कि जनता को लुभाने के लिए झूठी घोषणा-पर-घोषणा नहीं करनी पड़ती। कमलनाथ ने कहा है कि मप्र में भाजपा दो रिकार्ड बनाने जा रही है उनमें एक है सबसे ज्यादा झूठी घोषणाओं का और दूसरा है सबसे ज्यादा वोटों से हारने का।



## अरुणाचल विधानसभा का सत्र आज से

**ईटानगर,** 3 सितम्बर (एजेंसियां)। अरुणाचल प्रदेश विधानसभा का सत्र चार दिवसीय बैठक के लिए सोमवार को यहां विधानसभा कक्ष में शुरू होगा। सदन में अन्य कामकाज के अलावा, राज्य सरकार द्वारा तीन महत्वपूर्ण विधेयक और एक विपक्षी विधायक द्वारा एक निजी विधेयक पेश किया जाएगा। सत्र की शुरुआत अरुणाचल प्रदेश के पूर्व मंत्रियों करदु ताइपोदिया, नीलम ताराम और चाउ तेवा मीन के सम्मान में श्रद्धांजलि के साथ होगी, जिनका हाल ही में निधन हो गया। नगर नियोजन मंत्री कामलुंग मोसांग अरुणाचल प्रदेश हवाई अड्डा क्षेत्र, योजना और विकास प्राधिकरण विधेयक, 2023 लाएंगे। इस विधेयक का उद्देश्य एक विवाह को बढ़ावा देना, पारिवारिक मूल्यों को मजबूत करना और राजनीतिक क्षेत्र में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करना भी है। पासीघाट पश्चिम के विधायक ने कहा कि एक पति या पत्नी वाले व्यक्तियों के लिए पात्रता को सीमित करके हमारा लक्ष्य एकल वैवाहिक रिश्ते के प्रति अखंडता और प्रतिबद्धता के सिद्धांतों को बनाए रखना है।

## एनआईए ने तीन दशक से फरार दो और आतंकी पकड़े

**जम्मू,**3 सितम्बर (एजेंसियां)। तीन दशक से फरार दो और आतंकियों को एसआईए ने गिरफ्तार किया है। दोनों ने पाकिस्तान में हथियारों की ट्रेनिंग ली थी। नब्बे के दशक में डोडा में आतंकवाद में दोनों की सक्रिय भागीदारी रही है। पिछले तीन दिन में डोडा में 10 भगोड़े आतंकियों को गिरफ्तार करने में सफलता हाथ लगी है। पकड़े गए भगोड़े आतंकियों में से ज्यादातर डोडा के रहने वाले हैं। इस बीच डीजीपी दिलबाग सिंह ने दावा किया है कि जम्मू कश्मीर में आतंकी घटनाओं में जबर्दस्त कमी आई है। हम बचे हुए आतंकवाद को खत्म करने के लिए काम कर रहे हैं।

- **दोनों ने पाक में ली थी हथियारों की ट्रेनिंग**

पकड़े गए दोनों आतंकियों की शिनाख्त घाट गांव निवासी फिरदौस अहमद वानी व भारत गांव के खुर्शीद अहमद मलिक के रूप में हुई है। एसआईए की ओर से जम्मू कश्मीर को आतंकवाद मुक्त बनाने की दिशा में भगोड़े आतंकियों को चिह्नित करने तथा उन्हें गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश करने का विशेष अभियान चलाया गया है ताकि उनके खिलाफ कार्रवाई की जा सके। एसआईए ने आतंकवाद की 327 घटनाओं में शामिल रहे 734 भगोड़े आतंकियों



की जानकारी हासिल की है। इनमें 417 कश्मीर और 317 जम्मू के हैं। अब तक इनमें से 369 आतंकियों की शिनाख्त की जा चुकी है। इनमें 215 जम्मू व 154 कश्मीर के हैं। जिन आतंकियों की शिनाख्त हुई है उनमें 80 की मौत हो चुकी है। 45 आतंकी पाक तथा पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू कश्मीर में रह रहे हैं। चार जेल की सलाखों के पीछे हैं। इसी वर्ष राजोरी के ढांगरी में हुए हिंदुओं के नरसंहार मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने हमले के दो मास्टरमाइंड हाजी निसार अहमद उर्फ निसार अली और मुश्ताक हुसैन को गिरफ्तार किया है। दोनों पुंछ जिले के मेंढर के रहने वाले हैं। दोनों ने अपने घर से 2 किमी दूर जंगल में नरसंहार को अंजाम देने वाले आतंकियों के लिए आतंकी ठिकाना बनाया हुआ था। दोनों आतंकी संगठन लश्कर ए ताइबा के लिए काम करते हैं। आतंकियों को हथियार, पैसा, खाने-पीने का सामान और अन्य चीज इन्हीं दोनों ने मुहैया करवाई थी।

## सार संक्षेप

### केदारनाथ मंदिर के पीछे हुआ हिमस्खलन

**रुद्रप्रयाग/देहरादून।** उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जनपद के अंतर्गत, स्थित विश्व विख्यात भगवान शंकर के ग्यारहवें ज्योतिर्लिंग केदारनाथ धाम के ठीक पीछे रविवार सुबह हिम स्खलन हो गया व बर्फीला तूफान चला। समाचार लिखे जाने तक किसी प्रकार की अप्रिय घटना की सूचना नहीं है। जिला आपदा प्रबंधन केंद्र प्रभारी नंदराम रजवार ने बताया कि रविवार प्रातः 7ः बजे केदारनाथ मंदिर के पीछे लगभग तीन से चार किमी की दूरी पर सरस्वती नदी के उदगम स्थल की ओर एवलांच फॉल की सूचना प्राप्त हुई। किसी भी प्रकार की क्षति की सूचना प्राप्त नहीं हुई है और न हीं सरस्वती नदी के जलस्तर में बदलाव आया है। सभी टीमों को अलर्ट मोड पर रख दिया गया है।

### ओडिशा में बिजली गिरने से दस लोगों की मौत

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के छह जिलों में बिजली गिरने से कम से कम दस लोगों की मौत हो गई और तीन लोग झुलस गए। विशेष राहत आयुक्त कार्यालय कार्यालय के सूत्रों ने यह जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि खुर्दा में चार लोगों की मौत हो गई। वहीं, बलांगीर में दो, अंगुल, बौध, जगतसिंहपुर और ढेंकनाल जिले में क्रमश- एक-एक की मौत हुयी है। इन जिलों में शनिवार को दो घंटे से अधिक समय तक भारी बारिश हुई और बिजली गिरी। हादसों में तीन लोग झुलस गए जिन्हें खुर्दा जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### चोरी के शक में युवकों को उल्टा लटका कर पीटा

**हैदराबाद।** तेलंगाना के मनचेरियल जिले से एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। चोरी के संदेह में एक दलित सहित दो युवकों को उल्टा लटका कर पीटा गया। हैदराबाद से तीन सौ किमी दूर मनचेरियल जिले के मंदामरि में हुई। पीड़ितों को न सिर्फ उल्टा बांधा गया बल्कि उनके नीचे आग भी जलाई गई और दोनों की पिटाई की गई। प्रताड़ना का वीडियो रविवार को सोशल मीडिया पर सामने आया। भेड़ फार्म में काम कर रहे तेजा और उसके दलित दोस्त किरण को मालिक और उसके परिवार के सदस्यों ने पकड़ लिया और शेड में उल्टा बांध दिया।

### एसटीएफ ने 41.16 लाख मूल्य के नकली नोट किए जब्त

**भुवनेश्वर।** ओडिशा स्पेशल टास्क फोर्स ने सोनपुर जिले से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है और उसके कब्जे से 41.16 लाख रुपए से अधिक के नकली भारतीय मुद्रा नोट जब्त किए हैं। एसटीएफ सूत्रों ने कहा कि एफआईसीएन की छपाई और प्रसार करने वाले एक संगठित गिरोह के खिलाफ एक अभियान के तहत एक सितम्बर को उलुंडा, सोनपुर के पास छापेमारी की गई थी।

## केरल में ओणम का सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ समापन

**तिरुवनंतपुरम,** 3 सितम्बर (एजेंसियां) केरल में पर्यटन विभाग की ओर से आयोजित ओणम समारोह शनिवार की शाम यहां रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ संपन्न हो गया। राज्य के पर्यटन मंत्री पीए मोहम्मद रियास ने समापन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार ऐतिहासिक कनककुन्नु पैलेस के विकास के लिए छह करोड़ रुपए लागत वाली परियोजना शुरू करेगी। इस परियोजना में कनककुन्नु में एक संग्रहालय और एक सभागार की स्थापना की जाएगी। समारोह में स्वास्थ्य एवं महिला एवं बाल विकास मंत्री वीना जॉर्ज, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री आर अनिल, परिवहन मंत्री एंटनी राजू तथा अन्य गणमान्य हस्तियां मौजूद रही। ओणम समारोह के हिस्से के रूप में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को समापन समारोह में पुरस्कार दिए गए। इससे पहले राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने सांस्कृतिक प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में देश एवं राज्य की विविध कलात्मक और सांस्कृतिक विरासत की जीवंत झलकियां पेश की गईं। प्रतियोगिता में लगभग 3,000 कलाकारों ने भाग लिया। मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने गत 27 अगस्त को समारोह का उद्घाटन किया था।



## गैस सिलेंडर के दाम में की गई कटौती चुनावी स्टंट : कांग्रेस

**रांची,** 3 सितम्बर (एजेंसियां)। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार अमीरों को और अमीर एवं गरीबों

- **पिछले साढ़े नौ वर्षों में ईंधन में टैक्स से सरकार ने की 30 लाख करोड़ की मुनाफाखोरी**

को और गरीब बना रही है। ठाकुर ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने एलपीजी सिलेंडर सहित सभी आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में अत्यधिक वृद्धि के कारण आमजनों की पीड़ा की कभी परवाह नहीं की लेकिन वर्षों बाद चुनाव के नजदीक आने पर उन्हें जनता की दर्द का अहसास हुआ और रसोई गैस सिलेंडर की कीमत 200 रुपए कम कर दी। एलपीजी सिलेंडर की कीमत में 200 रुपए की कटौती मोदी सरकार द्वारा आगामी दिनों में 5 राज्यों में होने वाले चुनाव तथा उसके बाद लोकसभा चुनाव में मतदाताओं को लुभाने का एक राजनीतिक स्टंट है। गैस सिलेंडर अब भी 960 रुपए है, मगर भाजपा यह ढोल पीट रही है कि गैस सिलेंडर सस्ता हो गया है। मोदी सरकार



**अमीरों को और अमीर व गरीबों को और गरीब बना रही सरकार : राजेश ठाकुर**

द्वारा गैस सिलेंडर सस्ता नहीं हुआ है बल्कि महंगाई का बेंचमार्क बदल दिया गया है। वर्तमान केंद्र सरकार द्वारा जनता की हालत ऐसी कर दी गई है कि 'प्यास से गला सूख जाए फिर दो बूंद पानी पिला कर कहो कि सबको पानी मिल गया है, प्यास से राहत मिल गई है'।

ठाकुर ने कहा कि पिछले साढ़े 9 वर्षों में ईंधन में टैक्स द्वारा मोदी सरकार ने 30 लाख करोड़ की मुनाफाखोरी की है। रसोई गैस की कीमत 2014 से लगातार बढ़ी है और पिछले 9 वर्षों में दोगुनी से ज्यादा हो गई है और 2020 से भाजपा सरकार ने सब्सिडी देना भी बंद कर दिया है। पिछले 2 दशकों में एलपीजी सिलेंडर की मूल्य वृद्धि पर बारीकी से नजर डालने पर हर मतदाता की आंखें खुल जाएंगी और एक साधारण व्यक्ति भी स्पष्ट रूप से समझ सकता है कि कीमतें केवल भाजपा शासन के दौरान ही बेरहमी से बढ़ाई गई है।

पिछले साढ़े 9 वर्षों में मोदी सरकार ने रसोई गैस के दाम लगातार बढ़ाकर 31.37 करोड़ लोगों को लूटा है, उन्होंने जनता की जेब से 8 लाख 33 हजार 640 करोड़ रूपयेसे ज्यादा की लूट की। सिर्फ हमारे उज्जवला बहनों से ही 2017 से अब तक मोदी ने अड़सठ हजार सात सौ, दो करोड़ रुपए से अधिक की लूट किए। प्रदेश अध्यक्ष ठाकुर ने कहा कि देश में बढ़ती महंगाई पर चिंता का विषय है। महंगी गैस, महंगा तेल, थोक और खुदरा महंगाई आजादी के बाद सर्वोच्च शिखर पर है। सत्ता की भूख में मोदी सरकार आम जनता की कमर तोड़ रही है, फिर भी महंगाई से देशवासियों को लूटने का कोई भी अवसर नहीं छोड़ रही है।

पेट्रोल 100 के पार डीज़ल 95 पार, रसोई गैस 960 रुपए , खाने का तेल 200 रुपए के पार। उन्होंने कहा कि आम जनता बेबस और लाचार है पर मोदी सरकार केवल अपने चंद पूंजीपति मित्रों के मुनाफे की सोच रही है।

### 2014 की तुलना में अब भी गैस सिलेंडर 167.5 प्रतिशत महंगा

2014 से अब तक मोदी सरकार द्वारा गैस सिलेंडर के दाम में 185 प्रतिशत की वृद्धि की गई, और अभी घटाया कितना गया मात्र 17.5 प्रतिशत। अर्थात 2014 की तुलना में अब भी गैस सिलेंडर 167.5 प्रतिशत महंगा है। आम जनता के खरीदने की क्षमता के अनुसार हमारे देश में दुनिया में सबसे महंगा सिलेंडर बिक रहा है। कितनी दीवाली, होली, रक्षाबंधन बीत गए और गैस सिलेंडर का दाम बढ़ता ही गया। जिन्होंने रसोई गैस में जनता को लूटा उनके द्वारा रक्षा बंधन के नाम पर माता-बहनों को राहत देने का नाटक किया जा रहा है। जिनका रिकॉर्ड है चुनाव के बाद लगातार दाम बढ़ाने का वो चुनाव से पहले थोड़ा दाम घटा के बड़ी राहत देने की ढोल पीट रहे हैं। देश की जनता भाजपा की मोदी सरकार के रग-रग से वाकिफ हो चुकी है, अब इनके कोई भी झांसे में नहीं फंसने वाली है।

## भाजपा का चरित्र षड्यंत्रकारी : अखिलेश

**लखनऊ,** 3 सितम्बर (देशबन्धु)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा का चरित्र षड्यंत्रकारी है। प्रलोभन से वह अपनी सत्ता की

- **महंगाई व चौपट कानून व्यवस्था पर उठाए सवाल**

भूख पूरी करना चाहती है। लूट और भ्रष्टाचार का बोलबाला है और कानून का राज चौपट है। वन ट्रिलियन डॉलर का झूठ फैलाकर जनता को झांसा दिया जा रहा है। भाजपा की इन चालों से सतर्क रहना है। अखिलेश ने प्रदेश मुख्यालय लखनऊ में एकत्र कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि सन् 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा का सत्ता से बाहर हो जाना तय है। जनता समाजवादी पार्टी की सरकार बनाना चाहती है। समाजवादी पार्टी के साथ जनता है और जनता का सम्मान समाजवादी पार्टी और



**लोकसभा चुनाव में भाजपा का सत्ता से बाहर हो जाना तय : अखिलेश यादव**

सरकार में ही सुरक्षित है। उन्होंने कहा कि समाजवादी सरकार ने बिजली बनाई, भाजपा ने बिजली महंगी की और लोगों को धोखा दिया। भाजपा ने मंडी नहीं बनाई। अस्पतालों में दवा नहीं है।

भाजपा सरकार में उद्योग नहीं लगे। विकास कुछ हुआ नहीं अपराधी बेलगाम हैं। भाजपा सरकार में महिलाओं का सम्मान नहीं है। सांड़ों के हमलों से राज्य में प्रतिदिन लोगों की जानें जा रही है। सपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष किरनमय नंदा ने कहा कि भाजपा को हराने के लिए बूथ स्तर तक समाजवादी पार्टी को मजबूती देने के लिए कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी अभी से जुट जाएं। मतदाता सूची पर निगाह रखे। जनता को बताएं कि 10 साल में भाजपा सरकार ने कोई काम नहीं किया। सन् 2024 के लोकसभा चुनाव में सभी 80 सीटों पर समाजवादी पार्टी के प्रत्याशियों को जिताने का लक्ष्य लेकर चलना है।

### भाजपा सरकार की नीयत में विकास कार्य करना नहीं

अगर कोई जनप्रतिनिधि जनसहयोग से कुछ विकास करना चाहे तो उसकी जांच होने लगती है। अपने विपक्षियों को डराने और फर्जी केसों में फंसाने के लिए ईडी, सीबीआई पीछे लगा दी जाती है। जनता अब इस अत्याचारी भाजपा सरकार से छुटकारा पाना चाहती है। लोग सन् 2024 में भाजपा को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाएंगे और उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी के सभी प्रत्याशियों को जीत दिलाएंगे।

## महाराष्ट्र सरकार जनता की समस्याएं सुलझाने में असफल : पाटिल

**कोल्हापुर,** 3 सितम्बर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र विधान परिषद में कांग्रेस नेता सतेज पाटिल ने बढ़ती महंगाई और आवश्यक वस्तुओं पर उच्च जीएसटी सहित लोगों की समस्याओं को हल करने में केंद्र और राज्य सरकारों पर असफल होने का आरोप लगाया। पाटिल ने कहा कि जनता में मौजूदा शिंदे-फड़नवीस-पवार सरकार के खिलाफ असंतोष है। कोल्हापुर जिला कांग्रेस ने पाटिल के नेतृत्व में केंद्र और राज्य सरकारों की लक्ष्यहीन नीतियों से परेशान जनता को राहत देने के लिए जनसंवाद यात्रा शुरू की है।यह यात्रा कांग्रेस की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष नाना पटोले द्वारा घोषित राज्य स्तरीय आंदोलन के हिस्से के रूप में निकाली गई है। इसकी शुरुआत सुबह सात बजे जिले की चंदगढ़ तहसील के तंदुलवाड़ी गांव से हुई, जिसमें सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता और समर्थक, विशेषकर महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग ले रही थीं।



**बंगाल के राज्यपाल का फरमान**

## राजकीय विवि शिक्षा विभाग का निर्देश मानने के लिए बाध्य नहीं

**कोलकाता,** 3 सितम्बर (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी.वी.आनंद बोस के कार्यालय द्वारा जारी ताजा अधिसूचना से राज्य विश्वविद्यालयों पर राज्य सरकार के अधिकार के स्तर को वस्तुत: शून्य पर लाने से गवर्नर हाउस और राज्य सचिवालय के बीच टकराव का एक और रास्ता खुल गया है। अधिसूचना में साफ तौर पर कहा गया है कि सभी राज्य विश्वविद्यालयों के फैकल्टी और नॉन फैकल्टी स्टाफ पहले चांसलर और फिर वाइस चांसलर के प्रति जवाबदेह हैं।



राज्यपाल स्वयं अपने पद के आधार पर सभी राज्य विश्वविद्यालयों के चांसलर भी होते हैं। राज्य सरकार राज्य विश्वविद्यालयों के अधिकारियों को निर्देश दे सकती है, लेकिन वे निर्देश विश्वविद्यालयों के अधिकारियों या कर्मचारियों के लिए बाध्यकारी नहीं हैं। अधिसूचना में यह भी बताया गया है कि राज्य सरकार या राज्य शिक्षा विभाग से किसी भी राज्य विश्वविद्यालय को कोई भी निर्देश तभी मान्य होगा जब उसे वाइस चांसलर द्वारा मंजूरी दे दी जाएगी। राज्यपाल ने 1 सितम्बर को घोषणा की कि वह राज्य विश्वविद्यालयों के चांसलर के रूप में उन राज्य विश्वविद्यालयों के लिए अंतरिम वाइस चांसलर की भूमिका निभाएंगे जहां वर्तमान में कार्यात्मक प्रमुखों की कुर्सियां खाली हैं। इस फैसले की राज्य के शिक्षा मंत्री ब्रत्य बसु ने तीखी आलोचना की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार इस फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाएगी। हालांकि, विपक्षी भाजपा ने इस कदम को राज्य सरकार द्वारा उन पर थोपे गए राजनीतिक निर्णयों से मुक्त विश्वविद्यालयों की स्वायत्त प्रकृति को सुरक्षित करने के लिए सही दिशा में एक कदम बताया है।

**चिंता** *वैष्णो देवी की यात्रा के आंकड़ों को लेकर श्राइन बोर्ड चिंतित*

# उम्मीदों के अनुरूप वैष्णो देवी धाम में नहीं पहुंचे श्रद्धालु

- **सुरेश एस डुग्गर**

**जम्मू,3 सितम्बर (देशबन्धु)। जो वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड इस साल वैष्णो देवी आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या के एक करोड़ के आंकड़े को छूने की जो उम्मीद लगाए बैठा था वह अब पूरी होती नजर नहीं रही है जिस कारण वह अब चिंता में है। श्राइन बोर्ड की चिंता का कारण आने वालों की संख्या में कोई खास बढ़ोतरी नहीं होना है।**

इस साल अगस्त में पिछले साल के अगस्त महीने से 1.10 लाख कम श्रद्धालुओं के आने के कारण भी उसकी चिंता बढ़ी है। जबकि जुलाई तक 3 लाख से अधिक के कारण वह बहुत खुश था।

श्राइन बोर्ड द्वारा मुहैया करवाए गए आंकड़ों के मुताबिक, पिछले आठ महीनों में पिछले साल के मुकाबले डेढ़ लाख अधिक श्रद्धालु ही अभी तक वैष्णो देवी के दरबार में आए हैं। पिछले साल आठ महीनों में आने वालों की संख्या 63.81 लाख थी तो इस बार यह संख्या बढ़ कर 65.31 लाख हो चुकी है। जबकि पिछले पूरे साल में आने वालों का आंकड़ा 91.25 लाख था। जानकारी के लिए वर्ष 2023 के जनवरी माह में कुल 524189 श्रद्धालु मां के दरबार पहुंचे थे तो वहीं फरवरी माह में 414432 श्रद्धालु दर्शन को आए।



- **इस साल अब तक 65.31 लाख श्रद्धालु वैष्णो देवी के दरबार पहुंचे**

वहीं मार्च माह में 894650 अप्रैल माह में 1018540 मई माह में 995773 जून माह में 1195844 श्रद्धालु जुलाई माह में 776800 श्रद्धालु मां के दर पहुंचे थे। वर्ष 2022 के जनवरी माह में 438521 श्रद्धालु फरवरी माह में 361074 श्रद्धालु मार्च माह में 778669 श्रद्धालु अप्रैल माह में 902192 श्रद्धालु मई माह में 986766 श्रद्धालु जून माह में 1129231 श्रद्धालु जबकि जुलाई माह में 907542 श्रद्धालु मां के दरबार पहुंचे थे यानी कि वर्ष 2022 के पहले 7 माह में कुल 5503995 श्रद्धालु मां के दरबार हाजिर लगाने पहुंचे थे। और अगस्त में पिछले साल के मुकाबले 1.10 लाख श्रद्धालुओं के कम आने के कारण ही चिंता बढ़ी है। पिछले साल अगस्त में 8.77 लाख श्रद्धालु आए थे और इस वर्ष अगस्त में यह संख्या 7.10 लाख पर ही अटक गई। हालांकि अभी इस साल के 4 महीने बाकी हैं। जबकि आंकड़ों के बकौल, पिछले साल सितम्बर से दिसम्बर तक के अंत तक 27.43 लाख श्रद्धालु मां के दरबार में आए थे और अगर इस बार की यात्रा को एक करोड़ का आंकड़ा छूना है तो प्रतिदिन 30 हजार के करीब श्रद्धालुओं का आना जरूरी है। पर वर्तमान में आने वालों की संख्या के 12 से 15 हजार तक लुढ़क जाने के कारण श्राइन बोर्ड चिंता में है।

श्राइन बोर्ड की चिंता में बढ़ोतरी देश का राजनीतिक माहौल भी पैदा कर रहा है जिसमें यह चर्चा जारी है कि देश में समय से पहले लोकसभा चुनाव हो सकते हैं। श्राइन बोर्ड के एक अधिकारी के बकौल, अगर ऐसा हुआ तो पिछले साल के आंकड़े को भी छू पाना मुश्किल हो जाएगा।

बिलासपुर, सोमवार 4 सितम्बर 2023
संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# देश को संशय में डालती मोदी सरकार

संसदीय परम्पराओं की अवहेलना करने की आदी हो चुकी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली भारतीय जनता पार्टी की केन्द्र सरकार ने अपनी इसी परम्परा को आगे बढ़ाते हुए देश के इतिहास में पहली बार ट्विट के जरिये संसद का विशेष सत्र बुलाकर साबित कर दिया है कि वह न केवल गैरजिम्मेदार है वरन उसका पारदर्शिता से भी कोई लेना-देना नहीं रह गया है। ऐसे वक्त में जब संयुक्त विपक्ष का गठबन्धन 'इंडिया' (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूज़िव एलाएंस) मुम्बई में 31 अगस्त व 1 सितंम्बर को 2024 के लोकसभा की चुनावी रणनीति में व्यस्त था, केन्द्रीय संसदीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने यह जानकारी दी कि 18 से 22 सितम्बर को विशेष सत्र होगा। भले ही इस सूचना को 'इंडिया' उपेक्षित कर अपनी कार्यवाही में लगा रहा लेकिन यह एक तरह से देश को अंधेरे में रखने जैसा है क्योंकि यह कार्यप्रणाली किसी लोकतांत्रिक रूप से चुनी हुई सरकार की नहीं हो सकती। न ही यह 'इंडिया' की बढ़ती एकता के जवाब में होनी चाहिये।

इसे लेकर कई तरह के कयास हैं। इसमें वर्ष 2024 में होने जा रहे लोकसभा को समय से पहले करा लेने की सम्भावना से लेकर संविधान में संशोधन, चुनाव टाल देने या फिर मोदी को हमेशा के लिये पीएम बनाये जाने जैसी गुंजाइशें टटोली जा रही हैं। चीन द्वारा नया नक्शा जारी करना (जिसमें अरूणाचल प्रदेश को चीन का हिस्सा बताया गया है), मणिपुर हिंसा, गौतम अदानी को लेकर नये खुलासे, महंगाई आदि अनेक विषय हैं जिनके बारे में अनुमान व्यक्त किये जा रहे हैं कि इन मसलों पर सरकार कोई बात करना चाहती है। सही जानकारी किसी के भी पास नहीं है। फिर, हाल ही में तो संसद का सत्र हो चुका है। क्यों नहीं सरकार ने इन विषयों पर तब चर्चा कर ली? सवाल यह भी है कि क्यों लोगों या सांसदों को विषय को लेकर कयास लगाने के लिये छोड़ा जाये? क्यों नहीं सूचना के साथ ही विषय की जानकारी दे दी गई? संसद पर केवल सत्ता का हक नहीं है, जो अन्य लोगों को इसकी सूचना से वंचित रखा जाये। यह सत्र 5 दिनों का क्यों है, जबकि विशेष सत्र एकाध दिन के ही होते हैं? दुर्भाग्य से तमाशों के आयोजनों में पारंगत मोदी सरकार इसे भी इवेंट बना रही है।

आखिरकार विशेष सत्र कोई मज़ाक नहीं होता और न ही उसे सत्तापक्ष का कोई विशेषाधिकार समझा जाये, बावजूद इसके कि सरकार को ऐसा करने का पूरा हक है। तो भी, इस अधिकार का प्रयोग बहुत गम्भीरता से; और बेहद खास उद्देश्यों को लेकर होना चाहिये। विशेष सत्र का विषय क्या है, यह किन परिस्थितियों में आयोजित किया जा रहा है और इसे बुलाये जाने का प्रयोजन क्या है- यह सारा कुछ सरकार को बतलाना चाहिये था। यह सूचना प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से तथा बाकायदा एक अधिसूचना जारी कर नागरिकों को देनी थी। संसद पर पहला हक तो नागरिकों का होता है, चाहे वे स्वयं इसके प्रत्यक्ष सदस्य न हों। जो सदस्य दोनों सदनों में बैठते हैं वे अंतत: जनसामान्य की ही नुमाइंदगी करते हैं। सरकार को पहले तो इस पर सर्वदलीय बैठक बुलानी चाहिये थी फिर अपना उद्देश्य बतलाना चाहिये था।

मोदी सरकार द्वारा संसदीय गरिमा व परम्पराओं को ध्वस्त करने की पूरी श्रृंखला है, जिसकी एक और कड़ी का सम्बन्ध इसी एपीसोड से है। सरकार ने एक समिति बनाई है जो 'एक देश एक चुनाव' की योजना बनाकर सरकार को सौंपेगी। देश में पहली बार ऐसा हो रहा है कि एक सेवानिवृत्त राष्ट्रपति को किसी समिति का अध्यक्ष बनाकर सरकार के किसी विभाग को रिपोर्ट सौंपने की जिम्मेदारी दी गई है जो कभी सिर्फ उस विभाग का नहीं वरन पूरी सरकार का प्रमुख हुआ करता था। वास्तविकता में चाहे न हो लेकिन संवैधानिक परिभाषा के अनुसार तो वह राष्ट्राध्यक्ष ही है जिसके अधीन पूरा देश होता है। संसदीय प्रक्रिया के अंतर्गत खुद मोदी इन्हीं राष्ट्रपति के अंतर्गत काम कर चुके हैं। न यह कोई पूछने वाला है और न ही कोई बताने वाला कि आखिर एक पूर्व राष्ट्रपति कैसे किसी समिति का प्रमुख बनकर सरकार को कोई रिपोर्ट दे सकता है। कायदे से तो कोई व्यक्ति जिस दिन इस पद पर पहुंचता है, उसी दिन से वह दलगत राजनीति से ऊपर हो जाता है; पर यह सब तभी सम्भव है जब किसी व्यक्ति या किसी राजनैतिक दल की ही आंखों का नहीं, किसी सरकार की आंखों का भी नहीं, बल्कि पूरे देश की आंखों का पानी मर जाये।

अगर 'एक देश एक चुनाव' की बात करें तो यह करा पाना बहुत कठिन है- प्रशासकीय और राजनैतिक दोनों कारणों से अव्यवहारिक। आजादी के बाद हुए पहले चार आम चुनावों के साथ विधानसभाओं के निर्वाचन हुए थे परन्तु तब की परिस्थितियां अलग थीं। आबादी कम थी, चुनावी हिंसा न्यूनतम थी। राजनैतिक दलों के बीच आज के जैसी वैमनस्यता भी नहीं थी। सबसे बड़ी बात कि चुनावों का आकार व स्वरूप विशाल नहीं था। इसके बावजूद अगर सरकार एक साथ चुनाव कराना ही चाहती है तो पहले वह इसके फायदे बतलाये। यह भी बताये कि सामान्य नागरिकों, विशेषकर मतदाताओं को किसी भी प्रकार की परेशानी में डाले बगैर ये कैसे सम्पन्न होंगे। जब मणिपुर जैसे छोटे से राज्य की हिंसा को रोकने में सरकार 5 माह में भी सफल नहीं होती और ज्यादातर राज्यों के चुनाव कई चरणों में कराने पड़ते हैं, तो इतने बड़े देश में एक दिन में कैसे चुनाव हो सकते हैं। यह जानने का हक नागरिकों का है; और बतलाना सरकार का कर्तव्य।

# इंडिया की सफलता से बौखलाया मीडिया

आप बाराती जानते हैं! तो यह मीडिया आज बाराती प्रवृति का हो गया है। छिद्रान्वेषी!

इंडिया की बेहद सफल मुंबई बैठक में उसने बहुत सारी कमियां खोज ली हैं। जैसे वह बाराती सर्वश्रेष्ठ माना जाता है जो लड़की वालों के यहां जाकर यह कमी निकाल सके कि उसने कोकाकोला में चाय बनाकर नहीं पिलाई या पनीर चिकन नहीं बनाया! पनीर बनाया तो क्या? चिकन बनाया तो क्या?

बनाना तो पनीर चिकन या चिकन पनीर चाहिए था। कहते हैं कि बाराती तो राजा की लड़की की शादी में भी कमी निकाल सकता है। तो यही हाल आज हमारे मीडिया का हो गया है।

झंडा क्यों नहीं बनाया? झंडा था क्या कभी इससे पहले किसी गठबंधन का? जिस एनडीए को अब यह बीजेपी की जगह चुनाव जिता रहे हैं। क्या उसका कोई झंडा है? या केवल विपक्षी गठबंधन का ही चाहिए था! सारी शर्ते लड़की और लड़की वालों पर लागू हैं! अपने लिए तो हम हर बार नए नियम बनाते रहेंगे। पहले तो केवल आएगा तो मोदी ही का माहौल बना रहे थे। मगर जब आरएसएस ने कह दिया कि केवल मोदी के भरोसे कुछ नहीं होगा तो भाजपा की बात करने लगे। और अब जब विपक्ष एक हो गया तो भाजपा से आगे बढ़कर वे भी गठबंधन की बातें करने लगे। 2019 के बाद कहना शुरू कर दिया था कि देश से गठबंधन की राजनीति खत्म हो गई। मगर जब नीतीश कुमार के प्रयासों से इसने इतना व्यापक रूप ले लिया तो कूद कर एनडीए पर आ गए।

मुंबई का संदेश क्या है? इन्डिया के लिए कि छोटी-छोटी बातें छोड़ने से बड़ा लक्ष्य हासिल किया जा सकता है और मीडिया के लिए कि बने रहो पुछल्ले! तुम्हारी नियति यही है!

हालांकि इन्डिया के नेताओं ने मुंबई में मीडिया को बहुत प्यार से पुचकार कर समझाया। मीठे अंदाज में नीतीश कुमार ने कहा कि हम आपको भी मुक्त करवाना चाहते हैं। राहुल ने यही कहा कि डरो नहीं। हम आपको भी भयमुक्त कर देंगे। सारे नेता उदार भाव से मीडिया को समझाते रहे।

मगर इधर मीटिंग खत्म हुई उधर उनके अंदर मतभेद ढूंढने लगे। ममता बनर्जी कहां हैं? जबकि एक सितम्बर को मीटिंग खत्म होते ही शिवसेना के संजय राउत ने सबसे पहले यही बताया कि आपके सामने प्रेस कान्फ्रेंस में सब नेता मौजूद हैं। मगर ममता बनर्जी को जल्दी जाना था तो वे चली गईं। लेकिन कहानियां कहां रुकने वाली थीं। ममता नाराज की खबरें शुरू कर दीं।

सोचिए जो ममता एक सितंबर की सुबह मीटिंग शुरू होने से पहले सोनिया गांधी को शाल उढ़ाकर उनका सम्मान कर रही थीं। बेंगलुरू की प्रेस कान्फ्रेंस में माय फेवरेट राहुल कह रही थीं। वे किसी छोटी बात से नाराज होकर जा सकती थीं?

लेफ्ट से उनके मतभेद की खबरें लोकसभा के मतदान होने तक चलाई जाएंगी। लेकिन यह नहीं बताया जाएगा। तीन मीटिंगें हुईं पटना, बेंगलुरू और मुंबई। लेफ्ट के एक नहीं तीन तीन नेता, सीपीआईएम के सीताराम येचुरी, सीपीआई के डी राजा और सीपीआईएमएल के दीपंकर भट्टाचार्य उनमें ममता बनर्जी के साथ मौजूद रहे, खूब बातें करते हुए।

खींचतान कहां नहीं हैं? गोदी मीडिया में नहीं हैं? एक एंकर दूसरे चैनल को नीचा दिखाने के लिए तक-तक कब तक करता रहा! ज्यादा से ज्यादा जहरीला बनने के लिए कुछ एंकरों में कितना भयानक काम्पटिशन है। एक-दो को तो लगता है जैसे जहर के इंजेक्शन भी लगवाने पड़ते हैं! मगर यह भक्ति तो ऐसी चीज है कि कमी रह ही जाती है। अभी एक एंकर को सुनने को मिल गया कि जब जेल गए तो कैसा लगा? ऑन एयर बात हो रही थी जहर फैलाने में सबसे तेज निकल रहा एंकर बेचारा यह भी नहीं कह पाया कि हमारी तपस्या में कौन सी कमी रह गई!

बाकी एंकर और पत्रकार अभी यह नहीं सोच पा रहे कि कभी उनसे भी उनके चैनलों के मालिक ही पूछेंगे कि यह नफरत क्यों फैलाते थे? क्या हमने कहीं लिखकर कहा था? कोई जिम्मेदारी नहीं लेगा। एंकर, पत्रकार, मीडिया मालिक सब से सवाल होगा? अभी तो कुछ राज्य सरकारों की हिम्मत की वजह से दो-चार पत्रकार एंकर ही जेल में गए लेकिन अगर विपक्ष की खासतौर से कांग्रेस की राज्य सरकारें गोदी मीडिया से डरना छोड़ दें तो बड़ी तादाद में मीडिया को कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। रिया चक्रवर्ती के मामले में क्या साबित हुआ? तो उन पर झूठे आरोप लगाने कैमरों से घेर कर उनसे पुलिसिया पूछताछ करने के आरोप में कितने लोग दोषी करार दिए जाएंगे? आर्यन के मामले में भी ऐसा ही हुआ। उसे गलत फंसाने के दोषी समीर वानखेड़े का साथ देने के मामले में मीडिया क्या कार्रवाई से बच जाएगा?

लेकिन अभी जैसा कि मुंबई में इन्डिया के नेताओं ने कहा कि हमारे कामों में एक मीडिया को गुलामी से निजात दिलाना भी है। नियंत्रण मुक्त तो सभी संवैधानिक संस्थाओं को करना है। लेकिन बाकी संस्थाएं और चाहे जो लोकतंत्र का नुकसान कर रही हों डायरेक्ट जनता को नफरती और क्रूर नहीं बना रही हैं। मीडिया तो जनता का चरित्र ही बदल रहा है।

प्रधानमंत्री लाल किले से कहते हैं हजार साल की गुलामी। चलो मान लिया। मगर हजार साल में भी भारतीय जनता ने अपनी सहज बुद्धि नहीं खोई। जितने विदेशी आए उसे बेवकूफ कोई नहीं कह सका। सबने उसकी बौद्धिक क्षमताओं की तारीफ की। मगर पिछले 9 साल में वह बौद्धिक अंधकार की तरफ बढ़ रही है। उसे रात-दिन नफरत और विभाजन सिखाया जा रहा है। पूरी दुनिया की निगाहें इस प्रयोग पर हैं कि क्या पूरे एक देश को 9-10 सालों में हजारों सालों की उदार सभ्यता को भुलाकर केवल और केवल नफरत पर जीना सिखाया जा सकता है? और अगर 140 करोड़ का पूरा एक देश नफरती बन गया तो दुनिया पर इसका क्या प्रभाव पड़ेगा?

अभी जी-20 हो रहा है। कुछ बड़े नेताओं चीन के, रुस के राष्ट्रपति, सऊदी अरब के प्रिंस ने तो आने से मना कर दिया। मगर कुछ देशों के शासनाध्यक्ष आ रहे हैं। वे अपने लिए सजाई सड़कों और गमलों को ही नहीं देखेंगे उसके पीछे भारत में क्या हो रहा है, यह भी देखेंगे।

एक देश एक चुनाव के लिए पूर्व राष्ट्रपति की अध्यक्षता में कमेटी बना रहे हैं। मगर मणिपुर के अपने केन्द्रीय मंत्री, वहां के दूसरे सांसद को अपने ही देश की लोकसभा में बोलने नहीं दे रहे। संसद का विशेष अधिवेशन बुलाया क्या उसमें मणिपुर की बात होगी? वह भी तो देश का हिस्सा है। क्या यह सब बातें विदेशी अतिथियों के कानों में नहीं जाएंगी?

इन परिस्थितियों में इन्डिया आकार ले रहा है। जाहिर है एक बड़ा चैलेंज बन गया है। कह रहा है कि हम अपने नुकसान पर भी दूसरी सहयोगी विपक्षी पार्टी की मदद करेंगे। यह 'गिव एंड टेक नहीं होगा। सिर्फ गिव ही गिव होगा। मतलब देना ही देना।

और यह जरूरी है। अगर इस बार ऐसा नहीं किया तो कपिल सिब्बल जिनकी अप्रत्याशित मुंबई मीटिंग में एंट्री हुई की यह बात सच साबित हो जाएगी कि अगर इस बार भी मोदी जी जीत गए तो फिर विपक्ष चुनाव को भूल जाए। सही बात है। अगर मोदी जी तीसरी बार आ गए तो कई विपक्षी दल खतम हो जाएंगे। कई क्षेत्रीय नेता भी।

इसलिए सब 'गिव एंड टेक' की बात नहीं केवल 'गिव ही गिव' की बात कर रहे हैं। एक दूसरे को मजबूत करो। सब मजबूत हो जाओगे।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार है)**



शकील अख्तर

> **एक देश एक चुनाव के लिए पूर्व राष्ट्रपति की अध्यक्षता में कमेटी बना रहे हैं। मगर मणिपुर के अपने केन्द्रीय मंत्री, वहां के दूसरे सांसद को अपने ही देश की लोकसभा में बोलने नहीं दे रहे। संसद का विशेष अधिवेशन बुलाया क्या उसमें मणिपुर की बात होगी? वह भी तो देश का हिस्सा है। क्या यह सब बातें विदेशी अतिथियों के कानों में नहीं जाएंगी? इन परिस्थितियों में इन्डिया आकार ले रहा है। जाहिर है एक बड़ा चैलेंज बन गया है।**

# केरल ने खारिज की केंद्र की स्मार्ट मीटर योजना

■ पी. श्रीकुमारन

राज्य में वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) सरकार ने राज्य में केन्द्र के प्री-पेडस्मार्ट बिजली मीटर के रोलआउट के लिए कुल व्यय (टोटेक्स) मॉडल को जोरदार ढंग से 'नहीं' कह दिया है। टोटेक्स मॉडल को लागू न करने और कोई अन्य लागत प्रभावी मॉडल चुनने का निर्णय मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन द्वारा बुलाई गई बैठक में लिया गया।

राज्य सरकार ने केंद्र सरकार पर ऐसे संशोधनों के माध्यम से देश की संघीय प्रणाली को खत्म करने की कोशिश करने का भी आरोप लगाया तथा हाल ही में संसद में पारित बहु-राज्य सहकारी सोसायटी अधिनियम में संशोधन का पुरजोर विरोध किया।

आधिकारिक तौर पर कहा गया कि केरल राज्य विद्युत बोर्ड (केएसईबी) द्वारा एक वैकल्पिक प्रस्ताव विकसित किया जायेगा। प्रस्ताव के तहत, केएसईबी स्मार्ट मीटर परियोजना के लिए बिलिंग और संबद्ध सेवाओं के लिए सॉफ्टवेयर विकसित करेगा। परियोजना के लिए आवश्यक संचार प्रणाली के लिए केरल फाइबरऑप्टिक नेटवर्क (के-फोन) का उपयोग किया जायेगा। केएसईबी का डेटा सेंटर डेटा का स्टॉक करेगा।

पहले चरण में 37 लाख उपभोक्ताओं को प्रीपेड स्मार्ट मीटर से लैस करने का जो फैसला किया गया था उसे राज्य सरकार ने रद्द कर दिया है। अब केएसईबी के केवल औद्योगिक और वाणिज्यिक उपभोक्ता, जिनकी संख्या तीन लाख से कम है, को ही स्मार्ट मीटर से लैस किया जायेगा।

स्मार्ट मीटर रोल-आउट केंद्र-सहायता प्राप्त पुनरुत्थान वितरण क्षेत्र योजना का एक घटक है। जब 15 जून को परियोजना के लिए निविदा आवेदन खोला गया, तो तीन निजी फर्मों ने भाग लिया, जिनकी सबसे कम बोली 3,475.16 करोड़ रुपये थी। इसके परिणामस्वरूप उपभोक्ताओं को प्रति स्मार्ट मीटर 9,500 रुपये का भुगतान करना पड़ता। बोर्ड ने प्रारंभिक चरण में 37 लाख उपभोक्ताओं के लिए परियोजना को लागू करने की योजना बनाई थी।

केएसईबी में वामपंथी और कांग्रेस समर्थित ट्रेड यूनियनों के कड़े विरोध के बाद इस योजना को छोड़ दिया गया। कर्मचारी संगठनों ने इस आधार पर इस योजना का विरोध किया कि इससे निजीकरण का मार्ग प्रशस्त होगा। उनका तर्क था कि बिजली मंत्रालय ने श्रम संगठनों की चिंताओं का समाधान नहीं किया है।

सीटू के महासचिव इलामारम करीम ने कहा कि केरल केएसईबी को कानूनी मुद्दों का हवाला देते हुए तुरंत निविदा प्रक्रिया को रद्द कर देना चाहिए था क्योंकि उसे एहसास हुआ कि स्मार्ट मीटर की कीमत 9,500 रुपये के करीब होगी, जबकि बोर्ड द्वारा निर्धारित आधार मूल्य 6,000 रुपये थी। राज्य के 1.35 करोड़ उपभोक्ताओं में से लगभग 50 लाख गरीब हैं और स्मार्ट मीटर लगाने में सक्षम नहीं हैं।

करीम ने दावा किया कि राज्य सरकार के सामने विकल्प टोटेक्स मॉडल को छोड़ना है और इसके बजाय सी-डैक द्वारा विकसित तकनीक को अपनाना है, जिसे सार्वजनिक उपक्रमों द्वारा लागू किया जा सकता है। इसके अलावा, सीटू जैसे ट्रेड यूनियनों के अनुरोध के बाद, सीपीआई (एम) पोलित ब्यूरो ने परियोजना के कार्यान्वयन के खिलाफ कड़ा रुख अपनाया था और कहा था कि इससे गरीबों और किसानों पर असहनीय बोझ पड़ेगा।

पिनराई विजयन के बयान में कहा गया है कि कई राज्यों को परियोजना को लागू करने और बिजली वितरण की जिम्मेदारी से हटने और अधिकतम लाभ के लिए इसे निजी कंपनियों को सौंपने के लिए मजबूर किया गया था। इससे गरीबों और किसानों पर असहनीय बोझ पड़ेगा। इसलिए इस प्रोजेक्ट को तुरंत रद्द किया जाना चाहिए।

सहकारी समिति अधिनियम में संशोधन के संबंध में, केरल ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय ने स्पष्ट रूप से कहा था कि संविधान की सातवीं अनुसूची की प्रविष्टि 32 के तहत सहयोग राज्य का विषय है। केंद्र सरकार अब नवीनतम संशोधनों के जरिए कानूनी झटके से उबरने और शीर्ष अदालत के फैसले को दरकिनार करने की कोशिश कर रही है।

केरल के सहकारिता मंत्री वीएन वासवन ने केंद्र सरकार पर ऐसे प्रावधानों को शामिल करने का आरोप लगाया, जिसके तहत राज्य सहकारी रजिस्ट्रार के तहत काम करने वाली वैधानिक समितियों को भी समाप्त किया जा सकता है और बहु-राज्य समितियों में परिवर्तित किया जा सकता है। किसी भी सहकारी समिति को शासी निकाय की बैठक के निर्णय और सामान्य निकाय की बैठक में बहुमत से एक बहु-राज्य समिति में परिवर्तित किया जा सकता है। इस प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए, इस शर्त को हटा दिया गया है कि बहु-राज्य संघ बनने से पहले राज्य पंजीकरण रद्द कर दिया गया होगा और यह शर्त शामिल की गई है कि इसे स्वाभाविक रूप से रद्द कर दिया जायेगा।

केरल को यह भी आशंका है कि सोसायटी को अपनी संपत्ति और आय का उपयोग केंद्र सरकार या बड़े कॉर्पोरेट निवेशकों के निर्देश पर करने के लिए मजबूर किया जायेगा। इससे आम लोगों को मिलने वाली सहायता बहुत प्रभावित होगी और सहकारी समितियां उनकी पहुंच से बाहर हो जायेंगी। सबसे निर्दयी कटौती यह है कि संशोधन सहकारी समितियों के स्थानीय आर्थिक संसाधन के रूप में कार्य करने के प्राथमिक उद्देश्य को विफल कर देंगे, जिस पर कोई भी किसी भी समय भरोसा कर सकता है। ये संस्थान नई पीढ़ी के बैंकों जैसी कार्य संस्कृति अपनायेंगे जो केवल मुनाफे के लिए काम करते हैं। यही कारण है कि शीर्ष अदालत ने राज्यों के प्रति अनुकूल रुख अपनाया। जब यह स्पष्ट हो गया कि यह संघवाद के सिद्धांतों का उल्लंघन है तो उसने केंद्र सरकार के कदम को रोक दिया।

> **राज्य सरकार ने केंद्र सरकार पर ऐसे संशोधनों के माध्यम से देश की संघीय प्रणाली को खत्म करने की कोशिश करने का भी आरोप लगाया तथा हाल ही में संसद में पारित बहु-राज्य सहकारी सोसायटी अधिनियम में संशोधन का पुरजोर विरोध किया। आधिकारिक तौर पर कहा गया कि केरल राज्य विद्युत बोर्ड (केएसईबी) द्वारा एक वैकल्पिक प्रस्ताव विकसित किया जायेगा।**

## गुरवाणी विचार

### जप मन सतनाम सदा सतनाम

थाल विच तिनि वस्तु पइओ-सत संतोख विचारो।
अमृत नाम ठाकुर का पइओ -जिसका सबस आधारो।।
जे को खावै जे को भुंचे-तिस का होय उधारो।
ऐह वसतु तजी नहीं जाई-नित नित रख उरिधारो।।
तम संसार चरण लगि तरीऐ -सब नानक ब्रह्म पसारो।

गुरवाणी की इन पंक्तियों में पंचम नानक गुरु अर्जुन देवजी मानव मन को समझाइश देते हुए फरमा रहे हैं कि यह सारा संसार एक बहुत बड़ा थाल है। इस संसार रूपी थाल में तीन वस्तुएं सत्य, संतोष और विचार सृष्टि मान हो रहे हैं। इन तीनों वस्तुओं पर विचार करने पर पूरा इंसानी आध्यात्म समझ आ सकता है। क्योंकि यह तीनों वस्तुएं प्रभु नाम के मूल पदार्थ से उपजी हैं। प्रभु परमात्मा का नाम ही हर इंसान का जीवन ढाल सकता है। यही प्रभु परमात्मा नाम ही हर इंसान का ही ओट, आसरा है। इस नाम प्राप्ति हेतु उपरोक्त तीन चीजों की आवश्यक रूप से आवश्यकता है।

गुरुदेव ममझा रहे हैं कि थाल में मौजूद आत्मिक भोजन का सेवन करने वाले हर प्राणी का यकीनन रूप से भला होगा ही होगा। ये तीनों वस्तुएं हमें संभाल कर रखनी होगी और अपने जीवन में इन तीनों वस्तुओं का अमल करते रहना होगा। सत्य पर चल कर ही हम इस संसार में अपना आदर्श कायम कर पाएंगे बल्कि सत्य पर चल कर ही हम प्रभु परमात्मा की प्राप्ति भी कर वाएंगे। प्रभु का नाम भी सत्य ही है इसलिए तो हमें गुरवाणी द्वारा समझाइश दी गई है कि -जप मन सतनाम सदा सतनाम।

आगे संतोष के बारे में बताया गया है संतोष हमारे जीवन के लिए एक आवश्यक वस्तु है। संतोष एक ऐसा धन है जिसके आने पर हमें सारे धन धूरि के समान महसूस होने लगते हैं कहा भी गया है -

गौ धन गज धन बाज धन।
और रतन धन खान जब आवै
संतोख धन सब धन धूरि समान।।

फिर विचार धन का मतलब है प्रभु नाम का सिमरन बंदगी करते रहने प्रभु नाम का सिमरन (विचार) करते रहने पर हम प्रभु परमात्मा की प्राप्ति कर पाते हैं। इसीलिए तो हमें बार-बार हिदायत दी जाती है कि-

सांस सांस सिमरो गोविंद।
मन अंतरि की उतरे चिंद।। फिर हमें समझाया गया है
सिमरो सिमर सिमर सुख पाओ।
कलि कलेष तन माहि मिटाओ।।

इस संसार में हमारा मानव जीवन पाकर आना भी तभी सार्थक समझा जाएगा। जब हम प्रभु परमात्मा द्वारा दी गई प्रत्येक श्वांस रूपी पूंजी का प्रभु नाम सिमरन में खर्च करें। कुछ लोग इस बात पर किंतु परंतु करते हैं कि हर वक्त प्रभु नाम सिमरन करते रहने पर हम उदर पोषण अपने और अपने परिवार का कैसे कर पाएंगे तो वे इस बात को भूल जाते हैं कि जिस प्रभु परमात्मा ने हमें इस संसार में भेजा है वह हमारे खाने-पीने की व्यवस्था पहले लिख देता है- तूं जग उत्ते पिछों आवें। उह पहले लिख जांदा है।।

प्रभु परमात्मा में ब्यालीस लाख जीव जल में रखे हैं उनकी भी रोजी रोटी का वह इंतजाम कर रहा है। फिर हमें हाथ पांव से तो अपने उदर पोषण हेतु कार विहार करना ही है पर मन हमारा निरंकार से जुड़ना चाहिए। जिस तरह एक पतंग बाज आसमान में पतंग उड़ाता है। अपने साथ खड़े संगी साथियों से बातचीत भी करता रहता है पर ध्यान उस उसका पतंग पर ही रहता है। कब डोर छोड़नी है, कब खींचनी है। इस बात का पूरा ध्यान रखता है। ठीक इसी प्रकार हमें मन निरंकार के साथ जोड़ना है।

नाम कहे तिलोचना मुख ते नाम संभाल।
हाथ पांव से काम सब चित निरंजन नाल।।

सत संतोख पर चलते हुए प्रभु नाम पर विचार (सिमर बंदगी) करते हुए इस संसार समुंद्र से हम अपनी जीवन नौका से खेकर प्रभु परमात्मा के सांचे दरबार में उजले मुख से जा सकते हैं। इसी प्रकार प्रभु परमात्मा की रजा पर चलते रहने पर हमें इस बात का ज्ञान हो पाएगा कि प्रभु परमात्मा का नाम ही सदा सत्य है। सच्चा आचरण रखकर सच्चा विचार रखकर ही हमें जीवन की सूझ प्राप्त हो पाती है। इन तीनों सूत्रों पर चलकर ही हम इस लोक में सुखपूर्वक जीवनयापन कर उजले मुख से परलोक गमन कर जहां पर सुख ही सुख, आनंद ही आनंद की प्राप्ति कर पाएंगे।

**इंदर सिंह आहुजा**

## आपके पत्र

### चन्द्रयान-3 और आदित्य-1 की लॉचिंग दुनिया के लिए आश्चर्य

भारत दुनिया का सरताज बन गया है। विश्वगुरू की ओर बढ़ते कदम ने दुनिया में भारत ने डंका बजा दिया है। इसरो के वैज्ञानिकों की अथक मेहनत और लोकप्रियता, सरकार के मेक इन इंडिया नारे की गूंज दुनिया के देशों में छाप छोड़ने लगी है। वैज्ञानिकों के इस साहस का लोहा दुनिया ने माना है। विक्रम साराभाई जैन की देन थी कि वैज्ञानिक अनुसंधान के लिए पहला कदम 1964 में रखा। 15लाख किमी की दूरी तय कर आदित्य-1 एल-1 की पॉइंट पर पहुंचेगा। सूर्य की स्टडी करेगा। शनिवार को श्रीहरिकोटा से सतीश धवन स्पेस सेंटर से लॉन्च किया गया। दुनिया की नजर भारत पर टिकी थी। दुनिया आश्चर्यजनक स्थिति में है। भारत की इस कामयाबी में कई वर्षों की मेहनत और रिसर्च का सुखद परिणाम है। भारत कामयाबी के ऊंचे शिखर पर है। सूर्य की एनर्जी और सूर्य की स्टडी से पता चलेगा। पृथ्वी पर बदलाव और धरती पर जनजीवन को प्रभावित करने का मुख्य कारण का पता लगाना है। अमेरिका ने छह बार सोलर मिशन तो चीन में एक बार सोलर भेजने के बाद कोई उपलब्धि हासिल नहीं हुई थी। सूरज की विशालता का बड़ा पैमाना है और एक सूर्य में 13 लाख पृथ्वी समा जाए,यह वैज्ञानिकों का कहना है। भारत की इन उपब्धियों के पीछे सत्तारूढ़ सरकार की सफलता कारणभूत है। लेकिन यह पूरे देश और देशवासियों की उपलब्धि है जिसके कारण आज चांद और सूरज की परिक्रमा के लिए चंद्रयान 3 ने कार्य शुरू कर दिया है तो शनिवार को भारत की दूसरी कामयाबी में आदित्य-1 की लॉचिंग भारत की प्रसिद्धि की यह तस्वीर दुनिया ने नजदीक से निहारी है। भारत उत्तरोतर प्रगति का शंखनाद कर दुनिया को हर समय चौंकाने के लिए वैज्ञानिकों की मेहनत और देशवासियों की आस्था की सफलता कदम चूम रही है।

**कांतिलाल मांडोत, सूरत**

### इसे विकास कहते गुस्सा आता है

अभनपुर से राजिम सड़क चौड़ीकरण इस नासमझी के साथ जारी है कि इसे विकास कहते हुए गुस्सा आता है। सड़क इतनी अधिक ऊंची हो गई है कि छह सौ से अधिक आवासीय और व्यावसायिक मकान-दुकान डूब गए हैं। विकास के नाम पर यह पागलपन यहीं नहीं रुकता। इस सड़क के दोनों तरफ जो नालियां बनाई जा रही हैं वह सड़क से ऊंची बनाई जा रही है इससे मुख्य सड़क पर आने और मुख्य सड़क छोड़कर गली में जाने के लिए यह नाली पहाड़नुमा ब्रेकर जैसा बन गया है जिस पर बुजुर्गों और बच्चों को आने-जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस विकास के नाम हजारों हरे-भरे छायादार पेड़ बलि अलग चढ़ गए हैं। इसे इस कथित विकास की पुरौनी कह सकते हैं।

ताज्जुब तो इस बात पर भी होता है कि वैध आवासीय और व्यावसायिक मकान-दुकान के मालिक विकास के नाम पर हो रहे मनमानी पर क्यों चुप्पी साधे रहे? क्या नीचे हो चुके मकान-दुकान के गंदे पानी को पंप के द्वारा ऊंचाई पर बने नाली में पहुंचाया जाएगा?

क्या इस मुर्खतापूर्ण कार्य को न्यायालय में चुनौती नहीं दी जा सकती थी? विरोधी दलों को तो इस मुद्दे पर आंदोलन कर देना था वह भी नहीं हुआ। गैर आबादी इलाके में ऊंची सड़क समझ में आने वाली बात है लेकिन आबादीयुक्त क्षेत्रों में सड़क को साल-दर-साल ऊंचा करने के बजाय सुविधाजनक विकल्प के बारे सोचा जाना चाहिए।

**-दिनेश चौहान, राजिम**

देशबन्धु
संस्कारधानी
5
बिलासपुर
सोमवार 4 सितंबर 2023

**उल्टा पुल्टा**

एक देसी पहलवान के किसी अनजान नंबर से फोन आया।

**महिला-** क्या आप शादी शुदा हो?

**देसी पहलवान-** नहीं तो, लेकिन आप कौन हो।

**महिला-** तुम्हारी पत्नी, घर आना फिर बताती हूं।

# शिक्षक पोस्टिंग संशोधन आदेश निरस्त नहीं करने की उठ रही मांग

## शिक्षकों ने पर्यटन मंडल अध्यक्ष अटल श्रीवास्तव को सौंपा ज्ञापन



**बिलासपुर**, 3 सितंबर (देशबन्धु)। बिलासपुर संभाग में सालो के संघर्ष के बाद मिले सहायक शिक्षक से शिक्षक व शिक्षक से प्रधान पाठक माध्यमिक शाला के पद पर पदोन्नति पाने वाले शिक्षको के माथे में चिंता की लकीर खींच गई है। जिसको लेकर बिलासपुर संभाग के शिक्षको ने कैबिनेट मंत्री का दर्जा प्राप्त अटल श्रीवास्तव से मुलाकात कर रविवार को संशोधन आदेश निरस्त नहीं करने की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा है। उनका कहना है कि एक ओर संशोधन आदेश को निरस्त करने की बात सामने आ रही है। तो वही दूसरी ओर निरस्तीकरण के बाद सामने आने वाले दुष्प्रभाव को लेकर शिक्षक चिंतित है क्योंकि बीते 3 महीनो में नए पद स्थापना के बाद सारी व्यवस्थाएं शिक्षकों ने स्थापित कर ली है चाहे वह स्कूल में शिक्षा के वातावरण की बात हो या फिर पारिवारिक जिम्मेदारियां सभी के बीच उचित समन्वय स्थापित होने के बाद संशोधन आदेश निरस्त करने की बात से ही शिक्षक व्यथित हो रहे है। इस दौरान मिडिया से रूबरू होकर शिक्षक समूह के नेतृत्व करता दीपक कुमार कश्यप ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत तीन वर्षो कि कड़ी तपस्या के बाद उन्हे प्रमोशन मिला है। उसके बाद काउंसलिंग के माध्यम उन्हें दूर दराज स्कूलों में भेज दिया गया था। जिसको लेकर उन्होंने मानवीय पहलुओं को सामने रखते हुए तत्कालीन संयुक्त संचालक से संशोधन की मांग की थी, जिस पर विचार विमर्श करते हुए जेडी द्वारा शिक्षकों के पद स्थापना को संशोधित करते हुए नए स्कूलों में भेजा गया है उन्होंने बताया कि पूर्व में भी कई बार पदोन्नति के बाद संशोधन की प्रक्रिया की जा चुकी है जिसको लेकर बीते वर्षों में किसी तरह के कोई कार्रवाई या फिर संशोधन आदेश निरस्त नहीं की गई है।

ऐसे में अब संशोधन आदेश निरस्त करना कतई उचित नहीं है। उन्हें मीडिया के माध्यम अपनी पीड़ा शासन के समक्ष रखी है।

### संशोधन के बाद भी जाना पड़ता है 40 किलोमीटर दूर

शिक्षक समूह के दीपक कुमार कश्यप ने बताया की सहायक शिक्षक से शिक्षक व शिक्षक से प्रधान पाठक माध्यमिक शाला के पद पर पदोन्नति प्रक्रिया में काउंसलिंग के बाद बिलासपुर संभाग के अधिकांश शिक्षको को उनके मूल निवास से 300 किलोमीटर तक पद स्थापना दी गई थी। जिसमे से महिला वर्ग की शिक्षिका थी।

जिन्होंने अपनी समस्याओं को सयुक्त संचालक के समक्ष रखा और पद स्थापना को दूसरे जगह करने की मांग कि। संशोधन होने के बाद भी उन्हें 30 से 40 किलोमीटर जाना पड़ता है। फिर भी वह शिक्षक के अपने दायित्व को निभा रहे हैं।

### संशोधन आदेश में शिक्षक विहीन स्कूलों में भी कि गई पोस्टिंग

शिक्षको की माने तो बिलासपुर संभाग में शिक्षक पदोन्नति के बाद हुए संशोधन में शिक्षको को केवल शहर के करीब ही पोस्टिंग नहीं दिया गया। उनका कहना है कि संशोधन आदेश में अधिकांश शिक्षको को ऐसे जगहों में पोस्टिंग दी गई है। जहा सालो से शिक्षको को कमी बनी हुई थी। कुछ जगहो में तो शिक्षक विहीन स्कूलों में पोस्टिंग दी गई। जहा शिक्षको के आने के बाद अध्ययन अध्यापन में गति मिल सकी है ऐसे में अगर संशोधन आदेश हो निरस्त किया जाता है तो पुरे स्कूल शिक्षक विहीन हो जाएंगे जिससे कहीं ना कहीं अंचल के नौनिहालों को दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा।

## संपादकीय

### छग की चुनावी हलचलें हुई तेज़

*केन्द्र सरकार द्वारा कई विधानसभाओं चुनावों के साथ लोकसभा चुनाव कराये जाने की अटकलों के बीच छत्तीसगढ़ विस के चुनावों का अनौपचारिक आगाज़ हुआ सा जान पड़ता है। प्रदेश में मतदाता सूचियों के संक्षिप्त पुनरीक्षण का समय जहां 1` सितम्बर तक बढ़ा दिया गया है (जो पहले 3` अगस्त तक था), तो वहीं राज्य के विभिन्न राजनैतिक दलों की चुनावी गतिविधियां तेज़ हो गई हैं। जब भी चुनाव हों, उम्मीद की जाए कि लोग अपने मताधिकार का प्रयोग स्वेच्छापूर्वक और विवेकपूर्ण तरीके से करेंगे ताकि उनके जीवन को संवारने वाली सरकार उन्हें मिल सके। संशोधित मतदाता सूची 4 अक्टूबर तक प्रकाशन का ऐलान हो चुका है।*

*संसद के 18 से 22 सितम्बर को आहूत विशेष सत्र से देश कयास लगा रहा है कि इस साल पड़ने वाले 5 राज्यों के चुनाव, जिनमें छत्तीसगढ़ भी शामिल है और वर्ष 2 24 में होने जा रहे 4 राज्यों के चुनाव लोकसभा के साथ करा लिये जायेंगे। 'एक देश एक चुनाव' के नाम से इस कार्यक्रम के लिये एक समिति भी बना दी गई है, जिसकी अध्यक्षता पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद कर रहे हैं। जो भी हो, लोकसभा का चुनाव चाहे अपने तयशुदा समय पर यानी अगले साल हो अथवा वे पहले कराए जायें, छग के चुनाव तो इसी वर्ष के अंत में हो जाने हैं। सियासी हलचलों की बात करें तो भारतीय जनता पार्टी ने अपने कुछ उम्मीदवार काफी पहले घोषित कर ही दिये हैं और कांग्रेस की सूची भी इस मामले में लगभग तय है कि जहां से उसके विधायक पिछला चुनाव जीते हैं, उनमें से ज्यादातर फिर से चुनाव लड़ेंगे। हालांकि ऐसे भी संकेत हैं कि राहुल गांधी की मंशा के अनुरूप बड़ी तादाद में युवा उम्मीदवारों को उतारा जा सकता है। 6 सितम्बर तक कांग्रेस की भी पहली सूची आ जाने की बात कही जा चुकी है।*

*शनिवार को राहुल गांधी और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह छत्तीसगढ़ में बड़े चुनावी कार्यक्रम कर चुके हैं। राहुल ने नया रायपुर में युवाओं के एक बड़े जमावड़े को राजीव युवा मितान सम्मेलन के नाम से आयोजित समारोह में सम्बोधित किया, तो वहीं अमित शाह रायपुर के दीनदयाल सभागार में भाजपा द्वारा आयोजित 'अउ नइ सहिबो, बदल के रहिबो!' नाम से आयोजित सम्मेलन में छग की कांग्रेस सरकार के खिलाफ आरोप पत्र पेश किया जिसमें कांग्रेस सरकार पर अनेक आरोप लगाये गये हैं। हालांकि उसके पहले ही कांग्रेस ने भाजपा पर 212 बिंदुओं पर आरोप दाग दिये हैं। काफी कवायदें आम आदमी पार्टी की भी हो रही हैं जो सभी 9 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। अजीत जोगी के बिना पहली बार चुनाव लड़ने जा रही जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ का भी ऐसा ही इरादा है। जो भी हो, चुनाव सबके लिये खुले और निष्पक्ष होने चाहिये।*

## सार-संक्षेप

### महिला से मारपीट करने वाले कांग्रेसी नेता पर हो सख्त कार्रवाई-डॉ.कराडे



**बिलासपुर**, 3 सितंबर (देशबन्धु)। बीती रात गाड़ी पार्क करने को लेकर लोकसभा आईटी सेल के पदाधिकारी कांग्रेसी नेता का महिला से मारपीट करने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। जिसमें कांग्रेस नेता नशे की हालत में महिला के साथ गाली गलौज और मारपीट करता नजर आ रहा है। जिसे लेकर शहर में चर्चा का बाजार गर्म है आम आदमी पार्टी की प्रदेश संयुक्त सचिव डॉ उज्वला कराड़े ने कांग्रेस नेता द्वारा महिला के मारपीट के मामले कि कड़ी निंदा कि है और कहा है कि जब से कांग्रेस सरकार आई है इस तरह की मारपीट तो आम हो गई है। सरकार का अपराधियों पर कोई लगाम नहीं है चाकू बाजी की घटनाएं दिनों दिन आम हो रही है इतना ही नहीं उन्होंने कांग्रेस नेता व शहर विधायक पर भी तंज करते हुए कहा कि शहर विधायक स्वयं ही चाकू में धार कर लोगों को चाकू चलाने की शिक्षा देते हैं। उन्होंने बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर सरकार को दोषी करार दिया है और कहा है कि प्रदेश में हो रही घटनाओं में अधिकांशत कांग्रेस से जुड़े लोगों का नाम आना प्रदेश की जनता के लिए चिंता व निराशा जनक है प्रदेश की जनता ने जिस सरकार को बहुमत देकर सत्ता पर बिठाया उसी सरकार के नुमाइंदे आज अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त हैं उन्होंने महिला से हुई मारपीट के मामले में उच्च स्तरीय जांच कर कर अपराधी को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की है और कहा है यदि ऐसा नहीं होता तो आम आदमी पार्टी सड़क पर उतरकर प्रदर्शन करेगी।

### कांग्रेस विधि विभाग के नवगठित सदस्यों ने अटल व प्रमोद नायक से की भेंट



**बिलासपुर**, 3 सितंबर (देशबन्धु)। जिला शहर कांग्रेस कमेटी (विधि विभाग) बिलासपुर के गठन के पश्चात कांग्रेस विधि विभाग के शहर अध्यक्ष मनीष श्रीवास्तव के नेतृत्व में छ.ग.पर्यटन मंडल के अध्यक्ष अटल श्रीवास्तव एवं जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष प्रमोद नायक से नयी कार्यकारणी द्वारा सौजन्य मुलाकात किया है। जिसमें संगठन को मजबूत करने व विधानसभावार आगामी विधानसभा चुनाव के संदर्भ में विधि विभाग की भूमिका के सम्बंध में विस्तृत चर्चा कर मार्गदर्शन प्राप्त किया। विधि विभाग के सभी सदस्यों द्वारा संगठन द्वारा प्रदत्त जिम्मेदारियों का निष्ठा पूर्वक निर्वहन करने का संकल्प लिया गया। जिसमे शहर विधि विभाग प्रदीप राजगीर प्रदेश महामंत्री, अनिल चौहान, ज्ञानेश्वर सिंह, रूपेन्द्र साहू, श्वेता शास्त्री, संध्या पाण्डे, सुनंदा तिवारी,किरण भोई, रत्ना साहू,अजय सिंह, एजाज उल्लाह रिजवी, बदरुल अजीज, हरीश चेलकर,शशांक उपाध्याय, सूरज मिश्रा, आशीष घोरे, समीर मिश्रा, विद्या शंकर जायसवाल, सीताराम रत्नेश, परमेश्वर सूर्यवंशी, राजेश गढेवाल,नीरज दुबे,अमित खलखो आदि सदस्यगण उपस्थिति रहे।

### नाबालिग को भगाकर ले जाने वाला युवक पकड़ाया

**बिलासपुर**, 3 सितबर (देशबन्धु)। रतनपुर पुलिस ने बताया कि प्रार्थी के थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि नाबालिग लड़की 4 अगस्त के स्कूल जाने के लिये घर से निकली थी जो स्कूल से शाम तक वापस घर नही आई हैं कि रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 529/2023 धारा 363 भादवि अपराध पंजीबद्ध कर नाबालिक लडकी तथा अज्ञात आरोपी का पतासाजी दौरान नाबालिक लडकी को रायपुर से बरामद किया गया। पूछताछ पर संदीप सूर्यवंशी के द्वारा बहला फुसला कर शादी का झांसा देकर नागपुर ले जाना और जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाकर रायपुर में छोडकर भाग जाना नाबालिग अपहृता अपने कथन में बताई। जिस पर फरार आरोपी संदीप सूर्यवंशी को उसके घर से गिरफ्तार किया गया है।

# एसईसीएल के सामने कांग्रेस का जंगी प्रदर्शन पांच को

## अडानी को पेलमा खदान आवंटन को लेकर छत्तीसगढ़ में खड़ा हो रहा है बवंडर

**बिलासपुर**, 3 सितंबर (देशबन्धु)। गारे पेल्मा कोयला खदान अडानी को देने के बाद छत्तीसगढ़ में बवंडर खड़ा हो गया है। राहुल गांधी द्वारा जोरशोर से मुद्दा उठाने के बाद जिला अध्यक्ष विजय केसरवानी ने एसईसीएल कार्यालय के सामने जंगी प्रदर्शन का एलान कर दिया है। पांच सितंबर सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ प्रदर्शन किया जाएगा।

जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विजय केशरवानी ने कार्यकर्ताओं के साथ एसईसीएल कार्यालय घेराव का एलान किया है। विजय ने बताया कि एसईसीएल, कोल कम्पनी,भारत सरकार और अडानी की मिली भगत को उजागर किया जाएगा। पांच सितम्बर मंगलवार को सरकन्डा स्थित एसईसीएल कार्यालय के सामने जंगी प्रदर्शन कर अडानी का विरोध किया जाएगा। रायगढ़ में पेलमा खदान अडानी दिए जाने के निर्णय को वापस लेने का दबाव भी बनाया जाएगा। एक दिन पहले राहुल गांधी के रायपुर प्रवास के बाद प्रदेश के कमोबेश सभी कांग्रेस नेता जोश और खरोश से भर गए है। प्रवास के दौरान खासकर राहुल गांधी ने केन्द्र सरकार और मोदी पर जमकर निशाना साधा। साथ ही मोदी मित्रों को भी निशाना बनाया। इसी क्रम में कार्यक्रम में मौजूद जिला कांग्रेस बिलासपुर के जिला अध्यक्ष विजय केशरवानी ने केन्द्र और अडानी के खिलाफ प्रदर्शन का एलान कर दिया है। विजय केशरवानी ने बताया कि देश को दांव पर रखकर प्रधानमंत्री मोदी अपने उद्योगपति मित्रों की लाइजनिंग कर रहे है। इसी क्रम में मोदी और केन्द्र सरकार की अनुशंशा पर नियम और कायदे को ताक पर रखकर कोल इण्डिया ने रायगढ़ स्थित पेलमा कोयला खदान को गौतम अडानी के हवाले कर दिया है। पूरी कार्रवाई में देश और प्रदेश को करोड़ों का नुकसान हुआ है। मतलब खदान आवंटन के समय जमकर भ्रष्टाचार हुआ है। विजय ने बताया कि रायगढ़ स्थित पेलमा खदान को एमडीओ यानि माइन डेवलपर और अपरेटर की जिम्मेदारी गौतम अडानी को दी गयी है। अपने आदेश में कोल इण्डिया ने खदान विकास के दौरान गौतम आडानी को कोल खनन का भी तोहफा दिया है। विजय ने कहा कि प्रदेश में भ्रष्टाचार को किसी भी सूरत में बर्दास्त नहीं किया जाएगा। गौतम अडानी को पेलमा खदान नियम विरूद्ध दिया गया है। इस बात को लेकर स्थानीय लोगों समेत प्रदेश की जनता में गहरा आक्रोश है। इसके पहले भी ग्रामीण के साथ प्रदेश वासियों ने बैलाडिला खदान आवंटन का विरोध किया था। और केन्द्र सरकार को फैसला वापस लेना पड़ा। एक बार फिर प्रदेश और रायगढ़ की जनता खड़ी हो गयी है। कांग्रेस पार्टी जनता के साथ है। भ्रष्टाचार को किसी भी सूरत में बर्दास्त नहीं किया जाएगा। पांच सितम्बर को जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ता आम जनता के साथ 11 बजे एसईसीएल के सामने जंगी प्रदर्शन करेंगे। कार्यालय का घेराव कर पेलमा खदान के आवंटन निरस्त करने की मांग करेंगे।

# चाकू लेकर घूम रहे दो युवक पकड़ाए

**बिलासपुर**, 3 सितंबर (देशबन्धु)। तारबाहर पुलिस को मुखबीर द्वारा सूचना प्राप्त हुआ कि अटल आवास अशोक नगर सरकण्डा का विशू श्रीवास उर्फ विष्णु श्रीवास और सागर श्रीवास दोनो त्रिवेणी भवन के पास व्यापार विहार में धारदार चाकू लेकर घुम रहे हैं। सूचना पर तारबाहर पुलिस पेट्रोलिंग वाहन में त्रिवेणी भवन के पास व्यापार विहार पहुँचने पर आरोपी विशू श्रीवास उर्फ विष्णु श्रीवास पिता राज कुमार श्रीवास उम्र 22 साल साकिन अटल आवास क्वाटर नंबर 15, सी ब्लाक अशोक नगर थाना सरकण्डा और सागर श्रीवास पिता स्व. संतोष श्रीवास उम्र 21 वर्ष साकिन अशोक नगर सरकण्डा थाना निवासी दोनो अपने हाथ में चाकू लेकर हाथ में लहराते घुमते मिले, चाकू को आरोपी विशू श्रीवास उर्फ विष्णु श्रीवास और सागर श्रीवास के कब्जे से गवाहों के समक्ष जप्ती कर कब्जा पुलिस लिया गया है। आरोपी का कृत्य धारा 25 आर्म्स एक्ट का अपराध घटित करना पाये जाने से अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। दोनो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# हलषष्ठी व्रत के लिए बाजार में आने लगी पसहर चावल और पूजन सामग्री

## संतान के लंबी आयु के लिए माताएं रखेंगी व्रत 5 को



**बिलासपुर**, 3 सितंबर (देशबन्धु)। संतान के लंबी उम्र के लिए 5 सितंबर को माताएं हलषष्ठी माता का व्रत रखेंगी। हलषष्ठी पर्व को लेकर बाजार में पूजन सामग्री आदि की दुकानें लगने लगी हैं। शनिवार को बाजार में हलषष्ठी पूजन सामग्री के लिए पसहर चावल, लाई महुआ, चुकिया आदि की खरीदी करते लोग नजर आए। शनिचरी बाजार, गोलबाजार, बुधवारी शनिचरी बाजार के अलावा फुटपाथ पर, हाथ ठेला पर पूजन सामग्री बेची जा रही है। मान्यता है कि हलषष्ठी के दिन भगवान श्रीकृष्ण के भाई बलराम का जन्म हुआ था। बलरामजी का प्रमुख शस्त्र हल और मूसल है। इसलिए उन्हें हलधर कहते हैं। उन्हीं के नाम पर इस पर्व का नाम हलषष्ठी पड़ा। इस दिन माताएं व्रत रखती हैं। गाय का दूध और दही भी नहीं खाया जाता। भैंस का दूध दही ही उपयोग में लाया जाता है। इस दिन स्त्रियां एक महुए की दातुन करतीं हैं।

### पसहर चावल 200 रुपये किलो

बाजार में पसहर चावल दो सौ रुपये किलो बिक रही है। ग्रामीण क्षेत्र से लोग बाजारों में जगह जगह पर दुकान सजाकर रखे हुए हैं। इसके अलावा गली मोहल्लों में भी पसहर चावल के साथ हलषष्ठी व्रत की सारी पूजन सामग्री बेची जा रही है। व्रत में विशेष रुप से उपयोग किया जाने वाले भैंस की दूध और दही है बाजर में आ गया है। दही 20 रुपये पाव तो घी हजार रुपये किलो तक मिल रही है। हालाकि लोग इसे पूजन में उपयोग करने के लिए जरुरत के हिसाब से खरीदी कर रहे हैं।

# ट्रेनों को रद्द करने, लेटलतीफी के खिलाफ 12 सितंबर को रेल रोको आंदोलन

## उसलापुर स्टेशन के समीप नागरिक सुरक्षा मंच और कांग्रेसी करेंगे प्रदर्शन

**बिलासपुर**, 3 सितंबर(देशबन्धु)। रेल प्रशासन द्वारा छत्तीसगढ़ के लोगों से भेदभाव पूर्वक बर्ताव किया जा रहा है, इसका परोक्ष उदाहरण रेल्वे द्वारा पिछले 02 वर्षो से यात्री गाड़ियों को निरस्त किया जाना तथा ट्रेनों की घंटो -घंटो लेट-लतीफ से ट्रेनों में यात्रा करने वाले लोगों के साथ अन्याय है। विगत 21 सितम्बर 2022 को नागरिक सुरक्षा मंच द्वारा जनता की इन कठिनाईयों को संज्ञान में लेते हुए महा प्रबंधक कार्यालय का घेराव किया गया था। इस दौरान रेल प्रशासन ने प्रतिनिधि मंडल को चर्चा के लिये आमंत्रित किया। रेल्वे के उच्चाधिकारी ने चर्चा के दौरान इन अनियमितताओं को स्वीकार किया तथा एक माह के अन्दर इन समस्याओं के निराकरण किये जाने का आश्वासन दिया था।

परन्तु आज पूरे 01 माह से भी अधिक की समयावधि बीत जाने के बाद भी रेल प्रशासन की कानों में जूँ नहीं रेंग रहा है। अब जबकि रेल्वे द्वारा आम जन की तकलीफों से कोई सरोकार नहीं है तब बिलासपुर की जनता को बड़े आन्दोलनों का निर्णय लेना पड़ सकता है। बिलासपुर प्रेस क्लब में पत्रकारों से चर्चा करते हुए नागरिक सुरक्षा मंच के संयोजक अमित तिवारी ने बताया कि रेल आम जनता के लिए सर्वाधिक किफायती एवं सुविधाजनक यातायात माध्यम है,जिसे रेल्वे अपनी आय बढ़ाने और चंद व्यवसाईयों को लाभ पहुंचाने की नियत से माल ढुलाई को ज्यादा प्राथमिकता दे रहा हे। कोयला लदान वाली गाड़ियों का पटरियों पर बेखौफ दौड़ना इस बात की पुष्टि करता है। माल गाडी को क्लीयरेंस देने के लिये यात्री गाड़ियों को घंटो-घंटो एक स्थान पर रोक दिया जाता है, जो कि रेल यात्रियों के लिये परेशानी का सबब बन जाता है।




वर्तमान में बिलासपुर जोन की सैकड़ों गाडियाँ निरस्त हैं,और जो चल रही है वो भी अनिश्चित कालीन विलम्ब से चल रही है। लोकल गाडियाँ पूर्णतया निरस्त हैं जिसके चलते स्थानीय एवं छोटे-छोटे स्टेशनों से यात्रा करने वाले लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। रक्षाबंधन जैसे महत्वपूर्ण त्यौहार में लोकल गाड़ियों के स्थगित होने के कारण बहनें अपने भाई को राखी तक नहीं बांध पाई जो रेल प्रशासन की पराकाष्ठा को उजागर करता है। अब छत्तीसगढ़ की जनता रेल्वे की नौकरशाही रवैये को बर्दाश्त नहीं करेगी। आम जनता की इन्ही परेशानियों को महसूस करते हुए नागरिक सुरक्षा मंच एवं जिला युवक कांग्रेस ने रेल प्रशासन के तुगलकी निर्णय का विरोध करने का निर्णय लिया है, जिसके तहत 12 सितंबर को 12 बजे रेल रोको आन्दोलन किया जायेगा।

इस आन्दोलन को सामाजिक संगठनों, राजनीतिक संगठनों, व्यापारी, छात्र संगठन सहित बिलासपुर, कोरबा, चांपा-जांजगीर,अकलतरा,सक्ती खरसिया,बिल्हा सहित इस रेल रूट के आने वाले सभी रेल्वे स्टेशनों के नागरिकों का समर्थन प्राप्त है। मंगलवार को अपरान्ह 12 बजे उसलापुर रेल्वे स्टेशन के निकट ट्रेन रोकी जायेगी। इसके बाद भी रेल प्रशासन के रवैये में सुधार नहीं आया तो एक साथ 12 स्टेशनों पर रेल रोको आन्दोलन किया जायेगा, जिसके लिये रेल प्रशासन पूर्ण रूप से जिम्मेदार होगा। पत्रकारों से चर्चा के दौरान देवेंद्र मिश्रा महामंत्री,शहर कांग्रेस कमेटी,राजू यादव,जिला युवक कांग्रेस अध्यक्ष मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### साक्षर व्यक्ति ही सशक्त राष्ट्र निर्माण करने में सक्षम




**कोरबा,** 03 सितंबर (देशबन्धु)। साक्षर और शिक्षित व्यक्ति ही देश को सशक्त, विकसित तथा विश्व का नेतृत्वकर्ता बनाने में योगदान दे सकता है। मनुष्य में चेतना, विवेक तथा परिस्थितियों से अनुकूलन और वैश्विक समझ शिक्षा के माध्यम से ही संभव होता है इसीलिए शत्-प्रतिशत साक्षरता का लक्ष्य प्राप्त करना हमारा उद्देश्य होना चाहिए।

उक्त बातें अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता सप्ताह के अंतर्गत अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय तथा कमला नेहरू महाविद्यालय के गोदग्राम भादा में रासेयो जिला संगठक वाय के तिवारी ने कही। विश्वविद्यालय के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. मनोज सिन्हा तथा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रशांत बोपापुरकर के मार्गदर्शन में ग्राम भादा में आयोजित साक्षरता रैली तथा संगोष्ठी में ग्रामवासियों को यूनेस्को के माध्यम से साक्षरता दिवस मनाने की पहल, आवश्यकता तथा साक्षरता के महत्व के बारे में जानकारी देते हुए लाभ बताए। वरिष्ठ स्वयंसेवक मनीष चंद्रा ने किशन यादव, धीरज यादव उदय दास, तानिया यादव आदि के साथ घरों में जाकर अध्ययन करने व न करने वाले बच्चों की जानकारी प्राप्त की। पढ़ाई छोड़ चुके बच्चों को ओपन स्कूल के माध्यम से आठवीं, दसवीं तथा बारहवीं की परीक्षा में बैठने तथा अपनी ओर से उनकी पढ़ाई में हर संभव सहयोग देने की बात कही। पूरे कार्यक्रम में मनहरण यादव, मितानिन श्रीमती निशा यादव, रमाबाई यादव, कंचन बाई यादव, राधेश्याम यादव, आनंद दास महंत, रितिक यादव, किशन यादव, आंचल यादव, अन्नूलता महंत अंकुश यादव, साहिल महंत, रासेयो कार्यक्रम अधिकारी जी एम उपाध्याय, आशीष यादव, देवांश कुमार, सुरेश दास, शेखर यादव, सुमित यादव, विकास यादव, खुशबू यादव, कृष्णा यादव का सहयोग रहा।

### बिना रायल्टी रेत परिवहन पकड़ा माइनिंग ने




कोरबा, 03 सितंबर (देशबन्धु)। जिला खनिज विभाग ने एक शिकायत पर कार्यवाही करते हुए बिना रायल्टी के रेत परिवहन कर रहे टीपर वाहन को जप्त किया है। 3 दिन पहले यह कार्यवाही सर्वमंगला पुलिस सहायता केन्द्र के अंतर्गत मार्ग में की गई जब यहां से रेत भर कर टीपर वाहन क्रमांक सीजी-12बीजे-1878 गुजर रहा था। खनिज विभाग के निरीक्षक रामखिलावन कुवार्य ने बताया कि सूचना पर विभाग से कर्मचारी को मौके पर भेजा गया था। उसके द्वारा प्रारंभिक तौर पर की गई पड़ताल में पाया गया कि बिना रायल्टी के ही रेत का अवैध परिवहन किया जा रहा था। बरमपुर के आस-पास से रेत लाना बताया गया। बहरहाल खनिज विभाग के कर्मी द्वारा आवश्यक कार्यवाही करते हुए रेत भरे टीपर को जप्त कर लिया गया। उक्त टीपर को सुरक्षार्थ सर्वमंगला पुलिस सहायता केन्द्र परिसर में रखवाया गया है। सहायता केन्द्र प्रभारी एएसआई विभव तिवारी ने बताया कि खनिज विभाग के द्वारा उक्त वाहन को सुरक्षा के दृष्टिकोण से रखवाया गया है।

### 200 लोगों ने किया कांग्रेस प्रवेश



**कोरबा,** 03 सितंबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव के नजदीक आने के साथ ही कांग्रेस की रीति-नीति से प्रभावित होकर कार्यकर्ता पार्टी से जुड़ने लगे हैं। कार्यकर्ता कांग्रेस के प्रति अपनी निष्ठा जता रहे हैं। इसी कड़ी में कोरबा विधानसभा के दर्री ब्लॉक के विभिन्न संगठन के नेता व युवा साथी विकास सिंह सचिव छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में कांग्रेस प्रवेश कर रहे हैं। इसके साथ ही 200 युवा साथियों ने कांग्रेस प्रवेश किया। विकास सिंह ने कांग्रेस प्रवेश कर रहे सैंकड़ों समर्थकों को गमछा पहनाकर सम्मानित करते हुए कांग्रेस परिवार में उनका स्वागत किया।

### तनमय को मिला राष्ट्रीय धरोहर हमारे गौरव सम्मान




कोरबा, 03 सितंबर (देशबन्धु)। एसईसीएल कुसमुंडा परियोजना में सीनियर ओवरमेन के पद पर कार्यरत वीरेंद्र कुमार टंडन के पुत्र तनमय टंडन को वर्ष 2022 -2023 में लगातार मॉडलिंग के क्षेत्र में अवार्ड मिलने पर राष्ट्रीय धरोहर हमारे गौरव सम्मान 2023 से सम्मानित किया गया। रायपुर में राष्ट्रीय धरोहर हमारे गौरव सम्मान का आयोजन शिखर साहित्य समिति रायपुर द्वारा वृंदावन सभा कक्ष सिविल लाईन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष केपी खांडे, विशिष्ट अतिथि डॉ. जेआर सोनी शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता हमारे धरोहर हमारे गौरव पत्रिका के प्रधान संपादक एमएल चेलक ने की। तनमय डीएव्ही स्कूल कुसमुंडा में कक्षा 12वीं का छात्र है।

# हथियारबंद लोगों की निगरानी में 10 किमी लंबा तार काटकर ले गए थे चोर, 6 गिरफ्तार

### चोरी के दौरान कोई पहुंचता तो हत्या कर देने का था खौफनाक इरादा

### 2 वाहन, 4200 किलो एल्यूमिनियम तार सहित कई सामान बरामद



**कोरबा,** 03 सितंबर (देशबन्धु)। लैंको अमरकंटक पावर प्लांट पताढ़ी के द्वारा बिजली सप्लाई के लिये टावर लगाकर उसमें खींचे गए एल्युमिनियम तार की चोरी के मामले में पुलिस ने 6 आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल किया है।

ट्रांसमिशन लाइन खींचकर तैयार किये गये टावर में कुछ तकनीकी खराबी के कारण काम कुछ महिनों से रुका हुआ था। बंद पड़े लाइन का फायदा उठाकर टावर में लगे एल्युमिनियम के बिजली सप्लाई तार को पिछले कुछ दिनों के भीतर 10 किलोमीटर लंबा तार अज्ञात चोरों द्वारा काटकर चोरी कर लिया गया।

जानकारी के अनुसार ग्राम पताढ़ी में 2 गुणा 660 मेगावाट थर्मल पॉवर प्लांट का निर्माण किया जा रहा है। निर्माणाधीन यूनिट से उत्पादित बिजली से सप्लाई के लिए ग्राम पताढ़ी से जिला जांजगीर-चाम्पा के ग्राम तागा स्थित पॉवरग्रिड कार्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के ग्रिड सब स्टेशन तक ट्रांसमिशन लाइन निर्माण के लिए टॉवर व एल्यूमिनियम कंडक्टर का उपयोग किया गया है। कुछ कारणों से लाइन निर्माण का कार्य वर्तमान में स्थगित है। स्थल निरीक्षण के दौरान लैंको के 400 केव्ही डीसी ट्रांसमिशन लाइन के कंडक्टर की चोरी व टॉवर के क्षतिग्रस्त होने की जानकारी हुई। लैंको के कार्यकारी निदेशक वाय धरनिंदर के निर्देश पर सहायक महाप्रबंधक दुष्यंत तिवारी के द्वारा लिखित शिकायत उरगा थाना में की गई। पुलिस ने धारा 379 भादवि के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। पुलिस अधीक्षक यू. उदयकिरण के मार्गदर्शन व थाना प्रभारी निरीक्षक युवराज तिवारी के नेतृत्व में टीम ने ग्राम भलपहरी मोड़ के पास चेकिंग के दौरान टाटा 407 एवं पिकअप वाहन में भरा चोरी का एल्युमिनियम तार सहित 6 आरोपियों को पकड़ा गया।

### तार काटने रोजी पर रखे थे आदमी

मुख्य आरोपी अब्दुल फारूख ने पुलिस को बताया कि साथी मुस्तकिम खान, गोलू डीजे एवं गुल्ली के साथ योजना बनाया कि बंद पड़े टावर में लगे एल्युमिनियम तार को काट कर बेचने से अच्छा पैसा मिलेगा। फारूख ने कोरबा से 2 गाड़ी और काटने के लिये गैस कटर, गैस सिलेण्डर का इंतजाम किया। गैस कटर में काम करने वाले राकेश चौहान एवं रमेश उरांव को 2000 रुपये नीचे के तार को काटने तथा ऊपर का तार काटने के लिये 4000 रूपये रोजी में तैयार किया। 31 अगस्त की रात फारूख व मुस्तकिम ग्राम केराकछार से मजदूर लाकर सभी लोगों को दारू-मुर्गा खिलाये तथा फारूख ने 2 तलवार एवं 2 स्टील व लोहे के पाईप देकर गुलशन धारी सहित 4 लोगों को बस्ती में भेजा ताकि कोई इधर आए या पुलिस को सूचना दें तो उसे यहीं खत्म कर देंगे।

### आधी रात पुलिस देखकर जंगल में छिपाया माल

आरोपी 1 सितंबर की रात करीब 2 बजे तक टावर का एल्युमिनियम तार काटकर गाड़ी में भरकर कोरबा ला रहे थे कि तरदा चौक के पास पुलिस को देखकर उक्त सभी माल को गाड़ी सहित कनकी के जंगल में छिपाकर तिरपाल से ढंक दिये थे। सुबह करीब 8 बजे दोनों गाड़ियों को कोरबा ले जाते हुये भलपहरी मोड़ के पास इन्हें पकड़ा गया। आरोपीगणों के विरूद्ध धारा 379, 34, 120बी भादवि 25, 27 आर्म्स एक्ट का जुर्म दर्ज किया गया है।

### इन आरोपियों को किया गिरफ्तार

अब्दुल फारूख खान पिता स्व. अब्दुल अनवर खान 33 वर्ष मुड़ापार, मो. मुस्तकिम खान पिता स्व. मोहम्मद रफीउल्ला खान निवासी पुरानी बस्ती, राकेश चौहान पिता लगन सिंह चौहान 26 वर्ष नेहरू नगर कुंआभट्ठा, रमेश कुमार उरांव उर्फ आरके पिता जोहित राम 23 वर्ष भदरापारा पोलमी पाली, संतलाल पटेल पिता स्व. कन्हैया लाल पटेल 40 वर्ष पंप हाउस, गुलशन धारी पिता सुरेन्दर धारी 21 वर्ष धनवार पारा इतवारी बाजार को पकड़ा गया। आरोपी गोलू प्रजापति उर्फ गोलू डीजे गुल्ली एवं छोटू महंत फरार हैं। सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक युवराज तिवारी, एएसआई बलीराम निराला, रामनारायण रात्रे, आरक्षक, प्रेम साहू, नरेश टाण्डेल, रामेन्द्र बर्मन, हितेश राव की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# करोड़ों की वाटिका के दरवाजों को बांस का सहारा




कोरबा, 03 सितंबर (देशबन्धु)। अनेक खूबियों और व्यवस्थाओं से पूर्ण करते हुए 12 करोड़ से अधिक के खर्च वाले अशोक वाटिका का लोकार्पण तो कर दिया गया लेकिन इसमें अभी भी अनेक कार्य होना शेष है। लोकार्पण की हड़बड़ी इतनी थी कि वाटिका के मुख्य द्वार पर दोनों तरफ सिंगल गेट लगवाया ही नहीं गया। अब इन दोनों दरवाजों को बांस का सहारा देकर रोका-छेका किया जाता है।

जिला ही नहीं बल्कि प्रदेश के सबसे बड़े उद्यान का गौरव प्राप्त व ऑक्सीजोन के रूप में विकसित अशोक वाटिका में लोगों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया है। यहां अब दुपहिया वाहन लेकर भी लोग प्रवेश करने लगे हैं। वाटिका में मुख्य द्वार पर तैनात कर्मचारी ने बताया कि सुबह और शाम को अशोक वाटिका आम लोगों के लिए खोली जा रही है। जिस वक्त वहां पहुंचे, वह भोजन कर रहा था लेकिन अशोक वाटिका के बड़े गेट के दोनों तरफ लगे छोटे गेट पर बांस फंसा कर रास्ता बंद किया गया था। पूछने पर बताया कि दोनों गेट पर दरवाजा नहीं लगा है और कोई प्रवेश न कर जाए इसलिए बांस फंसा कर रखा गया है। अशोक वाटिका में सीसीटीवी कैमरे भी नहीं लगाए गए हैं जिससे सुरक्षा पर सवाल उठने लगे हैं।

अशोक वाटिका के भीतर दुपहिया वाहनों की आवाजाही होते देखी गई वहीं वाटिका के बंद होने के समय के बाद बाहर कुछ लोगों को भीतर जाने के लिए इंतजार करते भी देखा गया।

बता दें कि अशोक वाटिका में शुद्ध प्राणवायु प्राप्त करने के लिए नगर के लोगों का आना-जाना शुरू हो गया है लेकिन यहां पहुंचने से



पहले भारी वाहनों से उड़ने वाली धूल, कोल डस्ट का इन्हें सामना करना पड़ता है। अशोक वाटिका के सामने मुख्य मार्ग पर भारी वाहनों के खड़े होने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है।

### स्कूली बच्चों को किया जा रहा है डेंगू के प्रति जागरूक

**रायगढ़** 03 सितंबर (देशबन्धु)। निगम प्रशासन द्वारा डेंगू से बचाव एवं नियंत्रण के लिए स्कूलों में जाकर छात्रों को जागरूक किया जा रहा है। हर रोज स्कूलों में जाकर छात्रों को डेंगू से बचने के लिए बरतने वाली सावधानी की जानकारियां दी जाती है।

निगम कमिश्नर सुनील कुमार चंद्रवंशी के निर्देश पर डेंगू नियंत्रण और बचाव के लिए लगातार कार्य किया जा रहे हैं। इसी कड़ी में अब निगम की स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा शहर के स्कूलों में जाकर छात्रों को डेंगू के प्रति जागरुक किया जा रहा है। शनिवार को राजीव नगर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में जाकर छात्रों को डेंगू से बचाव नियंत्रण और लक्षण की जानकारी दी गई। इसी तरह शुक्रवार को केवड़ाबाड़ी बस स्टैंड स्थित शासकीय स्कूल में छात्रों को डेंगू फैलने संबंधित बातों और सावधानियां की जानकारी दी गई। इस दौरान छात्रों को घरों में साफ पानी के जमाव नहीं रखने, गमले, कुलर, फ्लावर पॉट, फ्रिज के पीछे, टायर अन्य जगह पर जमे पानी की नियमित सफाई करने, मच्छरदानी में ही सोने और फुल आस्तीन का कपड़ा पहनने की जानकारी दी जा रही है।

# भाजपा का घोषणा पत्र छलावा वाला नहीं बल्कि सच्चाई के लिए होगा : बघेल




### भाजपा चुनाव घोषणा पत्र समिति के संयोजक की पत्रवार्ता

**कोरबा,** 03 सितंबर (देशबन्धु)। सांसद और भाजपा के छत्तीसगढ़ चुनाव घोषणा पत्र समिति के प्रदेश संयोजक विजय बघेल ने कहा भूपेश सरकार से राज्य का हर वर्ग प्रताड़ित है। भाजपा का घोषणा पत्र कांग्रेस के घोषणा पत्र की तरह छलावा वाला नहीं होगा, बल्कि सच्चाई लिए होगा।

घोषणा पत्र के संदर्भ में नागरिकों से चर्चा करने कोरबा पहुंचे विजय बघेल ने जिला भाजपा कार्यालय में मीडिया से चर्चा की। श्री बघेल ने बताया कि एक माह में सवा लाख से ज्यादा सुझाव प्राप्त हो चुके हैं। घोषणा पत्र के लिए 20 दिनों तक और सुझाव लिए जाएंगे। 15 सदस्यीय कमेटी सुझावों की समीक्षा करेगी। 8-9 राज्यों से अच्छी योजनाओं की जानकारी भी मंगाई गई है। उनका भी अध्ययन किया जाएगा। इसके बाद पार्टी का घोषणा पत्र तैयार होगा। सांसद ने सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि उन्होंने राज्य को हड़ताल प्रदेश बना दिया है। पहली बार ऐसा हुआ कि पांच दिनों तक मंत्रालय में ताला लगा रहा। श्री बघेल ने दावा किया वे पाटन से चुनाव जीतेंगे और मुख्यमंत्री को हराएंगे। संसद विजय बघेल से पूछा गया कि 2018 में पार्टी ने 68 सीटों पर जीत का लक्ष्य तय किया था, 2023 में कितनी सीटें जीतने का टारगेट है। इस पर विजय बघेल ने कहा कि पार्टी ने कोई लक्ष्य निर्धारित नहीं किया है, लेकिन भाजपा अधिकतम सीटें जीतेगी और राज्य में सरकार बनाएगी। एक सवाल के जवाब में सांसद विजय बघेल ने कहा कि 2023 के विधानसभा चुनाव में भाजपा किसी को भी मुख्यमंत्री का चेहरा नहीं बनाएगी। कमल छाप ही भाजपा का चेहरा होगा। श्री बघेल ने स्वयं को सीएम पद का चेहरा होने से नकार दिया।

# महिलाओं के स्वालम्बन पथ पर बढ़ने से ही समाज का विकास

### दोना पत्तल निर्माण के व्यवसाय से जुड़ा महिला समूह

**कोरबा-कुसमुंडा,** 03 सितंबर (देशबन्धु)। नगर पालिक निगम क्षेत्र के वार्ड 62 कुचैना ग्राम की महिलाओं को एसईसीएल के सीएसआर के तहत स्वरोजगार शुरू करने के उद्देश्य से प्रदत्त दोना-पत्तल मशीन का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर महिला समूह की सदस्यों का उत्साहवर्धन करते हुए ऊर्जाधानी भूविस्थापित किसान कल्याण समिति के अध्यक्ष सपुरन कुलदीप ने कहा कि समाज में महिलाएं सभी क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्यो के बावजूद अपने अधिकार से वंचित हैं। सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक सशक्तिकरण और स्वालम्बन के पथ पर



खुद को साबित करना होगा और इसी से समाज का सही विकास संभव है।

ऊर्जाधानी भू-विस्थापित किसान कल्याण समिति लगातार क्षेत्र के भू-विस्थापितों, युवाओं और महिलाओं के अधिकार दिलाने के लिए संघर्ष कर रही है जिसमें रोजगार के वैकल्पिक व्यवस्था के अंतर्गत सीएसआर का लाभ दिलाया गया है। इस अवसर पर समिति के रुद्र दास महंत, दीपक यादव, ललित महिलांगे, अनसुइया राठौर, विष्णु बिंझवार, संतोष चौहान, सतीश चंद्रा, महिला समिति की अध्यक्ष श्रीमती मदन कंवर, पटवारी मनमोहन कैवर्त, ग्राम कोटवार छेदी लाल, नारायण सिंह, धीरपाल सिंह, श्याम सिंह, बोट सिंह, सुशीला कंवर, मदन कुंवर, अनुराधा, राजकुमारी, धन कंवर, पूजा कंवर, राधा बाई, कुमारी कंवर, सुख बाई, हर बाई, अशोक बाई, सुकृत बाई, अमरीन बाई, अनिता कंवर, सुनीता कंवर, काजल कंवर, सरोजनी, ज्योति, बद्री नारायण, बबली कंवर, रानी कंवर, पूनम कंवर, पुष्पा कंवर, छोटू बाई, शुभम कंवर, जय प्रसाद, रामा प्रसाद, उमा प्रसाद सहित अन्य उपस्थित थे। महिला समूह की सदस्यों ने सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

# लखन ने चाय वालों से लेकर स्वच्छता कर्मियों से मांगा घोषणा पत्र पर सुझाव

### सांसद विजय बघेल के साथ विभिन्न क्षेत्रों के दौरे पर पहुंचे

**कोरबा,** 03 सितंबर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी के कोरबा विधानसभा प्रत्याशी लखनलाल देवांगन ने जन घोषणा पत्र समिति के अध्यक्ष सांसद विजय बघेल की उपस्थिति में सुबह से ही क्षेत्रों का दौरा किया।

इस कड़ी में लखनलाल देवांगन व विजय बघेल इंदिरा स्टेडियम में खिलाड़ियों से एवं अशोक वाटिका में अधिवक्ता संघ तथा सुभाष चौक के पास चाय दुकान, ठेला वाला, गुमटी वालों व आमजन से मुलाकात कर क्षेत्र की आवाज को जाना तथा सुझाव प्राप्त किए। कोरबा बस स्टैंड में ऑटो संघ वालों से व पुष्पलता उद्यान में समाज



प्रमुख व रिटायर्ड पर्सन के साथ भेंट मुलाकात कर हाल-चाल जाना। दर्री में स्वच्छता कर्मियों से मुलाकात किया। बालको मंडल में मितानिनों से भेंटकर उनके मन की इच्छा अनुरूप सुझाव प्राप्त किए। भाजपा कार्यालय में पत्रकार व मीडिया कर्मियों से भेंट किया। इस दौरान प्रत्याशी लखन देवांगन ने जनता से आशीर्वाद मांगा। सांसद विजय बघेल ने कहा कि भाजपा छत्तीसगढ़िया आम जनमानस की आवाज को अपने जन घोषणा पत्र में शामिल करेगी। इस हेतु सघन जनसंपर्क कर आम जनमानस की आवाज को जन घोषणा पत्र में उल्लेखित किया जाएगा। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष डॉ. राजीव सिंह, जोगेश लांबा, अशोक चावलानी, तुलसी ठाकुर, गोपाल मोदी, हितानंद अग्रवाल, पार्षद विकास अग्रवाल, भोजराम राजवाड़े उमा भारती सराफ, प्रफुल्ल तिवारी, अशोक तिवारी कमलेश यादव, विनोद यादव नूतन राजवाड़े राजेन साहू, अनिरुद्ध चंदा, रितु चौरसिया, शिव बालक सिंह, अजय विश्वकर्मा, परविंदर सिंह, ईश्वर साहू सहित सभी मंडलों के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## तिरछी नज़र

■ राजेन्द्र जायसवाल

### बढ़ी धडक़नें...

विधानसभा चुनाव का समय नजदीक आते ही एक-एक दिन भारी पडने़ लगा है। हालत उनकी पतली है जो पूरी उम्मीद के साथ अपनी टिकट पक्की होने की आस लगाए बैठे हैं। कांग्रेस हो या भाजपा, इन दोनों दलों ने अभी पत्ते खोले नहीं हैं हालांकि भाजपा ने अब तक कभी न जीत पाने वाली सीटों के लिए प्रत्याशी उतार दिए हैं लेकिन जिनमें शेष हैं, उन्हें लेकर अटकलों का बाजार और उम्मीदवारों की धडक़नें तेज हैं।

### लखन के मंच पर प्रेमलता

एक कार्यक्रम में कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री प्रेमलता मंच पर भाजपा प्रत्याशी लखनलाल देवांगन के साथ नजर आ रही हैं। यह तस्वीर समाचारों के साथ वायरल होते ही कांग्रेस खेमे में एकबारगी हलचल सी मच गई। लोगों से यह सवाल भी होने लगे कि आखिर भाजपा के साथ कांग्रेस नेत्री की फोटो कैसे और कहां से आ गई? वैसे लखन देवांगन बहुत ही सीधे व सरल स्वभाव के हैं। वे राजनीति से परे हटकर भी सम्मान देते हैं और भोजली तिहार के आयोजन के दौरान इसी सम्मान के वशीभूत प्रेमलता उनके साथ मंच पर पहुंच गईं जिसे लोग तिल का ताड़ बनाते रहे।

### घोषणा पत्र में जनता की आवाज

कांग्रेस और भाजपा दोनों ही दलों के द्वारा घोषणा पत्र बनाने की कवायद जोर-शोर से की जा रही है। दोनों ने ही जनता और जनता की आवाज को तवज्जो देने का ऐलान किया है। अब ये नेतागण सफाई मित्रों से लेकर हर वर्ग के पास पहुंच कर उनकी जरूरतों और भावनाओं को समझने में जुट गए हैं, जिनसे इन 5 वर्षों में कोई खास नजदीकियां नहीं रही। वैसे जनता का स्वभाव काफी लचीला होता है वह भी चुनाव के मौसम में। उसे तो नेताओं से उम्मीद है कि आने वाला भविष्य सुधर जाए, ऐसी योजना घोषणा पत्र में शामिल कर लागू करें।

### रामपुर में महिला की तलाश

जिले की रामपुर विधानसभा सीट को लेकर कयास लगाया जा रहा है कि इस बार यहां महिला प्रत्याशी को मौका दिया जा सकता है। इसके आसार भाजपा में ज्यादा बने हैं। क्षेत्र से मौजूदा विधायक ननकीराम कंवर की वरिष्ठता टिकट देने में आड़े आ रही है तो वहीं युवा टिकेश्वर राठिया तथा अजय कंवर का भी नाम उछला है। पैनल में रेणुका राठिया का भी नाम शामिल हैं जिससे विरोध के स्वर कमजोर करने महिला प्रत्याशी को टिकट के आसार हैं।

### कौन बनेगा रामपुर का लक्ष्मण ?

टिकट को लेकर ऊहापोह का दौर कांग्रेस में भी बना हुआ है कि रामपुर विधानसभा का लक्ष्मण बनाने के लिए वह किसे मैदान में उतारे। वैसे तो पूर्व विधायक श्यामलाल कंवर ने अपनी मजबूत दमदारी पेश की है तो उनके पुत्र भी कहीं न कहीं कतार में लगे हैं। पिछले चुनाव में संगठन से नाराज होकर अलग हुए और दूसरे स्थान पर पहुंचे फूल सिंह राठिया इस बार टिकट के लिए पूरा जोर लगाए बैठे हैं। अगर फूल सिंह को टिकट मिली तो रामपुर में चुनाव राठिया वर्सेस राठिया हो सकता है।

### हर बार का दुखड़ा

पार्टी की बैठक में जब भी संगठन के नेता शामिल होने पहुंचे हैं तब-तब तवज्जो नहीं दिए जाने का दुखड़ा सुनाया गया है। चुनाव के मौसम में भी यह दुखड़ा हावी है। कहीं बिजली बिल को लेकर तो कहीं प्रदूषण व अन्य मसलों पर तो कहीं-कहीं काम का ठेका नहीं मिलने तक का दुखड़ा संगठन नेताओं के सामने सुनाया जा रहा है।

### कका के भतीजा पहुंचे

प्रदेशवासियों के कका भूपेश बघेल के भतीजे भाजपा सांसद विजय बघेल ऊर्जाधानी में डटे हुए हैं। वे जनता के बीच पहुंचकर उनका मंतव्य और मन जानने की कोशिश कर रहे हैं। अटकलों का दौर भी जारी है कि भतीजा के बाद कका का एक फेरा कोरबा में लग सकता है।

### एक सवाल आप से

क्या नौकरी पेशा दावेदारों को इस चुनाव में कांग्रेस या भाजपा उम्मीदवार बनाएगी?

## सार-संक्षेप

### खनिज विभाग की बड़ी कार्यवाही, अवैध परिवहन करते 14 ट्रकों को किया जप्त



**रायगढ,** 3 सितंबर (देशबन्धु)। जिले के खनिज विभाग ने आज अभियान चला कर खनिज परिवहन करने वाले वाहनों की जांच की। जिसमें 14 वाहनों को खनिज का अवैध परिवहन करते पाए जाने पर जप्त कर पुलिस अभिरक्षा में सौंप दिया।

इस संबंध में अधिक जानकारी देते हुए जिला खनिज अधिकारी श्री योगेंद्र सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि बीते दिनों कलेक्टर श्री तारन प्रकाश सिन्हा व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री सदानंद कुमार ने समीक्षा बैठक लेकर खनिज के अवैध परिवहन पर लगातार कार्यवाही करने के निर्देश दिए थे। इसी कड़ी में आज खनिज अमला, रायगढ़ द्वारा जिले में खनिज परिवहन कर रहे वाहनों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में गौण खनिज चूनापत्थर के 10 वाहन, कोयला के 01 वाहन, रेत के 02 वाहन एवं मुरूम के 01 वाहन के द्वारा अवैध खनिज परिवहन कर रहे कुल 14 वाहनों को पुलिस थाना चक्रधरनगर के अभिरक्षा में रखा गया है।

उपरोक्त प्रकरणों में छ.ग. गौण खनिज नियमावली 2015 के नियम 71 तथा खान एवं खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 21 के अंतर्गत दण्डात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जावेगी। जिला खनिज अधिकारी श्री सिंह ने बताया कि जिले के खनिज ठेकेदारों /खनिज परिवहनकर्ताओं को निर्देशित किया गया है कि बिना अभिवहन पास के खनिजों का परिवहन करना दण्डनीय अपराध है। अतः अवैध परिवहनकर्ताओं एवं उत्खननकर्ता के विरूद्ध पुनः इसी प्रकार कृत्य करने पर दण्डात्मक कार्यवाही की जावेगी। कलेक्टर श्री तारन प्रकाश सिन्हा व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री सदानंद कुमार के मार्गदर्शन में जिले में खनिज के अवैध उत्खनन एवं परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण हेतु खनिज, राजस्व एवं पुलिस अमला के संयुक्त दल द्वारा विशेष अभियान चला कर निरन्तर जांच कर नियमानुसार कार्यवाही किया जायेगा।

### विवादित मीना बाजार में धारदार हथियार से युवक पर प्राणघातक हमला

#### संचालक ने समझौता करके सुलझाया पूरा मामला



**रायगढ़** 03 सितंबर (देशबन्धु)। शहर के सावित्री नगर में संचालित विवादित मीना बाजार में शुक्रवार की रात एक युवक पर झुला संचालक के द्वारा हथौडीनुमा हथियार से पेट में वार कर घायल करने का मामला सामने आया है। पीड़ित के थाने पहुंचने की जानकारी के बाद मीना बाजार संचालक के द्वारा इस पूरे मामले को सुलझाने के लिये समझौता करने का दौर शुरू और रविवार की शाम तक इस पूरे मामले में समझौता हो चुका है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार शहर के इंदिरा नगर का रहने वाला वसीम खान 27 साल शुक्रवार की रात अपनी पत्नी और बच्चों के साथ सावित्री नगर में संचालित मीना बाजार घूमने गया था। इसी दौरान आकाश झुला में वसीम की पत्नी चढ़ने लगी तब शराब के नशे में धुत्त एक युवक उनके ही साथ झुला में चढ़ने लगा, वसीम के द्वारा जब इसका विरोध किया गया तो उक्त युवक ने अपने साथियों के साथ मिलकर हथौड़ीनुमा हथियार से वसीम के पेट में प्राणघातक हमला कर दिया जिससे लहुलूहान हालत में परिजनों के द्वारा उसे एक निजी अस्पताल में उपचार हेतु ले जाया गया जहां उसके पेट में चार टाका लगा है। बताया जा रहा है कि जिस युवक ने वसीम के साथ मारपीट की है वह मीना बाजार का ही सदस्य है।पीड़ित के थाने पहुंचने की जानकारी के बाद मीना बाजार संचालक के द्वारा इस पूरे मामले को सुलझाने के लिये रविवार की की सुबह समझौता करने का दौर शुरू हुआ और फिर शाम 4 बजे तक दोनों पक्षों में समझौता हो चुका है।

#### सुरक्षित नही मीना बाजार

शुक्रवार की रात सावित्री नगर मीना बाजार में हुई घटना के बाद शहर के लोगों का कहना है कि मीना बाजार संचालकों के द्वारा ही वहां आने महिलाओं के साथ इस तरह की हरकत की जाती है तो ऐसे में वहां जाना कतई उचित नही होगा। एक समय ऐसा था जब मीना बाजार स्थल में पुलिस पूरे समय ड्यूटी रहती थी जिसके कारण वहां कभी इस तरह की घटना घटित नही हुई।

#### रोज लगता है शराबियों का जमावड़ा

शहर के सावित्री नगर में जिस जगह पर मीना बाजार संचालित है उसके ठीक बगल में शराब दुकान होनें की वजह से मीना बाजार के अंदर व बाहर शराबियों का अलग-अलग समूह घुमते आसानी से देखा जा सकता है। शराबियों के द्वारा आए दिन परिवार के साथ मीना बाजार घुमने आये महिलाओं एवं युवतियों के साथ छेड़छाड की घटनाएं भी की जा रही है।

### परिवार का भेट भरने दाव पर लगाई जिंदगी

**रायगढ़** 03 सितंबर (देशबन्धु)। जंगली हाथियों से प्रभावित बंगुरसिया-हमीरपुर के जंगलों में अपनी जान की परवाह किये बगैर अपना और अपने परिवार का पेट भरने तेंदुपत्ता तोड़ने वाले गरीब श्रमिकों को 100 दिन से अधिक समय बीत जाने के बावजूद भुगतान नही हो सका है। आलम यह है कि अपनी मेहनत का भुगतान पाने गरीब श्रमिक अब दर-दर की ठोंकरे खाने पर मजबूर हो गए हैं।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति की ऐतिहासिक महत्व पता फड़ी हमीरपुर 100 दिन बाद भी भुगतान नहीं हो पाने से गरीब किसानों के कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। तमनार क्षेत्र के गरीब श्रमिक जो अपनी जान जोखिम में डालकर कर जंगली हाथियो के जंगल में मौजूदगी के बावजूद जंगल से तेंदूपत्ता तोड़ कर अपने परिवार के लिये दो वक्त की रोटी और शरीर ढकने के लिये कपड़े की खातिर अपनी जान दाव पर लगाकर कड़ी मेहनत करता है। गांव के गरीब मजदूरों ने बताया कि 7 मई माह में फड़ में बिक्री करने के बाद आज तक उनके खाता में राशी मिलने से वे बहुत दुखी हैं। फड़ मुंशी लोचन प्रधान से पूछने पर शाखा प्रबंधक अशोक कुमार गुप्ता से अपनी बात रखने की बात कहकर टाल दिया जाता है। ऐसे में अब इस क्षेत्र के गरीब श्रमिक जिला प्रशासन वन विभाग से यह जानकारी चाहते हैं कि ठेकेदार से कितना समय बाद समिति को हैंड ओवर पत्ता को करते हैं।

# कलेक्टर के मार्गदर्शन में द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम,दो दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन

## सीईओ जिला पंचायत एवं स्वीप नोडल कंवर ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण, शत प्रतिशत मतदान हेतु दिलाई गई शपथ











**अंबिकापुर,** 3 सितंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुंदन कुमार के मार्गदर्शन में सरगुजा जिले के सभी 786 मतदान केदो में द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 02 एवं 03 सितंबर को विशेष शिविर का आयोजन किया गया।

विशेष शिविर का अवलोकन एवं निरीक्षण मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं स्वीप नोडल अधिकारी नूतन कुमार कंवर एवं अपर कलेक्टर अमृतलाल ध्रुव के द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान गांधीनगर के चार मतदान केंद्र व फुंदुरडिहारी के तीन मतदान केंद्र में भ्रमण किया गया। निरीक्षण के समय अभिहित अधिकारी नवीन सहाय, नीता अम्बष्ट, स्वाति उपाध्याय, सरोज मारई एवं बीएलओ श्रीमती नूतन सिन्हा ने विशेष शिविर के अंतर्गत प्राप्त होने वाले फार्म 6,7 एवं 8 की जानकारी प्रदान की।

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान अंबिकापुर में आयोजित शिक्षकों के प्रशिक्षण में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत उपस्थित प्रशिक्षणार्थियों को अपर कलेक्टर ध्रुव ने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी विधानसभा निर्वाचन में शत् प्रतिशत मतदान हेतु 18 वर्ष पूर्ण करने वाले सभी युवाओं का नाम मतदाता सूची में अनिवार्य रूप से जोड़ा जावे।

सीईओ जिला पंचायत सरगुजा एवं स्वीप नोडल अधिकारी श्री कंवर ने सभी प्रशिक्षार्थियों को शत प्रतिशत मतदान हेतु शपथ दिलाई।

उन्होंने उपस्थित बीएलओ को घर-घर संपर्क कर शत-प्रतिशत मतदाताओं का नाम जोड़ने की कार्यवाही को पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया ।

उन्होंने यह भी बताया कि दिव्यांग मतदाता, बुजुर्ग मतदाता का मतदान केंद्र स्तर पर सम्मान भी किया जावे। इस अवसर पर कार्यपालन अभियंता जल संसाधन विभाग श्री अरुण मिश्रा मतदान केंद्र के प्रभारी अधिकारी के रूप में, एवं जिला स्वीप सहायक नोडल अधिकारी श्री गिरीश गुप्ता, प्राचार्य जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान अंबिकापुर श्रीमती शशि सिंह, संस्था की वरिष्ठ व्याख्याता श्री के सी गुप्ता व अन्य स्टाफ, प्राध्यापक गण एवं प्रशिक्षार्थी शिक्षक उपस्थित रहे।

### पागल कुत्ते काटने से ग्रामीण की उपचार के दौरान मौत

**रायगढ़** 03 सितंबर (देशबन्धु)। पिछले दिनों कुत्ता काटने से गंभीर रूप से घायल ग्रामीण की उपचार के दौरान बीती रात मौत हो गई।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार तमनार थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम मडवाडोंगा निवासी संतराम यादव पिता घासीराम यादव 54 साल 13 अगस्त की सुबह अपने खेत में दवा छिड़कने गया हुआ था। इसी दरम्यान एक पागल कुत्ते से उस हमला कर पंजा मारते हुए काट लिया था। जिसके बाद गंभीर रूप से घायल ग्रामीण को उपचार के लिये तमनार अस्पताल ले जाया गया जहां स्थिति में सुधार नही होनें की स्थिति में उसे रायगढ़ मेडिकल कालेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां उपचार के दौरान बीती रात उसकी मौत हो गई।

# देर रात बॉर्डर चेकपोस्ट के निरीक्षण में पहुंचे रायगढ़ कलेक्टर-एसपी

#### गुजर रहे वाहनों की करवाई जांच, पकड़ाया अवैध गिट्टी परिवहन करता एक ट्रक

#### ड्यूटी पर लगे कर्मचारियों को मुस्तैदी से जांच करने के दिए निर्देश

#### निर्वाचन के मद्देनजर सीमावर्ती इलाकों में बढ़ायी गयी निगरानी





**रायगढ़,** 3 सितंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री सदानंद कुमार कल देर रात रायगढ़ जिले के सीमावर्ती इलाकों के निरीक्षण में निकले। उन्होंने सीमा पर बने हमीरपुर और रेंगालपाली चेक पोस्ट का जायजा लिया। इस दौरान आने-जाने वाले वाहनों की सघन जांच भी उन्होंने अपने सामने करवाई। अधिकारियों ने बॉर्डर के चेक पोस्ट पर तैनात कर्मचारियों को गुजरने वाले हर गाड़ी की मुस्तैदी से जांच करने और अवैध और संदिग्ध परिवहन पर तत्काल कार्यवाही करने के साथ अपने उच्च अधिकारियों को सूचित करने के निर्देश दिए। इस बीच गुजर रही गाडियों के निरीक्षण के दौरान अवैध गिट्टी परिवहन करता एक ट्रक भी पकड़ा गया।

कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि चुनाव नजदीक है ऐसे में पैसों, शराब तथा अन्य सामग्रियों के अवैध परिवहन के मामले सामने आते हैं। इन सभी पर बारीकी से नजर रखने और उन पर कार्यवाही बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि बॉर्डर पर निगरानी के लिए पुलिस के साथ परिवहन, आबकारी, खनिज विभागों की टीमों को संयुक्त रूप से समन्वय के साथ काम करना है। उन्होंने लगातार पूरी सघनता से जांच जारी रखने के निर्देश दिए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री सदानंद कुमार ने निर्देश देते हुए कहा कि गुजरने वाले वाहनों की अच्छे से जांच की जाए। जहां भी मामला संदिग्ध लगे तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित करें। कानून व्यवस्था के लिहाज से जांच नियमित रूप से जारी रहे। इसमें कहीं कोई कोताही न हो। निरीक्षण के दौरान पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

गौरतलब है कि आगामी निर्वाचन की तैयारियों के मद्देनजर कानून व्यवस्था को लेकर लगातार जिले के उच्च अधिकारी समीक्षा कर रहे हैं। इसी सिलसिले में पिछले दिनों झारसुगुड़ा में एक उच्च स्तरीय अंतर्राज्यीय बैठक भी आयोजित की गई थी। जिसमें रायगढ़ सहित छत्तीसगढ़ और ओडिसा के सीमावर्ती सारंगढ़-बिलाईगढ़, झारसुगुड़ा, सुंदरगढ़ और बरगढ़ इन 5 जिलों के कलेक्टर व एसपी ने बैठक कर निर्वाचन के दौरान कानून व्यवस्था को चाक चौबंद रखने के लिए सीमा पर कड़ी निगरानी और सूचनाओं के आदान प्रदान को लेकर समन्वित कार्ययोजना के साथ काम करने की रूपरेखा तैयार की गई थी। इसके साथ ही कलेक्टर श्री तारन प्रकाश सिन्हा ने एसपी रायगढ़ श्री सदानंद कुमार और एसपी सारंगढ़ श्री आशुतोष सिंह के साथ बैठक लेकर विभागों को संयुक्त टीम बनाकर क्रॉस बॉर्डर परिवहन की सघन जांच और कार्यवाही के संबंध में दिशा-निर्देश दिए थे।

# रायगढ़ प्रदेश का पहला जिला जहां ग्राम पंचायतों में यूपीआई से टैक्स लेने की हुई शुरुआत

#### डिजिटल पेमेंट को बढ़ावा देने जिले के पंचायतों के बनाए गए यूपीआई आईडी



**रायगढ़,** 3 सितंबर (देशबन्धु)। यूपीआई और क्यूआर कोड से ऑनलाइन पेमेंट की सुविधा आज शहर से लेकर गांवों तक कमोबेश हर व्यापारिक व्यवसायिक संस्थानों में देखने को मिल जायेगी। कलेक्टर श्री तारन प्रकाश सिन्हा के निर्देशन और सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्दर यादव के मार्गदर्शन में रायगढ़ जिले के ग्राम पंचायतों में ऑनलाइन पेमेंट से करों के भुगतान की सुविधा मुहैय्या कराई जा रही है। इससे करदाता क्यूआर कोड को स्कैन कर सीधे पंचायत के खाते में टैक्स की राशि जमा कर सकता है। डिजिटल पेमेंट के रूप में पंचायतों द्वारा कर संग्रहण की शुरुआत करने वाला रायगढ़ प्रदेश का पहला जिला है।

इस संबंध में जानकारी देते हुए सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्दर यादव ने बताया कि टेक्नोलॉजी को लोक सुविधाओं से जोड़ते हुए पंचायतों में यूपीआई कोड के माध्यम से ऑनलाइन पेमेंट की शुरुआत की गई है। इससे करदाता पंचायत आकर सचिव से अपने टैक्स की राशि की गणना करवाकर कर तत्काल उसका भुगतान यूपीआई के जरिए पंचायत के बैंक खाते में सीधे जमा कर सकता है। इससे एक ओर जहां राशि खाते में जमा होने से कर संग्रहण में पारदर्शिता बढ़ेगी वहीं नकद में मिलने वाली राशि को बैंक में जमा करने में लगने वाले समय की भी बचत होगी। उन्होंने बताया कि जिले के सभी पंचायतों के यूपीआई आईडी बनाए गए हैं। इस मामले में भी रायगढ़ प्रदेश में अव्वल है।

#### लोगों ने कहा आज के दौर की यह पहल जरूरी, बढ़ेगी पारदर्शिता और बचेगा समय

गांवों में लोगों यूपीआई से अपने टैक्स का पेमेंट भी शुरू कर दिया है। पुसौर ब्लॉक के ग्राम घुटकुपाली के सुकांत समरथ ने बताया कि उन्होंने इस बार अपने मकान टैक्स का ऑनलाइन भुगतान किया है। वे कहते हैं कि गांव-गांव में लोग अब स्मार्ट फोन और ऑनलाइन पेमेंट माध्यमों का उपयोग कर रहे हैं। अब इसी के जरिए उनके पंचायत के टैक्स का भुगतान भी हो रहा है यह आज के दौर के लिए एक जरूरी पहल जिला प्रशासन ने की है। उन्होंने आगे कहा कि इससे समय की बड़ी बचत होगी। यूपीआई आईडी से वो कहीं से भी अपने टैक्स का भुगतान ऑनलाइन कर सकेंगे। इससे अपना काम छोड़ के पंचायत जा कर टैक्स अदा करने की बाध्यता खत्म हो जाएगी। पंचायत सचिव श्री ओमप्रकाश गुप्ता बताते हैं कि गांव में लोगों को ऑनलाइन पेमेंट के बारे में जानकारी दी गई है। अधिकांश परिवारों में कोई न कोई सदस्य ऑनलाइन पेमेंट के बारे जागरूक है। तो यह पहल निश्चित रूप से लोगों के लिए पहले से अधिक सुविधाजनक होगा।

# यात्री बस का टायर फटा

#### बस पेड से टकराई, सामने बैठे लोगों को आई चोट



**रायगढ़** 03 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में शुक्रवार की सुबह केवड़ाबाड़ी बस स्टैण्ड से यात्रियों को लेकर निकली बस का टायर फट जाने से पेड़ से जा टकराई। इस दुर्घटना में बस के सामने बैठे कुछ लोगों को मामूली चोट लगी है वहीं बस का सामने का हिस्सा क्षतिग्रस्त हुआ है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार शनिवार की सुबह तकरीबन साढ़े 9 बजे रायगढ़ के केवड़ाबाड़ी बस स्टैण्ड से यात्रियों को लेकर निकली राधास्वामी बस क्रमांक सीजी 13 एजे 2219 तमनार के मिलूपारा जा रही थी। इसी बीच घरघोड़ा थाना से 3 किलोमीटर पहले झारिपाली के पास बस के सामने तरफ का टायर फट गया जिससे तेज रफ्तार बस का चालक अपने वाहन पर नियंत्रण खा बैठा और बस सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई। इस दुर्घटना में बस के सामने बैठे कुछ लोगों को मामूली चोट लगी है वहीं बस का सामने का हिस्सा क्षतिग्रस्त हुआ है।

बताया जा रहा है कि बस में तकरीबन 30 से अधिक यात्री सवार थे और इस बस को पूंजीपथरा से होकर लेकर तमनार मिलूपारा जाना था परंतु इस मार्ग की सड़क अत्यंत जर्जर होनें के कारण बस चालक घरघोड़ा की तरफ से यात्रियों को लेकर तमनार जाने निकला था, लेकिन इससे पहले ही यह दुर्घटना घटित हो गई। बहरहाल घटना की जानकारी लगते ही पूंजीपथरा पुलिस मौके पर पहुंचकर यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाने दूसरे वाहन की व्यवस्था कराने में जुटी हुई है।

# हर्षोल्लास के साथ मनाई गई सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के गठन की पहली वर्षगांठ

#### मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की दृढ़ इच्छाशक्ति का परिणाम है नवोदित सारंगढ़ जिला - श्री राय





**सारंगढ़-बिलाईगढ़,** 3 सितंबर (देशबन्धु)। जिला स्थापना का एक साल पूर्ण होने के अवसर पर आज स्थानीय खेलभाठा मैदान में मुख्य अतिथि संसदीय सचिव एवं विधायक बिलाईगढ़ श्री चंद्रदेव राय और विधायक सारंगढ़ एवं उपाध्यक्ष अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण श्रीमती उत्तरी गनपत जांगड़े ने दीप प्रज्ज्वलित कर नवगठित जिला के उत्सव की शुरूआत की। इस अवसर पर छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक खेल आयोजित किया गया, साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों की कड़ी में विद्यालयीन एवं महाविद्यालयीन छात्र छात्राओं के द्वारा आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किए गए।

स्थानीय खेलभाठा मैदान में आयोजित मंचीय कार्यक्रम में हरदी हाईस्कूल, सारंगढ़ के पं. लोचन प्रसाद पांडेय शासकीय महाविद्यालय, प्रांजल मानसिक दिव्यांग स्कूल, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुति कर लोगों को मंत्रमुग्ध किया। प्रांजल मानसिक दिव्यांग स्कूल के बच्चों के प्रदर्शन से खुश होकर विधायक श्रीमती जांगड़े ने 11 सौ रूपए का नगद इनाम प्रोत्साहन स्वरूप दिया।

मुख्य अतिथि की आसंदी से सम्बोधित करते रहते संसदीय सचिव श्री राय ने कहा कि क्षेत्र की जनता की सतत् मांग पर मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले की सौगात दी है। इस नवीन जिले का निर्माण उन्हीं की दृढ़ इच्छाशक्ति और संकल्प का सकारात्मक परिणाम है। उन्होंने आगे कहा कि मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ की विलुप्त हो रही संस्कृति, तीज-त्यौहार, परंपरा, मान-सम्मान को वास्तविक रूप से संरक्षित किया है, बढ़ावा दिया है। विधायक श्रीमती जांगड़े ने मुख्यमंत्री श्री बघेल को जिला बनाने के लिए धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बताया कि यहां 100 बिस्तर अस्पताल, कोसीर को उप-तहसील बनाया गया है और हाल ही में कोसीर को नगर पंचायत बनाने मंत्रिपरिषद में निर्णय लिया गया है। विधायक श्रीमती जांगड़े ने स्वर्गीय नंदकुमार पटेल के योगदान को याद करते हुए जिला बनने की संक्षिप्त जानकारी दी। कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी ने जिले के पिछले एक वर्ष की उपलब्धि, पूर्ण हुए कार्यों और प्रगतिरत कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ने 01 सितंबर 2022 को जिले का गठन हुआ था और 3 सितंबर को छत्तीसगढ़ के 30वें जिले के रूप में सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला अस्तित्व में आया। यह जिला रायगढ़ व बलौदाबाजार जिले से विभाजित होकर और रायपुर-बिलासपुर संभाग से विभाजित कर बनाया गया है। कार्यक्रम को श्रीमती मंजू मालाकार और श्री निराकार पटेल ने भी समारोह को संबोधित किया।

इस अवसर पर अध्यक्ष जिला पंचायत रायगढ़ श्री निराकार पटेल, अध्यक्ष जनपद पंचायत सारंगढ़ श्रीमती मंजू मालाकार, अध्यक्ष जनपद पंचायत बरमकेला श्रीमती तारा शर्मा, अध्यक्ष नगरपालिका परिषद सारंगढ़ श्रीमती सोनी बंजारे, सदस्य जिला पंचायत रायगढ़ श्री कैलाश नायक, विधायक प्रतिनिधि श्री गनपत जांगड़े, सहित पुलिस अधीक्षक श्री आशुतोष सिंह, जिला प्रशासन के अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

#### जिले की पहली वर्षगांठ पर काटा केक, सारंगढ़ हर जिला बन गै गाने पर थिरके जनप्रतिनिधि

सारंगढ़ बिलाईगढ़ के जिला गठन की पहली वर्षगांठ आज जिला मुख्यालय में रंगारंग कार्यक्रम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि संसदीय सचिव श्री चंद्रदेव राय और सारंगढ़ विधायक श्रीमती उत्तरी जांगड़े ने केक काटकर जिला स्थापना के एक वर्ष पूर्ण होने का हर्षोल्लास मनाया। मंचस्थ अतिथियों ने एक दूसरे को केक खिलाकर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। साथ ही 卐सारंगढ़ हर बनगे जिला, बिलाईगढ़ हर बनगे जिला卐 गाने पर जनप्रतिनिधियों ने थिरककर अपनी खुशियों का इजहार किया।

#### रस्साकसी में अधिकारियों की टीम ने मारी बाज़ी

जिला स्थापना की प्रथम वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक खेलों के दौरान जनप्रतिनिधि टीम और जिला प्रशासन टीम के बीच सांकेतिक स्पर्धा हुई, जिसमें कलेक्टर और एसपी की अगुवाई में जिला प्रशासन की टीम ने जीत हासिल कर बाज़ी मारी। जनप्रतिनिधियों की टीम में संसदीय सचिव श्री चंद्रदेव राय और सारंगढ़ विधायक श्रीमती उत्तरी जांगड़े सहित विभिन्न निकायों के नेतागण शामिल थे।






### जीनत अमान और शबाना आजमी को लेकर फिल्म बन टिक्की बनाएंगे मनीष मल्होत्रा

**मुंबई।** जानेमाने फैशन डिजाइनर मनीष मल्होत्रा ,जीनत अमान और शबाना आजमी को लेकर फिल्म बन टिक्की बनाने जा रहे हैं। मनीष मल्होत्रा फिल्म प्रोड्यूसर के तौर पर डेब्यू करने जा रहे हैं। उन्होंने अपने प्रोडक्शन हाउस- स्टेज-5 प्रोडक्शन शुरू करने की जानकारी दी। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए अपने प्रोडक्शन हाउस की फिल्म बन टिक्की की अनाउंसमेंट की। मनीष मल्होत्रा की इस फिल्म से जीनत अमान , शबाना आजमी के साथ दिखाई देंगी। इस फिल्म में अभय देओल भी होंगे। फिल्म का निर्देशन फराज आरिफ अंसारी करेंगे।

कोविड संक्रमण को लेकर विशेषज्ञों का दावा

# एक्सबीबी व ईजी वेरिएंट की तुलना में कोविड बीए.2.86 कम संक्रामक


**नई दिल्ली,** 3 सितम्बर (एजेंसियां)। विशेषज्ञों ने रविवार को तर्क दिया कि नया पाया गया बीए.2.86 कोविड उप-वेरिएंट एक्सबीबी और ईजी स्ट्रेन की तुलना में कम संक्रामक हो सकता है, जिसने पहले दुनिया भर में महत्वपूर्ण संक्रमण फैलाए थे। बीए.2.86, जो ओमिक्रॉन संस्करण से आया है, अब तक चार महाद्वीपों में कोविड के 29 मामलों से जुड़ा हुआ है।

- चीनी वैज्ञानिकों के नए अप्रकाशित प्रयोगात्मक डेटा की अब तक समीक्षा नहीं
- एक्सबीबी.1.5 की तुलना में बीए.2.86 एंटीजेनिक रूप से भिन्न

चीनी वैज्ञानिकों के नए अप्रकाशित प्रयोगात्मक डेटा, जिनकी अब तक समीक्षा नहीं की गई है, से पता चला है कि बीए.2.86 वायरस के पिछले संस्करणों से इतना अलग है कि यह पुराने वेरिएंटों के लिए शरीर में बने एंटीबॉडी से आसानी से बच जाता है। इस मामले में यह ईजी.5 से भी आगे है।

पेकिंग विश्वविद्यालय के सहायक प्रोफेसर यूनलोंग रिचर्ड काओ ने एक्स पर लिखा कि एक्सबीबी.1.5 की तुलना में बीए.2.86 एंटीजेनिक रूप से भिन्न है। यह एक्सबीबी-संक्रमण/टीकाकरण प्रेरित एंटीबॉडी से काफी हद तक बच सकता है, हालांकि, बीए.2.86 की संक्रामकता एक्सबीबी.1.5 और ईजी.5 की तुलना में बहुत कम हो सकती है।

अमेरिका में फ्रेड हच कैंसर सेंटर के विकासवादी जीवविज्ञानी डॉ. जे.सी. ब्लूमन ने न्यूयॉर्क टाइम्स को बताया कि एक संभावित



परिदृश्य यह है कि बीए.2.86 वर्तमान वेरिएंट की तुलना में कम संक्रामक है, और इसलिए कभी भी व्यापक रूप से नहीं फैलता है। हालांकि, इस बात की भी संभावना है कि वैरिएंट व्यापक रूप से फैल जाएगा - और हमें जानने के लिए और अधिक डेटा का इंतजार करना होगा।

आंकड़ों से पता चलता है कि अपडेटेड वैक्सीन भी इसके खिलाफ कम प्रभावी होगी। हालांकि, यूएस सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन (सीडीसी) ने अपने 23 अगस्त के जोखिम मूल्यांकन में कहा कि वर्तमान में उपलब्ध आंकड़ों के आधार पर, एक्सबीबी.1.5 वेरिएंट को लक्षित करने वाले अपडेट किए गए कोविड -19 टीके बीए.2.86 के खिलाफ प्रभावी होने की उम्मीद है। ये गंभीर बीमारी और अस्पताल में भर्ती होने को कम करेंगे।

बीए.2.86 वैरिएंट में एक्सबीबी.1.5 से 35 से अधिक आनुवंशिक अंतर हैं, जो इस वर्ष के अधिकांश समय में प्रमुख वैरिएंट है। सीडीसी ने कहा कि यह आनुवंशिक छलांग 'लगभग वैसी ही है' जैसी कि प्रारंभिक ओमिक्रॉन संस्करण और डेल्टा संस्करण के बीच देखी गई थी।

येल मेडिसिन के हालिया बुलेटिन में संक्रामक रोग विशेषज्ञ डॉ. स्कॉट रॉबर्ट्स ने कहा कि इतनी अधिक संख्या में उत्परिवर्तन उल्लेखनीय है। उन्होंने कहा कि जब हम (ओमाइक्रॉन वैरिएंट) एक्सबीबी.1.5 से (एरिस) ईजी.5 तक गए, तो वह शायद एक या दो उत्परिवर्तन थे। लेकिन ये बड़े बदलाव, जो हमने डेल्टा से ओमीक्रॉन तक भी देखे, चिंताजनक हैं।

इस बीच, सीडीसी ने यह भी नोट किया कि हाल के अन्य वेरिएंट की तुलना में बीए.2.86 उन लोगों में निर्णायक संक्रमण पैदा करने में अधिक सक्षम हो सकता है जो पहले संक्रमित या टीका लगाए गए थे।

अब तक, यह अधिक गंभीर बीमारी का कारण नहीं पाया गया है। सीडीसी ने कहा, लेकिन मामलों की सीमित संख्या का मतलब है कि यह जानना बहुत जल्दी है कि क्या यह अधिक गंभीर कोविड-19 का कारण बनता है या अन्य वेरिएंट की तुलना में अधिक संक्रामक है।

स्वीडन में कारोलिंस्का इंस्टिट्यूट के एक शोधकर्ता बेन मुरेल ने एक्स पर लिखा कि कुल मिलाकर, यह ओमिक्रॉन के मूल उद्भव जितनी गंभीर स्थिति नहीं लगती है।

# सरगुन मेहता ने मुझे एक बेहतर अभिनेत्री बनने के लिए प्रेरित किया : अलीशा परवीन



**नई दिल्ली,** 3 सितम्बर (एजेंसियां)। पारिवारिक ड्रामा 'उड़ारियां' में आलिया की भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री अलीशा परवीन ने शो की निर्माता सरगुन मेहता के साथ अपनी पहली मुलाकात को याद किया। 2019 में अभिनेत्री सरगुन ने अपने पति रवि दुबे के साथ अपना खुद का प्रोडक्शन हाउस ड्रीमियाटा एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड शुरू किया था। एक फिल्म 'झल्ले' का भी सह-निर्माण किया था। मार्च 2021 में ड्रीमियाटा एंटरटेनमेंट ने टेलीविजन शो 'उड़ारियां' का निर्माण किया। इस शो में पहले प्रियंका चाहर चौधरी और अंकित गुप्ता शामिल थे। शो की लीप के बाद की प्रेम कहानी दर्शकों को मंत्रमुग्ध करती रहती है।

अपने किरदारों के प्रति सच्चे रहते हुए नए कलाकार आलिया के रूप में अलीशा, अरमान गिल के रूप में अनुराज चहल, और आसमां ढिल्लों के रूप में अदिति भगत दर्शकों का मनोरंजन करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं।

सरगुन के साथ अपनी मुलाकात को याद करते हुए अलीशा ने कहा कि मैं सरगुन मेहता के प्रति अपनी हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त करने के लिए एक क्षण लेना चाहती हूं जो हमारे शो की निर्माता हैं। जब मैं उनसे पहली बार मिली तो उन्होंने मुझे वैसा ही रहने की सलाह दी, और मुझे विश्वास हो गया कि मैं 'उड़ारियां' की उनकी आलिया हूं। उन्होंने आगे कहा कि जब कोई आप पर इस तरह का आत्मविश्वास दिखाता है, तो आपके काम करने के तरीके में बहुत बड़ा अंतर आ जाता है। मुझे एक बेहतर अभिनेत्री बनने में प्रेरित करने के लिए मैं उन्हें धन्यवाद देती हूं। अपने किरदार के बारे में उन्होंने कहा कि आलिया अपने सपनों को महत्व देती है और उन्हें पूरा करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती।

आलिया, नेहमत (ट्विंकल अरोड़ा द्वारा अभिनीत) और एकम (हितेश भारद्वाज द्वारा अभिनीत) की प्यारी बेटी है, जो नेहमत को अपना सबसे बड़ा प्रतिद्वंद्वी मानती है। शो में अरमान 25 साल का एक उत्साही लड़का है, जो आलिया के दिल में एक विशेष स्थान रखता है, और मानता है कि ऐसी कोई चीज नहीं है जिसे जुगाड़ ठीक नहीं कर सकता। यह शो कलर्स पर प्रसारित होता है।

# छात्र का कमाल, मोतियाबिंद का पता लगाने के लिए ऐप बनाया

**लखनऊ,** 3 सितम्बर (एजेंसियां)। लखनऊ के 17 वर्षीय ईशान वसंतकुमार ने एक एआई-आधारित ऐप 'रोशिनी' डेवलप किया है जो शुरुआत में ही मोतियाबिंद का पता लगाएगा। इस ऐप को शनिवार को उत्तर प्रदेश टेक्निकल सपोर्ट यूनिट और स्टडी हॉल द्वारा आयोजित नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर के दौरान पेश किया गया। स्टडी हॉल स्कूल के 12वीं कक्षा के छात्र ईशान ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन और इंडिया हेल्थ एक्शन ट्रस्ट के साथ मिलकर इस ऐप को बनाने के लिए एक साल तक काम किया। यह यूजर-फ्रेंडली है, सार्वजनिक तथा फ्रंटलाइन के स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं दोनों के लिए सुलभ है जो शुरुआती मोतियाबिंद जांच में ग्रामीण समुदायों की सहायता करेगा। इसका टारगेट अनुपचारित मोतियाबिंद के कारण होने वाले अंधेपन और

- मोतियाबिंद जांच में ग्रामीण समुदायों की करेगा सहायता
- ऐप का उपयोग वाराणसी, फतेहपुर और हापुड़ में होगा



दृष्टि संबंधित समस्याओं को खत्म करना है। प्रारंभ में ऐप का उपयोग वाराणसी, फतेहपुर और हापुड़ में किया जाएगा। ईशान ने दावा किया है कि फिलहाल भारत में ऐसा कोई ऐप उपलब्ध नहीं है। ईशान का कहना है कि मेरे नाना-नानी दोनों मोतियाबिंद से पीड़ित थे, जिसने मुझे इस संबंध में काम करने के लिए प्रेरित किया। यूपीटीएसयू के एक डेटा वैज्ञानिक सत्य स्वरूप ने कहा कि इस ऐप के माध्यम से हम ग्रामीण भारत में मोतियाबिंद जांच में क्रांति लाना चाहते हैं। शिविर की शुरुआत एप के प्रदर्शन और प्रतिभागियों के लिए मुफ्त स्क्रीनिंग के साथ हुई।

# एक असाधारण आभा की धनी थी अभिनेत्री नूतन : मौसमी चटर्जी

**नई दिल्ली,** 3 सितम्बर (एजेंसियां)। रियलिटी शो 'इंडियाज बेस्ट डांसर 3' में दिग्गज अभिनेत्री मौसमी चटर्जी ने अभिनेत्री नूतन को याद करते हुए कहा कि वह अद्वितीय प्रेरणा की स्रोत थीं। अभिनेत्री मौसमी चटर्जी ने डांस रियलिटी शो 'इंडियाज बेस्ट डांसर 3' के मंच पर विशेष अतिथि के रूप में शिरकत की। 'डांस का ट्रिपल धमाल' विशेष एपिसोड में दो प्रतियोगी एक कोरियोग्राफर के साथ मिलकर आकर्षक प्रदर्शन से सभी को आश्चर्यचकित कर देंगे। नूतन की प्रशंसा करते हुए मौसमी ने साझा किया कि नूतन जी, एक गुरु देवी और अद्वितीय प्रेरणा के स्रोत के रूप में एक असाधारण आभा रखती थीं। उन्होंने एक सच्चे कलाकार का सार भी प्रस्तुत किया। 1969 की 'परिणीता' फेम अभिनेत्री ने कहा कि किशोर कुमार जी के साथ उनकी युग-परिभाषित भूमिकाओं से लेकर 'सरस्वती चंद्र' में उनके कालजयी प्रदर्शन तक वह एक संपूर्ण अभिनेत्री थीं। मुझे उनके भीतर के कलाकार को देखने का सौभाग्य मिला। मौसमी ने आगे कहा कि नूतन ने एक बार मेरे साथ बहुत ही अमूल्य सलाह साझा करते हुए कहा था, चाहे आप कहीं भी हों, कभी भी अपने आप से नजरें न हटाएं। किसी और जैसा बनने या उनकी यात्रा का अनुकरण करने की आकांक्षा न करें। जितना हो सके प्रामाणिक बनें और अपना रास्ता खुद बनाएं।



# दो शिक्षकों ने फिर बढ़ाया पूर्वांचल विश्वविद्यालय का मान

**जौनपुर,** 3 सितम्बर (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के जौनपुर स्थित वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय की पूर्व संकायाध्यक्ष एवं बायोटेक्नोलॉजी विभाग की पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. वंदना राय और केमिस्ट्री विभाग के असिस्टेंट प्रो. डॉ मिथिलेश यादव ने स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी, यूएसए द्वारा जारी विश्व के शीर्ष दो प्रतिशत वैज्ञानिकों की सूची में लगातार तीसरे वर्ष भी जगह बनाई है। इन वैज्ञानिकों की अन्तरराष्ट्रीय उपलब्धि से पूर्वांचल विश्वविद्यालय का सम्मान बढ़ा है। प्रो. वंदना राय पिछले 24 वर्षों से अधिक समय से बायोटेक्नोलॉजी के क्षेत्र में मानव आणविक अनुवांशिकी में स्वास्थ्य सम्बन्धी विषयों और फोलिक एसिड से सम्बंधित जींस समेत अनेक बीमारियों को प्रभावित करने वाले सिंगल न्युक्लीओटाइड पोलीमोर्फिस्म पर महिलाओं व ग्रामीण क्षेत्र की जनता के लिए कार्य कर रहीं हैं। प्रो. वंदना राय मुख्य रूप से विभिन्न जन्मजात, न्यूरोलॉजिकल, मानसिक, कैंसर तथा आयु से सम्बंधित बीमारियों पर शोध कार्य कर रही हैं। साथ ही उनके द्वारा इन बीमारियों के बारे में पूर्वांचल की जनता को लगातार जागरूक किया जा रहा हैं। प्रो. राय के 100 से अधिक शोध पत्र राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय शोध पत्रिकाओं में प्रकशित हो चुके हैं। उन्हें उच्च शिक्षा विभाग द्वारा उच्च शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य हेतु शिक्षक श्री सम्मान हेतु भी चयनित किया गया है। इसके अतिरिक्त उन्हें पूर्व में कई अन्य पुरस्कार/सम्मान प्राप्त हो चुके है। प्रो. वंदना राय को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के साथ-साथ कई परियोजनाएं प्राप्त हुई हैं। वे कई देशों का शैक्षणिक भ्रमण भी कर चुकीं हैं । डॉ मिथिलेश यादव एक दशक से अधिक समय से पॉलीमर केमिस्ट्री के क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं, अब तक उनके 65 अंतरराष्ट्रीय शोध पत्र प्रकाशित हो चुके हैं। डॉ मिथिलेश यादव को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के साथ-साथ विभिन्न एजेंसीज से कुल 30 लाख की रिसर्च ग्रान्ट प्राप्त हो चुकी है। पूर्व में डॉ. मिथिलेश 4 वर्षों तक दक्षिण कोरिया एवं 2 वर्षों तक ताइवान में शोध कार्य कर चुके हैं। वर्ष 2014 से 2017 तक डॉ यादव कोठारी पोस्ट- डॉक्टर फेलो के रूप में जामिया मिल्लिया इस्लामिया, नई दिल्ली में भी कार्य कर चुके हैं। दोनों शिक्षकों की इस उपलब्धि ने विश्वविद्यालय का अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सम्मान बढ़ाया है।

- 100 से अधिक शोध पत्र राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय शोध पत्रिकाओं में प्रकशित





# 'आईजीटी 10' - अपना सिग्नेचर 'हुनर सलाम' देने के लिए क्रेन पर चढ़ी शिल्पा शेट्टी

**नई दिल्ली,** 3 सितम्बर (एजेंसियां)। एक्ट्रेस और 'इंडियाज गॉट टैलेंट' की जज शिल्पा शट्टी कुंद्रा शो में अबूझमाड़ ग्रुप को अपना सिग्नेचर 'हुनर सलाम' देने के लिए क्रेन पर चढ़ गईं। टैलेंट रियलिटी शो के रविवार के एपिसोड में भक्ति गायक अनूप जलोटा की मौजूदगी में जन्माष्टमी का त्योहार मनाया जाएगा।

'टॉप 14' के कंटेस्टेंट्स के परफॉर्मेंस से न केवल अनूप जलोटा, बल्कि जज शिल्पा शेट्टी कुंद्रा, बादशाह और किरण खेर भी हैरान रह जाएंगे।

प्रतिभा और मनोरंजन की सीमाओं को आगे बढ़ाने के लिए जाना जाने वाला, छत्तीसगढ़ का अबूझमाड़ ग्रुप स्टेज पर दमदार



परफॉर्मेंस देंगे। उनके परफॉर्मेंस के बारे में बात करते हुए, शिल्पा ने कहा कि आपने इस एक्ट के जरिए बहुत सारे स्किल्स दिखाए हैं। इसने मुझे यूरोप में परफॉर्म करने वाले 'सर्क डी सोइल' नाम के एक ट्रूप की याद दिला दी। जिस तरह से आपने आज हमारा मनोरंजन किया, वह देखकर मैं हैरान हूं। यह बेहतरीन परफॉर्मेंस था।

उनकी सराहना करते हुए, किरण ने साझा किया कि शानदार! यह एक्ट एक ही समय में कठिन और सुंदर दोनों था। जिस तरह से आप इतनी सटीकता के साथ परफॉर्म करने में सफल रहे, वह सराहनीय है! मैं भगवान से प्रार्थना करती हूं कि वह आपको हमेशा सुरक्षित और खुश रखें। वहीं अनूप जलोटा ने कहा कि इनको छत्तीसगढ़ के 36 हीरो मिल गए। सब कुछ अद्भुत था, लेकिन छोटा बच्चा, सुरेश बेहतरीन था।

# 'जाने जान' के नए पोस्टर में जयदीप अहलावत का जबरदस्त ट्रांसफॉर्मेशन

**मुंबई,** 3 सितम्बर (एजेंसियां)। करीना कपूर की अपकमिंग थ्रिलर 'जाने जान' के ट्रेलर लॉन्च से पहले, एक नए पोस्टर का अनावरण किया गया है, जिसमें फिल्म के लिए एक्टर जयदीप अहलावत का ट्रांसफॉर्मेशन दिखाया गया है। एक्टर के ट्रांसफॉर्मेशन के चलते उन्हें पहचानना मुश्किल हो रहा है। तस्वीर में जयदीप को घने बालों के साथ व्हाइट शर्ट, ब्लैक पैंट और ब्लैक टाई पहने देखा जा सकता है। वह नीचे की ओर मुंह करके बैठे हैं, उनके चेहरे पर चिंता का भाव है। जयदीप अहलावत और करीना कपूर दोनों ने इंस्टाग्राम पर पोस्टर जारी किया, पोस्ट को कैप्शन दिया कि कुछ सीक्रेट्स, जान लेकर ही रहेंगे। 'जाने जान' का ट्रेलर 2 दिन में रिलीज होगा। निर्देशक सुजॉय घोष ने भी अपने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्टर जारी करते हुए लिखा, नरेन व्यास से आपका परिचय कराते हुए बहुत उत्साहित हूं। प्यार करना कोई इनसे सीखे 'जाने जान' का ट्रेलर 2 दिन में रिलीज हो जाएगा।



वेब-सीरीज़ 'पाताल लोक' में इंस्पेक्टर हाथी राम चौधरी के रूप में नज़र आने के बाद, एक्टर के लिए यह एक बहुत ही अलग लुक है। इससे पहले भी, एक्टर ने 'राजी', 'विश्वरूपम 2' और 'गैंग्स ऑफ वासेपुर' जैसी कई फिल्मों में काम किया है। 'जाने जान' एक क्राइम थ्रिलर है, जो कीगो हिगाशिनो के जापानी नोवेल 'द डिवोशन ऑफ सस्पेक्ट एक्स' पर बेस्ड है। फिल्म का ट्रेलर 5 सितम्बर 2023 को रिलीज होगा, जबकि फिल्म 21 सितम्बर 2023 को नेटफ्लिक्स पर आएगी।

# जन्माष्टमी पर कान्हा की जन्मभूमि में होगा ठाकुर जी का अनूठा श्रृंगार

**मथुरा,** 3 सितम्बर (एजेंसियां)। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर कान्हा की जन्मभूमि पर आने वाले लाखों श्रद्धालु



इस बार ठाकुर जी का अनूठा श्रृंगार देखेंगे। श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान के सचिव कपिल शर्मा के अनुसार भगवान श्रीकृष्ण की जन्मभूमि आने वाले तीर्थयात्री रजत कमल पुष्प में न केवल ठाकुर का प्राकट्य देख सकेंगे बल्कि स्वर्णमण्डित रजत कामधेनुस्वरूपा गौ प्रतिमा द्वारा ठाकुर का प्रथम अभिषेक देख सकेंगें किंतु इससे पहले मोर्छलासान में विराजमान होकर अभिषेक स्थल पर चल विगृह का दर्शन भी कर सकेंगे। इस बार सोमनाथ पुष्प बंगले में ठाकुर जी को विराजमान करने की व्यवस्था भी की गई है। कान्हा का अभिषेक श्रीकृष्ण जन्मस्थान न्यास के अध्यक्ष महन्त नृत्य गोपालदास की अध्यक्षता में 7 सितम्बर को होगा।

सचिव शर्मा के अनुसार 20 घंटे से अधिक समय तक ठाकुर के पट खुले रहेंगे। इस बार ऐसी व्यवस्था की जाएगी कि श्रद्धालुओं को दर्शन करने में किसी प्रकार की परेशानी न हो। जन्माष्टमी की शुरूवात 7 सितम्बर को प्रात: साढे पांच बजे शहनाई वादन एव ढोल तथा नगाड़ो की बुलन्द आवाज से होगी। इसके बाद अभिषेक का कार्यक्रम एक घंटे से अधिक देर तक वैदिक मंत्रों के मध्य होगा। अभिषेक का चरणामृत उस समय श्रीकृष्ण जन्मस्थान परिसर में मौजूद सभी भक्तों में वितरित किया जाएगा। प्रात: दस बजे से श्रद्धा कार्यक्रम होगा जिसमें देश के जाने माने कलाकार अपनी स्वरलहरी और वाद्य यंत्र के माध्यम से ठाकुर के श्रीचरणों में अपनी भवांजलि प्रस्तुत करेंगें तो जाने माने संतों का इस अवसर पर प्रवचन होगा।

उधर श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान के सदस्य गोपेश्वरनाथ चतुर्वेदी ने बताया कि इस बार जन्मस्थान आनेवाले तीन प्रमुख मार्गों पर तीर्थयात्रियों का सामान रखने की व्यवस्था की गई है। तीर्थयात्रियों को सलाह दी गई है कि वे इलेक्ट्रानिक सामान अपने ठहरने के स्थान पर ही रखकर दर्शन के लिए आएं। सामान रखने के स्थान पर जिला स्वास्थ्य विभाग द्वारा चिकित्सा की भी व्यवस्था की जाएगी। आयुर्वेद भवन प्रांगण में खोया पाया केन्द्र बनाया जाएगा।

### जनमाष्टमी कार्यक्रम का आयोजन

सचिव शर्मा के अनुसार अभिषेक का कार्यक्रम जनमाष्टमी की रात 12 बजकर 5 मिनट से 12 बजका 20 मिनट तक चलेगा तथा इसके बाद कान्हा का जन्म महाअभिषेक 12 बजकर 40 मिनट तक चलेगा। इसके बाद श्रृंगार आरती 12 बजकर 50 मिनट तक होगी तथा दर्शन खुले रहेंगे। शयन आरती 1 बजकर 25 मिनट से डेढ़ बजे तक होगी और इसके बाद दर्शन बंद हो जाएंगे। उन्होंने बताया कि जन्माष्टमी पर जन्मस्थान आनेवाले प्रत्येक भक्त को प्रसाद दिया जाता है। इस बार भी निकास द्वारों पर इसकी व्यवस्था की जाएगी। चूंकि आनेवाले भक्तों की संख्या लाखों में होती है इसलिए खराब न होनेवाले प्रसाद का बनना अभी से शुरू हो गया है।

आईआईटी दिल्ली के प्रोफेसरों का दावा

# पोकर, रम्मी कौशल के खेल



**नई दिल्ली,** 3 सितम्बर (एजेंसियां)। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), दिल्ली के प्रोफेसरों ने कहा है कि कार्ड गेम पोकर और रम्मी 'कौशल' के खेल हैं, चाहे वे ऑनलाइन खेले जाएं या ऑफलाइन।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और ऑटोमेशन के कैडेंस चेयर प्रोफेसर प्रो. तपन के. गांधी ने अपनी टीम के साथ हाल ही में एक व्यापक अध्ययन किया है जिसमें पुष्टि की गई है कि पोकर और रम्मी कौशल के खेल हैं। अध्ययन पोकर और रम्मी में सफलता के लिए आवश्यक संज्ञानात्मक और अन्य कौशल के महत्व को पुष्ट करता है।

इसने खेल में अनुभव और सीखने योग्य कौशल के प्रभाव और खेल में खिलाड़ी की दीर्घकालिक सफलता में इसकी भूमिका का विश्लेषण किया।

गांधी ने एक बयान में कहा कि हमारे पूरे शोध के दौरान, हमें ऐसे दिलचस्प मामले पेश किए गए, जिनसे यह स्पष्ट हो गया कि इन खेलों के लिए वास्तव में एक स्तर की जन्मजात समझ की आवश्यकता होती है, जो खिलाड़ियों की संज्ञानात्मक क्षमताओं के निर्माण में सहायता करती है।

उन्होंने कहा कि सिर्फ खेल के कौशल पहलू को सीमित नहीं करते हुए, हमने यह भी देखा कि खिलाड़ी के नरम कौशल जैसे सामाजिक संकेतों को समझना, उच्च दबाव वाली स्थितियों में निर्णय लेना, स्मृति बनाए रखना और लगातार खेलने के दौरान आगे बढ़ना आदि शामिल हैं।

- खिलाड़ी के नरम कौशल जैसे सामाजिक संकेतों को समझना, स्मृति बनाए रखना, खेलने के दौरान आगे बढ़ना आदि शामिल

अध्ययन ने यह निर्धारित करने के लिए गणितीय उपकरणों का उपयोग करके एक मात्रात्मक विश्लेषण प्रदान किया कि क्या ऑनलाइन पोकर और रम्मी में दीर्घकालिक सफलता का श्रेय कौशल को दिया जा सकता है।

डेटा का विश्लेषण 2-प्लेयर, 3-प्लेयर और 6-प्लेयर प्रारूपों में 30 से 100 गेम तक फैले यूजर डेटा के एक बड़े सेट का उपयोग करके किया गया था। निष्कर्षों से संकेत मिलता है कि पोकर और रम्मी दोनों में, जैसे-जैसे यूजर अधिक गेम खेलते हैं, कौशल चर में सुधार होता है। इसके अलावा, यूजर्स की जीत दरों के बीच मापा गया सहसंबंध 0.904 था, जो एक सकारात्मक संबंध को दर्शाता है और खेल में कौशल की दृढ़ता पर जोर देता है, जो लगातार समय के साथ परिणामों को आकार देने में मात्र अवसर से अधिक कौशल के महत्व पर प्रकाश डालता है। आईआईएम कोझिकोड में रणनीतिक प्रबंधन के एसोसिएट प्रोफेसर दीपक ध्यानिथी ने कहा कि पोकर और रम्मी जैसे ऑनलाइन कार्ड गेम के क्षेत्र में विश्लेषण संदेह के लिए कोई जगह नहीं छोड़ता है मौका नहीं, कौशल दीर्घकालिक सफलता के पीछे की प्रेरक शक्ति है।

उन्होंने कहा कि ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों में, कौशल सर्वोच्च है, जिससे क्रिकेट, गोल्फ आदि जैसे अन्य खेलों की तरह मुश्किल कम हो जाती है, क्योंकि खिलाड़ी चुनौती के लिए आगे बढ़ते हैं। शोध स्थापित करता है कि कौशल प्रबल होता है, जिससे गेमिंग क्षेत्र में संज्ञानात्मक कौशल की हमारी समझ समृद्ध होती है।

## जिम्बाब्वे के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति एमर्सन आज लेंगे शपथ

**हरारे।** जिम्बाब्वे में नवनिर्वाचित राष्ट्रपति एमर्सन म्नांगाग्वा सोमवार को अपने दूसरे कार्यकाल के लिए शपथ लेंगे। सूचना, प्रचार एवं प्रसारण सेवा मंत्री मोनिका मुत्सवांगवा ने बताया कि शथग्रहण समारोह राजधानी हरारे में राष्ट्रीय खेल स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। जिम्बाब्वे के चुनाव आयोग के अनुसार, 23-24 अगस्त के चुनाव में कुल पड़े वोटों में से 52.6 प्रतिशत वोट हासिल करने के बाद श्री म्नांगाग्वा को उनके दूसरे एवं अंतिम पांच साल के कार्यकाल के लिए फिर से चुना गया।

# देश विदेश

# काकर ने नौ मई की हिंसा को 'तख्तापलट का प्रयास' करार दिया



■ 'सेना प्रमुख एवं उनकी टीम को खत्म करना था लक्ष्य'

**इस्लामाबाद,** 3 सितम्बर (एजेंसियां)। पाकिस्तान के कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवर-उल-हक काकर ने गत 09 मई की हिंसा को 'तख्तापलट और गृह युद्ध का प्रयास' करार देते हुए कहा कि इसका लक्ष्य सेना प्रमुख एवं उनकी टीम को खत्म करना था। द न्यूज की रविवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार जियो न्यूज के कार्यक्रम 'जिरगा' में श्री काकर ने इस साल मई में भ्रष्टाचार के मामले में पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के अध्यक्ष एवं पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की गिरफ्तारी के बाद हुए दंगों की निंदा की। श्री काकर ने कहा, नौ मई को हुई बर्बरता और आगजनी को पूरी दुनिया ने देखा और अंतरराष्ट्रीय समाचार पत्रों ने इस त्रासदी की रिपोर्ट की। सरकार के किसी भी रूप में इस तरह की हेराफेरी स्वीकार्य नहीं है। अपने पहले एक्सक्लूसिव इंटरव्यू में प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार यह धारणा नहीं बनाना चाहती कि नौ मई की हिंसा के आरोपियों से बदला लिया जा रहा है। उन्होंने हालांकि, कहा, अगर देश के कानूनों का उल्लंघन करने वाले और हिंसा का सहारा लेने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई नहीं की गई, तो हमें इस मामले में एक पक्ष के रूप में देखा जाएगा। उन्होंने कहा कि किसी भी राजनीतिक दल को दूसरों पर पत्थर फेंकने, उनके साथ दुर्व्यवहार करने और इमारतों को जलाने का अधिकार नहीं है। उन्होंने तहरीक-ए तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) और अन्य प्रतिबंधित संगठनों के संबंध में पाकिस्तान की नीति पर भी अपने विचार साझा किए। उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ सरकार की अग्रिम नीति को स्पष्ट करते हुए कहा, देश के पास टीटीपी या किसी भी प्रतिबंधित संगठन से निपटने के लिए बातचीत और बल दोनों उपकरण हैं।

## 'विद्यालयों में 'अबाया' पर पाबंदी लगाने में मदद करेगा गृह मंत्रालय'



■ पूरे शरीर को ढकने वाला मुस्लिम परिधान है 'अबाया'

**पेरिस,** 3 सितम्बर (एजेंसियां)। फ्रांस के गृह मंत्री जेराल्ड डर्मैनिन ने कहा है कि उनका मंत्रालय देश भर के विद्यालयों में पूरे शरीर को ढकने वाले मुस्लिम परिधान 'अबाया' पर प्रतिबंध लगाने में मदद करेगा। श्री डर्मैनिन ने शनिवार को लिले के दौरे के दौरान कहा, गृह मंत्रालय के कर्मचारी शिक्षकों और शिक्षा मंत्री (गेब्रियल अटल) के साथ सहयोग करेंगे, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि फ्रांस में अधिकारियों द्वारा अपनाए गए नियम का पालन किया जाए। विद्यालयों में तटस्थता होनी चाहिए। इसके बाहर हर किसी की अपनी राय हो सकती है।

उन्होंने कहा कि सरकार 'बिल्कुल सही'थी, जब उसने विद्यालयों में धार्मिक कपड़े पहनने पर प्रतिबंध लगाने का फैसला किया। पिछले महीने शिक्षा मंत्री ने कहा था कि सरकार चार सितंबर को विद्यालय वर्ष की शुरुआत के समय पर प्रतिबंध के साथ आगे बढ़ेगी। उन्होंने तर्क दिया कि अबाया पहनने पर प्रतिबंध विद्यालय के माध्यम से छात्रों के खुद को मुक्त करने के अधिकार प्रदान करेगा। सरकार की इस घोषणा के बाद फ्रांस में राजनीतिक और सामाजिक जीवन पर देश के धर्मनिरपेक्ष मूल्यों और नागरिक स्वतंत्रता पर किस हद तक अतिक्रमण करती है, इसको लेकर बहस शुरू हो गयी है।

## पाकिस्तान के बलूचिस्तान में आठ आतंकी ढेर



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के दक्षिण-पश्चिम बलूचिस्तान प्रांत में पुलिस ने दो अलग-अलग अभियानों में आठ आतंकवादियों को मार गिराया। पुलिस ने एक बयान में यह जानकारी दी। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, पुलिस के आतंकवाद निरोधक विभाग (सीटीडी) ने शनिवार को कहा कि उन्होंने एक घर में आतंकवादियों की मौजूदगी के संबंध में एक खुफिया सूचना पर कार्रवाई करते हुए प्रांत के वाशुक जिले में एक ऑपरेशन चलाया। बयान में कहा गया है कि घर पर छापेमारी के दौरान आतंकवादियों ने पुलिस पर गोलियां बरसाकर भागने की कोशिश की, इसके बाद गोलीबारी शुरू हो गई, जिसमें पांच आतंकवादी मारे गए और दो भागने में सफल रहे। बयान में कहा गया है कि पुलिस ने उस परिसर से हथियार और गोला-बारूद भी बरामद किया, जहां इस्लामिक स्टेट (आईएस) से जुड़े आतंकवादी सुरक्षा बलों और नागरिकों पर हमले की योजना बना रहे थे। हमले के बाद भाग रहे आतंकवादियों को पकड़ने के लिए सीटीडी ने इलाके में तलाशी अभियान शुरू किया। सीटीडी के बयान में कहा गया है कि प्रांतीय राजधानी क्वेटा में एक अलग अभियान में, पुलिस ने शहर से दो सप्ताह पहले अपहृत एक नागरिक को बरामद कर लिया और गोलीबारी में तीन हमलावरों को मार गिराया।

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

**ग्रह स्थिति : सोमवार 4 सितम्बर , 2023 भाद्र कृष्ण पक्ष 4**

### राशिफल

मेष - आज का दिन आपके लिए बेहद अनुकूल रहेगा। आप तन-मन से स्वस्थ होकर कई तरह के काम आसानी से पूरे कर पाएंगे। सफलता मिलने से आपके उत्साह में वृद्धि होगी। आज भाग्य आपका साथ देगा। इनकम बढ़ेगी।

वृषभ - आज आपको सावधान रहने की सलाह दी जाती हैं। आज अचानक होने वाली घटनाओं से आप चिंतित रहेंगे। स्वास्थ्य खराब होने और आंखों में दर्द होने की आशंका बनी रहेगी।

मिथुन - आज आपका दिन बहुत लाभदायी है। अविवाहितों को योग्य जीवनसाथी मिलने के योग हैं। धन प्राप्ति के अवसर मिलेंगे। मित्रों से अचानक हुई मुलाकात आनंददायी रहेगी। मित्रों से लाभ होगा।

कर्क - आज का दिन आपके लिए अनुकूल है। आप आज हर काम सरलता से पूरे कर पाएंगे। नौकरी में आपके अधिकारी खुश रहेंगे। आपकी पदोन्नति के योग हैं। अधिकारियों के साथ किसी महत्वपूर्ण बात पर चर्चा होगा।

सिंह - आज आप का दिन मध्यम फलदायी रहेगा। पहले से निर्धारित काम के लिए आपका प्रयास ज्यादा रहेगा। आपका व्यवहार न्यायपूर्ण रहेगा। आज आपके धार्मिक एवं मांगलिक कामों में व्यस्त रहने की संभावना ज्यादा रहेगी।

कन्या - आज का दिन किसी भी नए काम की शुरुआत करने के लिए अच्छा है। हेल्थ का ध्यान रखने और खासकर बाहर के खाने-पीने से परहेज करने की सलाह आपको दी जाती है।

तुला - आज आपका दिन आनंद-प्रमोद में गुजरेगा। रोमांस के लिए आज का दिन अच्छा है और किसी खास व्यक्ति का साथ आपको आनंद देगा। मित्र एवं प्रियजन आपके प्रवास को आनंद से भर देंगे।

वृश्चिक - आज आप के घर में सुख शांति और आनंद का माहौल रहेगा। आपका शारीरिक एवं मानसिक आरोग्य अच्छा रहेगा। जरूरी कामों पर धन खर्च होगा। बीमार व्यक्तियों के स्वास्थ्य में सुधार होगा। शत्रुओं पर विजय प्राप्त होगी।

धनु - आज आपको यात्रा ना करने की सलाह दी जाती है। संतान के स्वास्थ्य और पढ़ाई के संबंध में चिंता रह सकती है। मेहनत करने पर भी आज काम में सफलता नहीं मिलेगी।

मकर - आपको कठिन परिस्थिति का सामना करना पड़ सकता है। पारिवारिक समस्याओं का प्रभाव आपके मस्तिष्क पर पड़ेगा। माता के स्वास्थ्य की चिंता होगी। समाज में अपमानित होने का डर लगा रहेगा।

कुंभ - आज आपको मानसिक राहत मिलेगी। शारीरिक स्वास्थ्य बेहतर होने के कारण आपका उत्साह बढ़ेगा। दोस्तों और पड़ोसियों के साथ रिश्ते बेहतर होंगे। घर में रिश्तेदार और मित्रों के आने से खुशी का अनुभव करेंगे।

मीन - नकारात्मक विचारों को अपने मन से हटाएं। क्रोध और वाणी पर संयम बरतें। किसी से वाद-विवाद या झगड़े को हर संभव टालने का प्रयास करें। खान-पान पर संयम बरतने की जरुरत है। शारीरिक स्वास्थ्य मध्यम रहेगा।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## बांग्लादेश में डेंगू से 21 और लोगों की मौत

**ढाका,** 3 सितम्बर (एजेंसियां)। बांग्लादेश में पिछले 24 घंटों के दौरान 21 और लोगों की मौत हुयी है और इसके साथ ही यहां अब तक इस वर्ष संक्रामक बीमारी से मरने वालों की संख्या बढ़कर 618 हो गयी है। बंगलादेश के स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय (डीजीएचएस) के अनुसार इस अवधि के दौरान 2,352 अधिक रोगियों को वायरल बुखार के उपचार के लिए विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया। नए रोगियों में से 982 को ढाका के अस्पतालों में और बाकी को राजधानी के बाहर भर्ती कराया गया है। राजधानी ढाका में 3,903 सहित कुल 8,632 डेंगू मरीज अब देश भर के विभिन्न अस्पतालों में इलाज करा रहे हैं। डीजीएचएस ने इस साल अब तक 127,694 डेंगू मामले और 118,444 रिकवरी दर्ज की है। इस बीच संयुक्त राष्ट्र विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने बंगलादेश में डेंगू के मामले बढ़ने पर त्वरित कार्रवाई का आग्रह किया है। डब्ल्यूएचओ ने कहा, डेंगू के मामले उच्च तापमान और उच्च आर्द्रता के साथ संयुक्त रूप से असामान्य बारिश के कारण सामने आ रहे हैं, जिससे इसके कारण पूरे बंगलादेश में मच्छरों की आबादी में वृद्धि हुई है।

## सूडानी सेना ने खार्तूम में अर्धसैनिक बलों की चौकियों पर हमले किए तेज

■ ओमबाडा और दार अल सलाम जैसे इलाकों को निशाना बनाया



**खार्तूम,** 3 सितम्बर (एजेंसियां)। सूडानी सशस्त्र बलों (एसएएफ) ने सूडान की राजधानी खार्तूम में अर्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्स (आरएसएफ) के ठिकानों पर हवाई हमले और तोपखाने बमबारी तेज कर दी है। खार्तूम के एक सूत्र ने शनिवार को शिन्हुआ को बताया कि एसएएफ युद्धक विमानों ने खार्तूम के उत्तर-पश्चिम में ओमडुरमन के भीतर आरएसएफ स्थानों पर हवाई हमले किए। इन हमलों ने ओमडुरमैन के पश्चिम में ओमबाडा और दार अल सलाम जैसे इलाकों के साथ-साथ दक्षिण में अल सलहा पड़ोस को निशाना बनाया। सूत्र ने कहा, सेना व वायु सेना ने खार्तूम के उत्तर में बहरी शहर के अल-कदारो पड़ोस में आरएसएफ पदों पर भी हमले किए। इस बीच, दक्षिण खार्तूम आपातकालीन कक्ष के प्रवक्ता मोहम्मद कंदाशा ने शनिवार को अपने फेसबुक पेज पर बताया कि वायु सेना ने दक्षिणी खार्तूम में अल-इंगहाज़, अल-अज़हरी और अल-सलामा इलाकों पर तीव्र बमबारी की। कंदाशा ने कहा, दक्षिण खार्तूम के इलाकों में सुबह से लगातार हवाई और तोपखाने बमबारी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि अल-अज़हरी पड़ोस में रज़ी अस्पताल के पास एक आवासीय और वाणिज्यिक स्थल पर हमले के कारण दो लोग मारे गए और दस अन्य घायल हो गए, इनमें से कुछ गंभीर हैं। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार आरएसएफ ने शनिवार को एक बयान जारी कर युद्धक विमानों द्वारा अंधाधुंध हवाई बमबारी की निंदा की, जिसके परिणामस्वरूप तीन शहरों में महिलाओं और बच्चों सहित कई नागरिक हताहत हुए। आरएसएफ ने यह भी बताया कि आबादी वाले इलाकों में भारी तोपखाने की गोलाबारी जारी रही, इसमें अल-सल्हा, अल-फतेइहाब और ओमडुरमैन में ओम्बाडा के साथ-साथ पूर्वी नील क्षेत्र भी शामिल है।

## ब्रिटिश पाकिस्तानी टिकटॉकर मां को आजीवन कारावास



**लंदन,** 3 सितम्बर (एजेंसियां)। ब्रिटेन में लीसेस्टरशायर की एक अदालत ने दोहरे हत्याकांड के मामले में टिकटॉकर महेक बुखारी और उनकी मां अंसारीन बुखारी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। अदालत ने महेक (24) को न्यूनतम 31 वर्ष और आठ महीने के आजीवन कारावास तथा उनकी मां अंसारीन को न्यूनतम 26 साल और नौ महीने के आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। गौरतलब है कि पिछले वर्ष लीसेस्टर के पास हुई दुर्घटना में साकिब हुसैन और हाशिम इजाजुद्दीन (दोनों 21 वर्षीय) की मौत हो गई थी। पूछताछ से पता चला कि तीन साल से अंसारीन और हुसैन में अवैध संबंध थे। जब अंसारीन बुखारी ने इसे खत्म करने का प्रयास तो हुसैन ने उनके पति के सामने रिश्ते को उजागर और उनके वीडियो साझा करने की धमकी दी। अंसारीन ने हुसैन द्वारा रिश्ते के दौरान खर्च किए गए पैसे वापस करने की पेशकश की और हुसैन के लिए अंसारीन तथा उनकी बेटी से मिलने की व्यवस्था की गई। न्यायाधीश का कहना है कि मामले को 'नृशंस हत्या' के रूप में वर्गीकृत करने में अभियोजन पक्ष सही था पुलिस ने न्यायालय में बताया कि अंसारीन और महेक बुखारी छह अन्य लोगों के साथ हैमिल्टन, लीसेस्टर में एक टेस्को कार पार्क में आयोजित बैठक में पहुंचीं। इसके बाद हुसैन अपनी कार में कार पार्क में पहुंचे जिसे उसका मित्र इजाजुद्दीन चला रहा थे। टक्कर इतनी भीषण थी की हुसैन की कार दो भागों में विभाजित हो गई और उनका इंजन कार से अलग हो गया। उन्होंने बताया कि आग लगने से पहले दोनों पीड़ितों की कई चोटों के कारण मौत हो गई। इंस्पेक्टर मार्क पैरिश ने कहा, यह एक क्रूर और निर्दयी हमला था जिसमें अंततः दो लोगों की जान चली गई।

## ब्रिटेन में बढ़ेगा डेढ़ लाख स्वास्थ्यकर्मियों का वेतन

**लंदन,** 3 सितम्बर (एजेंसियां)। ब्रिटेन सरकार ने रविवार को कहा कि देश की राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा के करीब एक लाख 50 हजार चिकित्सकों की हड़ताल समाप्त कराने की कार्रवाई के तहत इसी माह से उनके वेतन में वृद्धि की जाएगी। सरकार ने आज यहां जारी एक बयान में कहा, सरकार ने चिकित्सकों और दंत चिकित्सकों के पारिश्रमिक पर स्वतंत्र समीक्षा निकाय की सिफारिशों को स्वीकार कर लिया है और इस महीने से राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा के करीब डेढ लाख चिकित्सकों को बढ़ा हुआ वेतन मिलना शुरू हो जाएगा। सरकार ने बताया कि प्रशिक्षण में प्रथम वर्ष के चिकित्सको को 10.3 प्रतिशत , औसत कनिष्ट चिकित्सकों को 8.8 प्रतिशत और चिकित्सा सलाहकारों के छह प्रतिशत बढ़ा हुआ वेतन मिलेगा। बयान में कहा गया, यह वेतन वृद्धि कर्मचारियों को महत्वपूर्ण वेतन वृद्धि देते हुए मुद्रास्फीति को नियंत्रण में रखने की आवश्यकता को संतुलित करती है। कुछ कर्मचारियों को वेतन वृद्धि के साथ-साथ प्रदर्शन वेतन, ओवरटाइम, वेतन प्रगति और पदोन्नति से वेतन वृद्धि से भी लाभ मिलेगा। स्वास्थ्य कर्मचारी भी कई महीनों से हड़ताल पर हैं, जिससे देश की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली पर दबाव बढ़ गया है।

## आज का इतिहास

1665 - मुग़लों और छत्रपति शिवाजी महाराज के बीच पुरंधर की संधि पर हस्ताक्षर।
1781 - स्पेन के निवासियों ने लॉस एंजिल्स की स्थापना की।
1825 - प्रमुख राजनीतिज्ञ दादा भाई नौरोजी का जन्म।
1888 - महात्मा गांधी ने इंग्लैंड के लिए समुद्री यात्रा शुरु की।
1944 - द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान ब्रिटिश सैनिकों ने बेल्जियम के एंटवर्प शहर में प्रवेश किया।
1946 - भारत में अंतरिम सरकार का गठन।1967 - महाराष्ट्र का कोयना बांध भूकंप की चपेट में आकर ध्वस्त, 200 से ज्यादा लोगों की मौत।
1985 - 73 बरस पहले समुद्र में डूबे जहाज टाइटेनिक की तस्वीरें सामने आईं।
1999 - ईस्ट तिमोर में सम्पन्न जनमत संग्रह में 78.5 प्रतिशत जनता ने इंडोनेशिया से स्वतंत्रता के पक्ष में अपना मत प्रकट किया।
2000 - श्रीलंका के जाफना की बाहरी सीमाओं पर श्रीलंका सेना तथा मुक्ति चीतों के बीच संघर्ष में 316 लोग मारे गये।
2008 - केन्द्रीय कैबिनेट ने सात राज्यों में निर्वाचन क्षेत्रों के पुनर्निर्धारण के सम्बन्ध में परिसीमन आयोग की सिफारिशों में सुधार के प्रस्ताव को मंजूरी दी।
2009 - गुजरात उच्च न्यायालय ने जसवंत सिंह की मुहम्मद अली जिन्ना पर लिखी किताब पर गुजरात में लगा प्रतिबंध हटाया।
2012- पैरालम्पिक खेलों में गिरीश होसंगारा नागराजेगौड़ा ने भारत को पहला पदक दिलवाया ।

**कूटनीति** कुछ राष्ट्राध्यक्षों की अनुपस्थिति को लेकर चल रही चर्चाएं

## जी-2 की पहली तीन बैठकों में ही उपस्थित हो सके थे शीर्ष नेता

**नई दिल्ली,** 3 सितम्बर (एजेंसियां)। आगामी जी2 शिखर सम्मेलन में कुछ राष्ट्राध्यक्षों की अनुपस्थिति को लेकर भले ही कुछ अलग तरह की चर्चाएं चल रही हों लेकिन यह भी तथ्य है कि 28 से अब तक हुए 16 शिखर-सम्मेलनों में से केवल शुरुआती तीन में ही सभी देशों के राष्ट्राध्यक्षों या शासनाध्यक्षों ने भाग लिया था। रूस के राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन की अनुपस्थिति और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बारे में अनिश्चितता को लेकर जी 2 शिखर-सम्मेलन की कामयाबी को लेकर कुछ हलकों में कुछ टीका टिप्पणियां की जा रही हैं लेकिन पिछले सम्मेलन पर निगाह डाली जाए तो कुछ और तथ्य सामने आते हैं।

पिछले रिकॉर्ड से पता चलता है कि वैश्विक शिखर सम्मेलनों में उपस्थिति का स्तर साल-दर-साल बदलता और व्यस्तताओं के चलते हर नेता के लिए हर शिखर सम्मेलन में भाग लेना हमेशा संभव नहीं होता है। कई बार नेता अपने निजी कारणों से शिखर सम्मेलन में भाग नहीं ले पाते हैं। यहां सबसे उदाहरण इटली में वर्ष 2021 का जी20 शिखर सम्मेलन है जहां नेताओं के लिए इसे छोड़ने का कोई बड़ा भू-राजनीतिक या स्वास्थ्य कारण नहीं था, लेकिन कुछ परिस्थितियां इस तरह से हुईं कि 20 सदस्य देशों में से छह देशों के राष्ट्राध्यक्षों या शासनाध्यक्षों की बजाय उनके प्रतिनिधि नेताओं ने भाग लिया था।



■ रूस के राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन सम्मेलन में नहीं कर रहे शिरकत

जानकारी के अनुसार वर्ष 2008 से, जी 20 का प्रत्यक्ष रूप से 16 शिखर सम्मेलनों और एक वर्चुअल शिखर सम्मेलन (सऊदी अरब, 2020) का आयोजन हो चुका है। वर्ष 2009 और 2010 में दो-दो शिखर सम्मेलन हुए। इन 16 प्रत्यक्ष शिखर सम्मेलनों में से, 2008 और 2009 के पहले तीन शिखर सम्मेलनों को छोड़कर, 2010 से अब तक एक भी अवसर ऐसा नहीं आया जब कि इसमें प्रत्येक देश ने राष्ट्राध्यक्ष या शासनाध्यक्ष स्तर पर भाग लिया हो। जी 20 शिखर-सम्मेलन के इतिहास को देखें तो छह बार - 2010, 2011, 2012, 2013, 2016, 2017 में एक देश के राष्ट्राध्यक्ष या शासनाध्यक्ष ने भाग नहीं लिया। पांच बार 2010, 2014, 2015, 2018, 2019 में दो देशों के राष्ट्राध्यक्ष या शासनाध्यक्ष नहीं आये। यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद वर्ष 2022 में तीन देशों के राष्ट्राध्यक्ष या शासनाध्यक्ष शामिल नहीं हुए। वर्ष 2021 में (यूक्रेन युद्ध से पहले, कोविड के बाद) छह देशों के शीर्ष नेता नहीं आए थे।

ऐसे नौ देश - कनाडा, जर्मनी, भारत, इटली, दक्षिण कोरिया, तुर्की, ब्रिटेन , अमेरिका , यूरोपीय संघ हैं जिन्होंने हमेशा हर शिखर-सम्मेलन में राष्ट्राध्यक्ष या शासनाध्यक्ष के स्तर पर शिरकत की है। मेक्सिको के राष्ट्रपति ने 2018 से स्वयं भाग नहीं लिया है।

## सुडोकू 6306

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 9 | 3 | 7 | | 4 |
| | | | | | 4 | | | 5 |
| | | | 2 | | | 6 | | |
| | 2 | | | 1 | | | | |
| | 1 | 8 | 6 | | 7 | 3 | 9 | |
| | | | | 8 | | | 5 | |
| | | 2 | | | 9 | | | |
| 6 | | | 4 | | | | | |
| 9 | | 1 | 7 | 2 | | | | |

**: नियम :**
1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6306

**बायें से दायें:-**
१. जिस पर विजय पाना कठिन हो, परमेश्वर
४. बंटवारा
६. माथा, ललाट
७. अनार
८. कोई चीज पाने के लिए हाथ बढ़ाना, झटपट चल पड़ना, किसी पर झपटना
१०. धमकाना, डराना, डांटना, क्रोध
११. शिकन आना, फर्क पड़ना (मुहावरा)
१३. गोलमाल, गड़बड़
१४. लोहे-बांस आदि की तीलियों आदि का बना एक तरह का टोकरा जैसी आकृति जिसमें पालतु पशु-पक्षी रखे जाते हैं
१५. कानूनी
१७. विफल (उर्दू)
१९. दूर में स्थित
२१. पाप रहित
२२. हवा में इधर-उधर होना
२४. कामना, अभिलाषा

**ऊपर से नीचे:-**
१. पीड़ादायक
२. राजप्रासाद
३. यमलोक की पीड़ा
४. किसी के खाते में खर्च की ओर कोई रकम लिखना
५. जन्म देने वाला
९. कठोर, जो कोमल न हो (उर्दू)
११. अधिकतर
१२. डर, खौफ़, दहशत
१३. कुल, वंश
१४. ललाई लिए हुए पीले रंग का, पीला
१५. पारिश्रमिक लेकर कार्य करने वाला
१६. बेजोड़, बेमिसाल
१८. मिस्र की राजधानी
१९. कठिन मुश्किल२०. दृढ़ और सूखी जमीन, स्थान
२३. अनेक, कई

### वर्ग पहेली-6305

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| नौ | ज | ला | ध्य | क्ष | | पा | की | ज | गी |
| नि | | व | | मा | हि | र | | रू | |
| हा | सि | ल | | या | | प | धा | र | ना |
| ल | | श्क | | च | रि | त्र | | | व |
| | ब | र | स | ना | | | उ | त्क | च |
| | चा | | चे | | सं | जी | दा | | ला |
| न | व | जा | त | | प | | र | ह | ना |
| व | | दू | | खि | न्न | ता | | सी | |
| ल | वं | ग | | ल | | र | त | ना | र |
| ता | | र | च | ना | त्म | क | | | ण |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

### सुडोकू 6306 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 8 | 6 | 5 | 9 | 3 | 7 | 1 | 4 |
| 1 | 9 | 7 | 8 | 6 | 4 | 2 | 3 | 5 |
| 4 | 3 | 5 | 2 | 7 | 1 | 6 | 8 | 9 |
| 7 | 2 | 9 | 3 | 1 | 5 | 4 | 6 | 8 |
| 5 | 1 | 8 | 6 | 4 | 7 | 3 | 9 | 2 |
| 3 | 6 | 4 | 9 | 8 | 2 | 1 | 5 | 7 |
| 8 | 4 | 2 | 1 | 3 | 9 | 5 | 7 | 6 |
| 6 | 7 | 3 | 4 | 5 | 8 | 9 | 2 | 1 |
| 9 | 5 | 1 | 7 | 2 | 6 | 8 | 4 | 3 |

## दुनिया को जानें

### चीन-आसियान एक्सपो में दिखेगी आकर्षक हांगझाऊ शहर की झलक

**बीजिंग,** 3 सितम्बर (एजेंसियां)। चीन का आकर्षक शहर होने के नाते हांगझाऊ 20वें चीन-आसियान एक्सपो में दुनिया को शहर का आकर्षण और जीवन शक्ति दिखाएगा और एक्सपो के दौरान आर्थिक व व्यापारिक आदान-प्रदान बैठक का आयोजन करेगा। बताया जाता है कि एक्सपो में हांगझाऊ आधुनिक प्रदर्शन प्रौद्योगिकी और ऑडियो, वीडियो, वस्तु व अन्य माध्यम से एशियाई खेल, डिजिटल अर्थव्यवस्था और वैश्विक धरोहर तीन भागों में दुनिया को अपना आकर्षण दिखाएगा। हांगझाऊ एशियाई खेलों का उद्घाटन 23 सितंबर को होगा। एशियाई खेलों के खंड में खेल मैदान, प्रतिस्पर्धा, कार्यक्रम और शुभंकर आदि से एशियाई खेलों की तैयारी में हांगझाऊ का प्रयास दिखाया जाएगा। डिजिटल अर्थव्यवस्था के खंड में देश का प्रथम डिजिटल अर्थव्यवस्था शहर बनाने में हांगझाऊ में मिली उपलब्धियां दिखाई जाएंगी। कई डिजिटल अर्थव्यवस्था के औद्योगिक पार्क हांगझाऊ में स्थित हैं। विश्व डिजिटल व्यापार एक्सपो के आयोजन, मुक्त व्यापार पायलट क्षेत्र के निर्माण और ई-कॉमर्स के विकास में प्रगति हासिल की।

# खेल जगत

## जिम्बाब्वे के पूर्व क्रिकेटर हीथ स्ट्रीक का निधन



नई दिल्ली, 3 सितंबर (एजेंसियां)। ज़िम्बाब्वे के पूर्व दिग्गज ऑलराउंडर हीथ स्ट्रीक का 49 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है। हीथ की पत्नी नेडिन स्ट्रीक ने रविवार को इसकी पुष्टि की। नेडिन ने फेसबुक पर लिखा, आज सुबह के शुरुआती घंटों में रविवार, तीन सितंबर 2023 को मेरे जीवन का सबसे बड़ा प्यार और मेरे खूबसूरत बच्चों के पिता को स्वर्गदूतों के पास ले जाया गया। वह अपने अंतिम दिन घर में परिवार और निकटतम प्रियजनों के साथ बिताना चाहते थे। वह प्रेम और शांति से सराबोर थे। हमारी आत्माएं अनंतकाल के लिये एक हो गई हैं स्ट्रीकी। हम फिर मिलेंगे। साल 2000 से 2004 के बीच जिम्बाब्वे के कप्तान रहे स्ट्रीक ने अपने देश के लिये 65 टेस्ट और 189 एकदिवसीय मैच खेले। स्ट्रीक 100 टेस्ट विकेट लेने वाले ज़िम्बाब्वे के एकमात्र क्रिकेटर हैं और उन्होंने अपने 12 साल के करियर के दौरान अक्सर लड़खड़ाती गेंदबाजी इकाई को अकेले ही संभाला है।

# भारत की निगाहें जीत के साथ सुपर 4 में स्थान बनाने पर

■ सत्येन्द्र पाल सिंह




■ भारत की कोशिश बुमराह,शमी व हार्दिक की धार व रफ्तार का जायजा लेने की

■ नेपाल से भारत को हरा उलटफेर करने की उम्मीद बेमानी

नई दिल्ली, 3 सितंबर (देशबन्धु)। रोहित शर्मा की अगुआई वाली भारतीय टीम की निगाहें पालीकेल (श्रीलंका) में वन डे एशिया कप क्रिकेट में शनिवार को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ अपना पहला मैच बारिश के चलते अधूरा बेनतीजा खत्म होने के बाद अब पालीकेल (श्रीलंका) में ही नौसिखिया नेपाल से सोमवार को ग्रुप ए का मैच बड़े अंतर से जीत के साथ शीर्ष पर रह सुपर 4 में स्थान बनाने पर लगी हैं। पाकिस्तान की टीम का भारत से मैच बारिश के चलते अधूरा बेनतीजा खत्म होने से अंक बांटने और नेपाल पर पहले मैच में बड़ी जीत से आगाज करने से ग्रुप ए में दो मैच से चार अंकों के साथ सबसे पहले सुपर 4 में पहुंचने से अब शीर्ष के लिए संघर्ष रोचक हो गया है। नेपाल को अपने पहले मैच में पाकिस्तान के हाथों 238 की हार झेलनी पड़ी थी। भारत का यदि बारिश के चलते नेपाल के खिलाफ सोमवार का दूसरा मैच भी बेनतीजा रहता है तो भी भारत दो मैचों से दो अंकों के साथ सुपर 4 में पहुंच जाएगा लेकिन तब पाकिस्तान ग्रुप ए में चार अंकों पर शीर्ष पर रहेगा।

भारत और नेपाल के बीच यह पहला अंतर्राष्ट्रीय वन डे मैच बेमेल या कहें की ये शेर व मेमने की लड़ाई सरीखा ही दिखाई पड़ रहा है। नेपाल की ताकत उसके लिए अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में अकेला शतक व छह अर्द्धशतक जडने वाले बल्लेबाज कप्तान कुशल भुरतल,गुलशन झा तेज गेंदबाज ऑलराउंडर सोमपाल कामी के साथ भारत में आईपीएल में दिल्ली डेयरडेविल्स सहित कई विदेशों में कई क्रिकेट लीग मे खेल चुके लेग स्पिनर संदीप लमिछने ही हैं। नेपाल अपनी चुस्त फील्डिंग से जरूर भारत के बल्लेबाजों का इम्तिहान ले सकती है लेकिन उससे भारत को हरा उलटफेर करने की उम्मीद बेमानी ही है। नेपाल ने पाकिस्तान को पहले मैच में मुल्तान में शुरुआती झटके जरूर दिए थे लेकिन मेजबान टीम के कप्तान बाबर आजम और निचले क्रम में इफ्तिखार अहमद के तूफानी शतकों के सामने यह चाय की प्याली में तूफान का साबित हुआ। भारत के शीर्ष क्रम के बल्लेबाज पाकिस्तान के खिलाफ नाकामी के बाद जरूर नेपाल के खिलाफ इस मैच का उपयोग आगे सुपर 4 मैच से पहले अपनी रंगत पाने के लिए करना चाहेंगे।

खासतौर पर भारत की कोशिश अगले महीने अपने घर में शुरू होने वाले आईसीसी वन डे क्रिकेट विश्व कप की तैयारियों की मद्देनजर चोट से उबर कर अब फिट हो करीब एक साल के बाद वापसी करने वाले तुरुप के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज और मोहम्मद शमी जैसे तेज गेंदबाजों की धार-रफ्तार का जायजा लेने की होगी। बारिश की आंचमिचौनी से भारत के टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी के दौरान दो बार बाधा उसे कप्तान रोहित शर्मा के एकाग्रता खोने, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर और शुभमन गिल के पाकिस्तान के शाहीन शाह अफरीदी, नसीम शाह और हैरिस रउफ के तूफान के खिलाफ क्षणि चूक से अच्छे आगाज के बाद चार विकेट मात्र 66 रन पर गंवाने के बाद बाएं हाथ के विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन (82)और ऑलराउंडर उपकप्तान हार्दिक पांडया(87) की पांचवें विकेट की बेशकीमती 138 रन की भागीदारी की बदौलत असमतल उछाल के चलते 266 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाने में सफर रहा था। ईशान किशन ने हार्दिक के साथ मिलकर खासतौर पर नंबर पांच पर पाकिस्तान के अफरीदी, नसीम शाह और रउफ जैसे रफ्तार के सौदागर और उसके उपकप्तान लेग स्पिन ऑलराउंडर शादाब खान, सलमान आगा और बाएं हाथ के स्पिन ऑलराउंडर मोहम्मद नवाज की त्रिमूर्ति के खिलाफ जवाबी हमला बोल बड़ी शतकीय भागीदारी की उससे उन्होंने भारत टीम प्रबंधन में खासतौर पर चीफ कोच राहुल द्रविड़ के लिए एकादश के चयन को लेकर सुखद सिररर्द पैदा कर दिया। भारत के क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट के वीरेंद्र सहवाग के साथ सबसे कामयाबी सलामी जोड़ीदार कमेंटेटर गौतम गंभीर ने कहा कि अब मध्यक्रम में विकेटकीपर व बाएं हाथथ बल्लेबाज के रूप में ईशान किशन अपनी मौजूदा फॉर्म के कारण अब केएल राहुल से बेहतर विकल्प हैं। हालांकि एनसीए के सूत्रों के हवाले से भारतीय टीम प्रबंधन के लिए एक सुखद %सिरदर्द' पैदा करने वाली खबर यह है कि फिटनेस टेस्ट से एक दिन पहले ही केएल राहुल को अब पूरी तरह फिट घोषित कर दिया गया है लेकिन बड़ा सवाल यह होगा कि उन्हे सीधे सुपर 4 मैच में एकादश में स्थान दिया जाए?

भारत का दुनिया की नंबर एक टीम पाकिस्तान के खिलाफ मैच बारिश के चलते अधूरा बेनतीजा खत्म होने से उसे अपने चोट के बाद आयरलैंड के खिलाफ बतौर कप्तान व तेज गेंदबााज टी-20 सीरीज जिताने वाले तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की गेंदबाजी की धार देखने का मौका फिसल गया। भारत के चीफ कोच राहुल द्रविड़ के लिए खासतौर पर सही एकादश का चयन करना सबसे बड़ा सिरदर्द बना हुआ है। बेशक पाकिस्तान के खिलाफ बारिश के कारण भारत के गेंदबाजों का नंबर ही नहीं आया लेकिन मोहम्मद शमी जैसे अनुभवी और बुमराह के बतौर तेज गेंदबाज सबसे कामयाब जोड़ीदार मोहम्मद शमी को बाहर रख तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर शार्दूल ठाकुर को एकादश में शामिल करना सवाल खड़े करता है। कप्तान रोहित, शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, इशान किशन, हार्दिक पांडया, रवींद्र जडेजा के रूप भारत जब सात बल्लेबाजों को अपनी प्रमुख ताकत मानता है तो उसे उन्हीं पर भरोसा करना चाहिए और बल्लेबाजी को मजबूत करने के नाम पर शार्दूल को एकादश में शामिल कर बुमराह, मोहम्मद सिराज, मोहम्मद सिराज ,हार्दिक पांडया के रूप में चार तेज गेंदबाज और खालिस स्पिनर के रूप मे बाएं हाथ के लेग स्पिनर कुलदीप यादव को शामिल करना बेहतर संयोजन है क्योंकि बाएं हाथ के लेफ्ट आर्म के रूप में सटीक व कंजूस रवींद्र जडेजा एकादश में पहले से ही हैं।

# शीर्ष क्रम के फ्लॉप होने पर गावस्कर ने कहा, रोहित व विराट अपने पैरों का बेहतर इस्तेमाल कर सकते थे



**नई दिल्ली,** 3 सितम्बर (एजेंसियां)। भारत के महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर पाकिस्तान के खिलाफ एशिया कप मुकाबले के दौरान टीम के शीर्ष क्रम के पतन से निराश हो गए, उन्होंने कहा कि अनुभवी बल्लेबाज रोहित शर्मा और विराट कोहली पाकिस्तान के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज शाहीन शाह आफरीदी के खिलाफ अपने पैरों का बेहतर इस्तेमाल कर सकते थे। भारत 15 ओवर में 66-4 पर सिमट गया, शाहीन ने रोहित और कोहली को बोल्ड आउट किया, इसके बाद हारिस रऊफ ने श्रेयस अय्यर और शुभमन गिल को आउट किया। ईशान किशन (82) और हार्दिक पांड्या (87) की सूझबूझ भरी पारियों की बदौलत भारत ने 48.5 ओवर में 266 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर बनाया।

बाएं-दाएं हाथ की बल्लेबाजी जोड़ी ने दबाव की स्थिति में आगे बढ़ते हुए पांचवें विकेट के लिए 138 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी की, भारत की पारी के बाद लगातार बारिश आने के कारण मैच को रद्द करना पड़ा। गावस्कर ने कहा, दोनों बल्लेबाज (रोहित और विराट) अपने पैरों का थोड़ा बेहतर इस्तेमाल कर सकते थे। रोहित शर्मा के बल्ले और पैड के बीच बड़ा गैप था। श्रेयस अय्यर थोड़ा बदकिस्मत थे। वह एक क्रैकिंग हुक शॉट था लेकिन यह सीधे फील्डर के पास गया। अगर फील्डर 5 मीटर बाएं या दाएं होता, तो यह एक बॉउंड्री होती। शुभमन गिल, कुछ अजीब कारण से , बहुत दबे हुए लग रहे थे।

गावस्कर ने इंडिया टुडे पर कहा, ऐसा नहीं लग रहा था कि वह अपना स्वाभाविक गेम खेल रहा था, ऐसा लग रहा था कि वह अपने आस-पास किसी तरह की अनिश्चितता में है। यही कारण है कि उसने लंबे समय तक अपना खाता नहीं खोला और वह शायद ही उस शुभमन गिल की तरह लग रहा था जिसे हम जानते हैं। किशन, जिन्होंने शुरुआत में तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने के बाद पांचवें नंबर पर एक अपरिचित स्थिति में बल्लेबाजी की, ने जवाबी हमले के प्रयास में 81 गेंदों में 82 रन बनाए, जिसमें 101.23 की स्ट्राइक रेट से नौ चौके और दो छक्के शामिल थे, एक ऐसा प्रयास जिसने अर्जित की गावस्कर की तारीफ।

मुझे लगता है कि उन्होंने जो दिखाया वह यह था कि एक शुरुआती बल्लेबाज निचले क्रम में कहीं भी बल्लेबाजी कर सकता है। यह दूसरी तरह से आसान नहीं है, जहां मध्य क्रम का बल्लेबाज आकर बल्लेबाजी की शुरुआत कर सकता है। यह आसान नहीं है, लेकिन एक शुरुआती बल्लेबाज को निचले क्रम में कहीं भी समायोजित किया जा सकता है, और वह भारतीय बल्लेबाजी लाइन में बाएं हाथ का आयाम लाता है। यदि आप शीर्ष चार को देख सकते हैं, तो वे सभी दाएं हैं और फिर बाएं हाथ का बल्लेबाज आता है, इसलिए यह गेंदबाजों के लिए थोड़ा मुश्किल बना देता है। इसके अलावा, उसके पास तेजी लाने की अद्भुत क्षमता है। वह देखने में बहुत छोटा लगता है, लेकिन वह जोरदार शॉट मारता है। उसने कुछ बड़े छक्के मारे और जिस तरह से उसने बल्लेबाजी की वह वास्तव में प्रभावशाली थी क्योंकि आम तौर पर वह गेंदबाजी के बाद आगे बढ़ना पसंद करता है। लेकिन जब भी जरूरत पड़ी, उन्होंने सतर्क रहकर पहचान की और महसूस किया कि स्थिति क्या है।

# पाकिस्तान की गेंदबाजी भारतीयों की तुलना में अधिक आक्रामक : दिनेश कार्तिक

**कराची,** 3 सितंबर (एजेंसियां)। भारतीय क्रिकेटर से कमेंटेटर बने दिनेश कार्तिक भारत के मुकाबले पाकिस्तान के तेज गेंदबाजों को तरजीह देते हैं। उन्होंने नसीम शाह, हारिस रऊफ और शाहीन शाह आफरीदी की पाकिस्तानी तिकड़ी को श्रीलंकाई विकेटों पर घातक बताया। क्रिकबज से बात करते हुए कार्तिक ने कहा, शाहीन, हारिस रऊफ और नसीम लगातार 90+ गेंदबाजी कर सकते हैं और तीनों बहुत अलग हैं। शाहीन शाह, जाहिर तौर पर बाएं हाथ के पास एक कोण है और गेंद को वापस लाते हैं, नसीम शाह गेंद दोनों तरफ से स्विंग करते हैं, हारिस अपनी स्किड और खतरनाक बाउंसर के कारण पारी के अंतिम छोर पर निश्चित रूप से सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजों में से एक है। यह पूछे जाने पर कि वह इन विकेटों पर किसे बल्लेबाजी करना पसंद करेंगे, उन्होंने भारतीय तेज गेंदबाजों (मोहम्मद सिराज, मोहम्मद शमी और जसप्रीत बुमराह) का सामना करना सहज पाया। उन्होंने पाकिस्तानी तिकड़ी द्वारा पिच से उत्पन्न उछाल का उल्लेख करते हुए उन्हें न खेलने का कारण बताया। कार्तिक ने कहा, मेरे लिए, वे सपाट विकेटों पर कहीं अधिक शक्तिशाली आक्रमण हैं। अगर पिच में कुछ है तो दोनों आक्रमण हर समय बहुत समान हो जाते हैं, लेकिन अगर मुझे आक्रमण खेलना होता है तो मुझे एक भावना होती है। उन्होंने आगे कहा, बुमराह, सिराज और शमी को खेलने का शायद मेरे पास बेहतर मौका है क्योंकि उन्हें जो उछाल मिलेगा वह पाकिस्तान के ये तीन अन्य गेंदबाज जो कर सकते हैं उससे थोड़ा कम होगा। पाकिस्तानी तेज गेंदबाज तिकड़ी ने शनिवार रात गिरे सभी 10 विकेट झटके। हालांकि, बारिश के कारण मैच रद्द हो गया और दोनों टीमों ने एक-एक अंक बांट लिया। पाकिस्तान तीन अंकों के साथ अगले चरण के लिए क्वालीफाई कर गया।

# मिराज-शान्तो के शतक, बंगलादेश ने बनाये 334 रन




**लाहौर,** 03 सितंबर (एजेंसियां)। मेहदी हसन मिराज़ (112) और नजमुल हुसैन शान्तो (104) के शानदार शतकों की बदौलत बंगलादेश ने एशिया कप के करो या मरो ग्रुप-बी मुकाबले में रविवार को अफगानिस्तान के सामने 335 रन का लक्ष्य रखा। बंगलादेश ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी चुनी और मिराज़ ने मोहम्मद नईम के साथ मिलकर पहले ओवर से ही मोर्चा संभाल लिया। मिराज़-नईम ने पहले विकेट के लिये 10 ओवर में 60 रन की साझेदारी की, हालांकि अफगानिस्तान ने चार गेंद के अंदर दो विकेट गिराकर मैच में वापसी की। मुजीब उर रहमान ने नईम (32 गेंद, 28 रन) को आउट कर साझेदारी तोड़ी, जबकि गुलबदिन नाइब ने तौहीद हृदोय को शून्य रन पर पवेलियन भेज दिया। नईम और हृदोय के विकेट हालांकि बंगलादेश को बैकफुट पर नहीं धकेल सके। मिराज़ और शान्तो ने इसके बाद अपने-अपने शतक पूरे करते हुए 195 रन की विशाल साझेदारी कर डाली। मिराज़ 119 गेंद पर सात चौकों और तीन छक्कों के साथ 112 रन बनाकर रिटायर हर्ट हो गये, जबकि शान्तो ने 45वें ओवर में रनआउट होने से पहले 105 गेंद पर नौ चौकों और दो छक्कों की मदद से 104 रन बनाये। मुश्फिकुर रहीम (15 गेंद, 25 रन) और शाकिब अल हसन (18 गेंद, नाबाद 32 रन) ने आक्रामक बल्लेबाजी के साथ बंगलादेशी पारी को मज़बूत अंत दिया। शमीम हुसैन ने छह गेंद पर एक छक्के के साथ 11 रन बनाये। अफगानिस्तान की ओर से मुजीब ने 10 ओवर में 62 रन देकर एक विकेट लिया, जबकि नाइब ने आठ ओवर में 58 रन देकर एक सफलता हासिल की। फज़लहक़ फारूक़ी छह ओवर में 53 रन देकर अफगान टीम के सबसे महंगे गेंदबाज साबित हुए।

# डब्ल्यूबीबीएल : रेनेगेड्स में बनी रहेंगी हरमनप्रीत



**मेलबर्न,** 3 सितंबर (एजेंसियां)। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर महिला बिग बैश लीग (डब्ल्यूबीबीएल) के विदेशी ड्राफ्ट में चुनी जाने वाली एकमात्र भारतीय खिलाड़ी थीं, जिन्हें रविवार को मेलबर्न रेनेगेड्स ने अपने पास बरकरार रखा। यास्तिका भाटिया, जेमिमा रोड्रिग्स और दीप्ति शर्मा सहित कुल 18 भारतीय खिलाड़ियों का नाम डब्ल्यूबीबीएल के विदेशी ड्राफ्ट में शामिल था, लेकिन हरमनप्रीत के अलावा किसी को भी फ्रेंचाइजी नहीं मिली।

रेनेगेड्स ने प्लैटिनम श्रेणी में मौजूद हरमनप्रीत और वेस्टइंडीज की हेली मैथ्यूज को अपने पास बरकरार रखा। हरमनप्रीत ने 2021-22 सीज़न के दौरान रेनेगेड्स के लिये 12 पारियों में 58.00 की औसत और 130.96 के स्ट्राइक रेट से 406 रन बनाए, जिसमें तीन अर्धशतक और नाबाद 81 रन का शीर्ष स्कोर शामिल रहा। उन्होंने पूरे सीज़न में 7.45 की इकॉनमी से रन देते हुए 15 विकेट भी चटकाये।

उल्लेखनीय है कि हरमनप्रीत ने 2016-17 सीज़न में सिडनी थंडर के साथ डब्ल्यूबीबीएल में पदार्पण किया था। रेनेगेड्स के मुख्य कोच साइमन हेल्मोट ने कहा, मुझे बहुत खुशी है कि हमें वे दोनों (हरमनप्रीत और हेली) मिलीं। मैं इस साल फिर से उनके साथ काम करने के लिये उत्सुक हूं। उन्होंने कहा, यह निर्णय कठिन था। क्या हम तीसरे नंबर पर हरमनप्रीत को लें, या हम हेली को लें? सौभाग्य से, यह हमारे लिये कारगर साबित हुआ कि हरमनप्रीत अभी भी दूसरे दौर में उपलब्ध थीं, इसलिए हम उसे अभी भी प्लैटिनम श्रेणी के तहत प्राप्त कर सकते थे।

हरमनप्रीत डब्ल्यूबीबीएल के अलावा द हंड्रेड में लंकाशर थंडर्स, सुपरनोवाज़, मैनचेस्टर ऑरिजिनल्स और ट्रेंट रॉकेट्स का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं। भारत की विमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में वह मुंबई इंडियन्स के लिये खेलती हैं।

# बाएज का विजय रथ रोक आगे बढ़े मेदवेदेव, अल्काराज, ज़्वेरेव भी जीते



**न्यूयॉर्क,** 3 सितंबर (एजेंसियां)। रूस के दानिल मेदवेदेव ने अर्जेंटीना के सेबैस्टियन बाएज़ का विजय रथ रोकते हुए उन्हें अमेरिकी ओपन के तीसरे दौर में करारी शिकस्त दी। बाएज़ पिछले 12 मुकाबले जीतकर तीसरे दौर में आ रहे थे लेकिन पूर्व अमेरिकी ओपन चैंपियन मेदवेदेव ने शनिवार को उन्हें 6-2, 6-1 7-6(6) से हराकर प्री-क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया।

शुरुआती दो सेट एकतरफा रूप से जीतने के बाद मेदवेदेव को तीसरे सेट में बाएज़ से कड़ी टक्कर मिली। बाएज़ ने मेदवेदेव के फोरहैंड का मज़बूती से जवाब देते हुए तीसरे सेट में 5-2 की बढ़त बना ली लेकिन इसके बाद बारिश ने मैच में खलल डाल दिया। मेदवेदेव ने खेल दोबारा शुरू होने के बाद वापसी करते हुए 4-5 पर सर्विस हासिल की। बाएज़ के लिये लगातार अप्रत्याशित गलतियां करना भारी पड़ा और वह टाईब्रेकर में 6/6 पर गलती करके मुकाबला हार गये।

मेदवेदेव ने जीत के बाद कहा, मुझे ऐसा लगा कि हम दोनों अच्छा खेल रहे थे, यहां तक कि पहले दो सेटों में भी। मैं सही मौकों पर थोड़ा बेहतर खेला, सब कुछ मेरे हिसाब से हो रहा था। थोड़ा भाग्य का भी साथ रहा और मेरे अच्छे खेल ने भी मुझे सेट में बनाए रखा। अगले दौर में मेदवेदेव का सामना ऑस्ट्रेलिया के एलेक्स डी मिनौर से होगा। इस बीच, रूस के आंद्रे रुबलेव, जर्मनी के एलेक्जेंडर ज़्वेरेव और स्पेन के कार्लोस अल्काराज़ ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर प्री-क्वार्टरफाइनल में कदम रखा।

रुबलेव ने फ्रांस के आर्थर रिंडरनेक को 3-6, 6-3, 6-1, 7-5 से हराया। गत चैंपियन अल्काराज़ ने ब्रिटेन के डैन इवान्स को 6-2, 6-3, 4-6, 6-3 से मात दी। ज़्वेरेव ने बुल्गारिया के ग्रिगोर दिमित्रोव को 6-7(2), 7-6(8), 6-1, 6-1 से मात दी।

# भारत ने पाक को पुरुष एशिया कप हॉकी 5 के फाइनल में शूटआउट में हरा खिताब जीता




■ स्ट्राइकर रहील और गोलरक्षक सूरज करकेरा रहे भारत की जीत के हीरो

नई दिल्ली, 3 सितंबर (देशबन्धु)। उपकप्तान मोहम्मद रहील के दूसरे हाफ के आखिर में दागे दो मैदानी गोल की बदौलत भारत ने चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को फाइनल में सलाला(ओमान) में 2-4 से पिछड़ने के बाद चार -चार की बराबरी पाने के बाद शूटआउट में गोलरक्षक सूरज करकेरा को दो बेहतरीन बचाव से 2-0 से हरा कर पहला पुरुष हॉकी 5 एशिया कप 2023 खिताब जीत लिया। सूरज करकेरा की तारीफ करनी होग कि निर्धारित समय में दो बेहतरीन बचाव किए। मनदीप मोर की अगुआई वाली भारतीय टीम के लिए शूटआउट में मनिंदर सिंह और गुरजोत ने एक-एक गोल किया।पाकिस्तान के लियाकत अरशद और मुहम्मद मुतर्जा के गोल के प्रयास को भारत के गोलरक्षक सूरज करकेरा ने रोक कर बेकार कर दिया। भारत ने पाकिस्तान से फाइनल जीत कर उससे इलीट पूल मैच की 4-5 से हार का हिसाब चुकाया। भारत और पाकिस्तान ने फाइनल में स्थान बनाने के साथ इसमें खेलने उतरने से पहले एफआईएच 2024 पुरुष हॉकी 5 विश्व कप के लिए क्वॉलिफाई कर लिया। सेमीफाइनल में भारत ने मलयेशिया को 10-4 से तथा पाकिस्तान ने ओमान को 7-5 से हराया।

पाकिस्तान ने फाइनल में भारत के खिलाफ आक्रामक अंदाज में आगाज किया। अब्दुल रहमान ने पांचवें मिनट में गोल कर पाकिस्तान का खाता खोला। जुगराज सिंह ने दो मिनट बाद और मनिंदर सिंह ने तीन बाद मैदानी गोल कर भारत को 2-1 से आगे कर दिया। अब्दुल राणा ने 13 वें तथा जिकिरिया हयात ने अगले मिनट गोल कर पाकिस्तान को 3-2 से आगे कर दिया। अरशद लियाकत ने दूसरे हाफ के चौथे मिनट में गोल जब पाकिस्तान की बढ़त 4-2 कर दी तो तब फाइनल भारत की पहुंच से खिसकता लगा। उपकप्तान मोहम्मद रहील ने 19 वें और फिर खेल खत्म होने से चार मिनट पहले गोल कर भारत को चार-चार की बराबरी दिला दी और निर्धारित समय की समाप्ति पर स्कोर यह रहने से फाइनल शूटआउट में खिंच गया। भारत ने शूटआउट 2-0 से जीत कर खिताब अपने नाम किया। उपकप्तान मोहम्मद रहील के हैट्रिक सहित चार तथा मनिंदर सिंह, पवन राजभर, सुखविंदर सिंह, डिप्सन टिर्की , जुगराज सिंह और गुरजोत सिंह के एक -एक गोल की बदौलत भारत ने मलयेशिया को पहले सेमीफाइनल में भी शनिवार को 10-4 से शिकस्त दी। मलयेशिया के लिए कप्तान अकीमुल्लाह ने दो तथा अबू इस्माइल व मुहम्मद दिन ने एक-एक गोल किया। भारत ने मलयेशिया को इलीट पूल मैच में 7-5 से हराया।

हॉकी इंडिया ने खिताब जीतने वाली भारतीय हॉकी टीम के हर सदस्य को दो-दो लाख रुपये तथा सपोर्ट स्टाफ के हर सदस्य को एक-एक रुपये का इनाम देने की घोषणा की। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष पूर्व ओलंपियन दिलीप टिर्की ने भारतीय टीम को हॉकी 5 एशिया कप में स्वर्ण जीत सीधे एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप 5 ओमान के लिए क्वॉलिफाई करने पर बधाई देते हुए कहा, हमारी भारतीय टीम ने हरफनमौला प्रदर्शन किया। हमारी महीनों की मेहनत रंग लाई। मैं अपनी भारतीय टीम से अब एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप 5 ओमान 2024 में भी यही बढिया़ प्रदर्शन जारी रखने की आस करता हूं।'

## सार संक्षेप

### टेस्ट में पहले तटस्थ अंपायरों में से एक, पीलू रिपोर्टर का 84 वर्ष की आयु में निधन

**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट के इतिहास में पहले दो तटस्थ अंपायरों में से एक पीलू रिपोर्टर का रविवार को बीमारी के कारण मुंबई में निधन हो गया। 84 वर्षीय रिपोर्टर सेरेब्रल कन्फ्यूजन बीमारी से पीड़ित थे और उनके घर पर उनकी पत्नी और दो बेटियां उनकी देखभाल कर रही थीं। 1992 विश्व कप, जो ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में खेला गया था, 14 टेस्ट मैचों और 22 एकदिवसीय मैचों के अलावा उन टूर्नामेंटों में से एक था जिसमें रिपोर्टर ने अंपायरिंग की थी। रिपोर्टर, 1992 विश्व कप में एकमात्र भारतीय अंपायर था, जो अपने फुर्तीले संकेत के लिए जाना जाता था। 1986 में लाहौर में पाकिस्तान और वेस्टइंडीज के बीच खेला गया टेस्ट मैच रिपोर्टर के लिए एक बड़ा अवसर था - यह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में तटस्थ अंपायर के लिए पहला उदाहरण था। उन्होंने साथी भारतीय वीके रामास्वामी के साथ उस मैच में अंपायरिंग की थी। पाकिस्तान के कप्तान इमरान खान ने घरेलू अंपायरों के कथित पूर्वाग्रह के बारे में चिंताओं को दूर करने के लिए बदलाव का सुझाव दिया। आईसीसी ने दो साल बाद इसे औपचारिक रूप देने से पहले 1992 में टेस्ट क्रिकेट में एक तटस्थ अंपायर का प्रयोग किया था।

### ताकतवर भारतीय चौकड़ी ने विश्व चैंपियनशिप में अमेरिकियों को चौंका दिया

**नई दिल्ली।** पिछले रविवार को हंगरी के बुडापेस्ट में एक सुखद शाम को, भारत ने इतिहास रचा जब मोहम्मद अनस, अमोज जैकब, मोहम्मद अजमल वरियाथोडी और राजेश रमेश की चौकड़ी विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 4×4 मीटर रिले रेस फाइनल में 2:59:92 सेकंड का समय लेकर विश्वसनीय पांचवें स्थान पर रही। चैंपियनशिप के इतिहास में यह पहली बार था कि भारत ने प्रतियोगिता के फाइनल में जगह बनाई, जिसे अंततः अमेरिका (2:57:31) ने जीता, जबकि फ्रांस (2:58:45) और ग्रेट ब्रिटेन (2:58:71) क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। एक दिन पहले, भारतीय चौकड़ी ने 2:59:5 का समय लेकर एशियाई रिकॉर्ड बनाया था और अमेरिका के बाद दूसरे स्थान पर रही और फाइनल में पहुंची। ऐंठन से जूझ रहे रमेश, जिन्हें दौड़ के बाद स्ट्रेचर पर ले जाना पड़ा, एंकर लेग में लगभग अपने अमेरिकी समकक्ष के साथ कदम से कदम मिलाकर शानदार प्रदर्शन कर रहे थे। वर्ल्ड्स में प्रभावशाली प्रदर्शन से उत्साहित भारतीय चौकड़ी की नजर अब 23 सितंबर से चीन के हांगझाऊ में शुरू होने वाले एशियाई खेलों में शीर्ष पोडियम स्थान हासिल करने पर होगी।

देशबन्धु

# [अर्थ जगत]

| सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर | |
|---|---|
| पावरग्रिड | 2.50 प्रतिशत |
| एलटी | 2.09 प्रतिशत |
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 1.95 प्रतिशत |
| एचडीएफसी | 1.01 प्रतिशत |
| सन फार्मा | 0.89 प्रतिशत |

| सर्वाधिक घटने वाले शेयर | |
|---|---|
| रिलायंस | 1.11 प्रतिशत |
| नेस्ले इंडिया | 0.97 प्रतिशत |
| एचसीएल टेक | 0.67 प्रतिशत |
| टाइटन | 0.59 प्रतिशत |
| आईटीसी | 0.56 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौंड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2500-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2150-2160 |
| आटा | 2800-2290 |
| मैदा | 945-950 |
| चोकर | 620-630 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### चावल

| | |
|---|---|
| बासमती औसत किस्म | 4500-4600 |
| परमल | 1750-1775 |
| चावल सेला | 2250-2350 |
| आरआर (आठ ) | 1650-1670 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 4,850-4,950 |
| दाल चना | 4,850-4,950 |
| मसूर काली | 7,800-7,900 |
| उड़द दाल | 10300-10400 |
| मूंग दाल | 7,900-8,000 |
| अरहर दाल | 9700-9800 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित



**नई दिल्ली,** 3 सितम्बर (एजेंसियां)। वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में लगातार जारी तेजी के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज भी अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर पर रहा।

# तेलंगाना के नलगोंडा में आईटी हब लगभग तैयार, जल्द होगा उद्घाटन

**■ सरकार के टियर 2 शहरों में सूचना प्रौद्योगिकी का विस्तार करने को लेकर नलगोंडा में आईटी हब बन कर लगभग तैयार हो चुका है**

**हैदराबाद,** 3 सितम्बर (एजेंसियां)। सरकार के टियर 2 शहरों में सूचना प्रौद्योगिकी का विस्तार करने को लेकर नलगोंडा में आईटी हब बन कर लगभग तैयार हो चुका है। जिसका उद्घाटन जल्द ही किया जाएगा। सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री के.टी. रामाराव ने कहा कि नलगोंडा में आईटी हब का उद्घाटन कुछ ही हफ्तों में किया जाएगा। उन्होंने एक्स पर साझा किया, 'टियर 2 शहरों में आईटी क्षेत्र को विकसित करने के लिए तेलंगाना सरकार के प्रयास तेज गति से चल रहे हैं। वारंगल, खम्मम, करीमनगर, महबूबनगर, सिद्दीपेट और निजामाबाद के बाद अब यह नलगोंडा में तैयार हो रहा है।' नलगोंडा हैदराबाद से लगभग 200 किमी दूर है, जो एक प्रमुख वैश्विक आईटी गंतव्य है। नलगोंडा में 95 करोड़ रुपये की लागत से आईटी हब का निर्माण कार्य शुरू किया गया। कुल 14 आईटी कंपनियों ने नलगोंडा आईटी हब में कार्यालय स्थापित करने का इरादा जताया है।

एक सितम्बर को शहर में 'स्थानीय युवाओं के लिए स्थानीय प्लेसमेंट' विषय पर एक नौकरी मेला आयोजित किया गया था। 325 नौकरी रिक्तियों के लिए 12,000 से अधिक व्यक्तियों ने नौकरी मेले में भाग लिया। संबंधित कंपनियों ने नौकरी चाहने वालों का ऑनलाइन मूल्यांकन किया। स्थानीय शिक्षित बेरोजगार युवा इसको लेकर काफी खुश हैं, कि आईटी सुविधा उन्हें उनके गृह नगर में रोजगार प्रदान कर रही है। यह राज्य के द्वितीय श्रेणी के शहरों में खुलने वाला सातवां आईटी टावर होगा। पिछले महीने, निजामाबाद में आईटी टॉवर का उद्घाटन किया गया था।



निजामाबाद आईटी टावर में पंद्रह कंपनियों ने अपना परिचालन शुरू कर दिया है। 55,000 वर्ग फुट की अत्याधुनिक इमारत का निर्माण 50 करोड़ रुपये की लागत से किया गया है। मंत्री केटीआर ने कहा कि इसमें 1,400 युवाओं को नौकरी मिलेगी। उन्होंने कहा कि आईटी टावर स्थानीय युवाओं को हैदराबाद और विदेशों में प्रौद्योगिकी नौकरियां हासिल करने में मदद करेगा।

# नारियल कृषि-व्यवसाय और निर्यात को बढ़ावा दें : शोभा

**■ 25वें विश्व नारियल दिवस समारोह का उद्घाटन किया**

**■ समारोह में मंत्री ने 10 नारियल उद्यमियों को सम्मानित भी किया**

**तिरुवनंतपुरम,** 3 सितम्बर (एजेंसियां)। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे ने शनिवार को कहा कि छोटे किसानों के लिए लाभकारी रिटर्न सुनिश्चित करने के लिए नारियल की खेती और प्रसंस्करण को एक वाणिज्यिक उद्यम के रूप में शुरू करने तथा निर्यात बाजार को बढ़ावा देने का निर्णय लिया गया है।

सुश्री करंदलाजे ने आज कासरगोड में आईसीएआर-सीपीसीआरआई के सहयोग से नारियल विकास बोर्ड द्वारा आयोजित 25वें विश्व नारियल दिवस समारोह का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने किसानों से उत्पादन, मूल्य संवर्धन और निर्यात-उन्मुख व्यापार में सुधार के लिए भारत की केंद्र सरकार की विभिन्न



विकासात्मक योजनाओं जैसे किसान सम्मान योजना, पीएम फसल भीम योजना तथा कृषि अवसंरचना कोष का उपयोग करने का आह्वान किया। उन्होंने प्रसंस्करण और उत्पाद विविधीकरण की ओर बढ़ने की आवश्यकता के बारे में बताया जिससे बेहतर मूल्य प्राप्ति सुनिश्चित करने के लिए खोपरा-केंद्रित प्रसंस्करण से नीरा, वर्जिन नारियल तेल और नारियल चिप्स जैसे अन्य उत्पादों की ओर बदलाव संभव हो सके।

उन्होंने कहा किकिसान उत्पादक संगठन छोटे और सीमांत किसानों की सामूहिक शक्ति को मजबूत करके नारियल क्षेत्र में क्रांति ला सकते हैं।

समारोह में मंत्री ने 1 नारियल उद्यमियों को सम्मानित भी किया। वहीं सात उद्यमियों के साथ प्रौद्योगिकी हस्तांतरण पर एमओए पर हस्ताक्षर किए गए। कार्यक्रम में केरल, तमिलनाडु, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, गोवा और गुजरात राज्यों के 5 से अधिक प्रगतिशील किसानों ने भाग लिया।

## विदेशी मुद्रा भंडार तीन करोड़ डॉलर घटकर 594.9 अरब डॉलर पर

**मुंबई,** 3 सितम्बर (एजेंसियां)। विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि कमी होने से 25 अगस्त को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार तीन करोड़ डॉलर कम होकर 594.9 अरब डॉलर रह गया जबकि इसके पिछले सप्ताह यह 7.3 अरब डॉलर घटकर 594.9 अरब डॉलर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 25 अगस्त को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 53.8 करोड़ डॉलर की गिरावट लेकर 527.3 अरब डॉलर पर आ गयी। वहीं, इस अवधि में



स्वर्ण भंडार 53 करोड़ डॉलर बढ़कर 44.4 अरब डॉलर हो गया। आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार में 1.1 करोड़ डॉलर की गिरावट आई और यह घटकर 18.2 अरब डॉलर पर आ गया। इसी तरह इस अवधि में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि 1.2 करोड़ डॉलर की गिरावट लेकर 5.1 अरब डॉलर रह गई।

# ओरछा में सब-स्टेशन बनने से सुधरेगी बिजली आपूर्ति व्यवस्था

**जबलपुर,** 3 सितम्बर (एजेंसियां)। बुंदेलखंड की धार्मिक नगरी ओरछा में बिजली लाइन और सब स्टेशन बनने से इस इलाके की बिजली आपूर्ति व्यवस्था में सुधार आएगा और लोगों को समस्याओं से छुटकारा भी मिलेगा। बताया गया है कि एम.पी. ट्रांसको (मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी) ने निवाड़ी जिले के प्रसिद्ध अंतरराष्ट्रीय पर्यटन स्थल एवं धार्मिक नगरी ओरछा के लिये करीब 30 कि.मी. लंबाई की 132 केवी पृथ्वीपुर-ओरछा लाइन एवं 132 केवी सबस्टेशन ओरछा तैयार किया है। मध्यप्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युमन सिंह तोमर ने बताया कि करीब 34.7 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत से निर्मित कर इस लाइन और सबस्टेशन को ऊर्जीकृत किया गया।



उन्होंने कहा कि नवनिर्मित 132 केवी पृथ्वीपुर- ओरछा लाइन एवं सबस्टेशन के निर्माण से ओरछा व उसके आसपास के क्षेत्रों को अब मात्र चार कि.मी. से ही 33 केवी की सप्लाई मिला करेगी, जिससे ओरछा व प्रतापपुरा क्षेत्र के करीब 11 हजार विद्युत उपभोक्ताओं के साथ ओरछा के विभिन्न पर्यटक एवं धार्मिक स्थलों को उचित गुणवत्ता की कम व्यवधान के साथ विद्युत व्यवस्था उपलब्ध हो सकेगी। इस लाइन का निर्माण मेसर्स एलएनटी एवं उपकेंद्र का निर्माण मेसर्स श्रीम के माध्यम से किया गया है। उल्लेखनीय है कि पहले 33 केवी के फीडर की लंबाई 30 किलोमीटर होने तथा इसके पृथ्वीपुर व ओरछा के मध्य सघन व रिजर्व फॉरेस्ट के साथ नदियों व पहाड़ों के बीच से गुजरने के कारण सुधार कार्य में बहुत कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। अब इस नये सबस्टेशन के बनने से जहां बरसात आदि प्राकृतिक कारणों से होने वाले व्यवधानों में कमी आएगी, वहीं सुधार कार्य जल्द पूरा करने में भी मदद मिलेगी। मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी के कार्यपालन अभियंता सर्वेश गौतम ने बताया कि 132 केवी ओरछा सब स्टेशन के लिए 132 केवी सबस्टेशन पृथ्वीपुर से 132 केवी लाइन बनाना चुनौतीपूर्ण था।

## सार संक्षेप

### साइबर सुरक्षा फर्म मालवेयरबाइट्स ने की 1 कर्मचारियों की छंटनी

**सैन फ्रांसिस्को।** एक बड़े पुनर्गठन की तैयारी के तहत अमेरिका स्थित साइबर सिक्योरिटी जायंट मालवेयरबाइट्स ने 1 कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया है। टेकक्रंच के अनुसार, कंपनी के चीफ प्रोडक्ट ऑफिसर, चीफ इंफॉर्मेशन ऑफिसर और चीफ टेक्नोलॉजी ऑफिसर को नौकरी से निकाले जाने के कुछ ही हफ्तों बाद ये कटौती की गई है। इसके अलावा, मालवेयरबाइट्स द्वारा अपने ग्लोबल वर्कफोर्स के 14 प्रतिशत को खत्म करने के लगभग एक साल बाद यह छंटनी हुई है। कई लिंक्डइन पोस्ट से संकेत मिलता है कि इस हफ्ते कई कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया गया। मालवेयरबाइट्स के सीईओ मार्सिन क्लेज़िंस्की के अनुसार, इस हफ्ते लगभग 1 से 11 कर्मचारियों को जाने दिया गया, जिससे मुख्य रूप से कॉर्पोरेट कर्मचारी प्रभावित हुए। उन्होंने यह भी पुष्टि की कि कंपनी ने रणनीतिक पुनर्गठन के हिस्से के रूप में यह बदलाव किया है। इसके अलावा, क्लेज़िंस्की ने कहा कि छंटनी कंपनी को दो अलग-अलग बिजनेस यूनिट में विभाजित करने की योजना का हिस्सा थी, लेकिन उन्होंने इस बात से इनकार किया कि कंपनी का कोई भी हिस्सा बेचा जाएगा।

### 'स्मार्ट' चैस्टिटी केज निर्माता कंपनी पर यूजर्स के जरुरी डेटाबेस को खतरे में डालने का आरोप

**सैन फ्रांसिस्को।** एक सिक्योरिटी रिसर्चर ने पुरुषों के लिए एक इंटरनेट-कंट्रोल चैस्टिटी डिवाइस बनाने वाली कंपनी के डाटाबेस में बग को उजागर किया है जिससे यूजर्स के ईमेल एड्रेस, प्लेनटेक्स्ट पासवर्ड, होम एड्रेस और आईपी एड्रेस और कुछ मामलों में जीपीएस कोऑर्डिनेट भी लीक किये जा सकते हैं। टेकक्रंच के अनुसार, रिसर्चर ने दो खामियों की जांच करके 1 से अधिक के रिकॉर्ड वाले डेटाबेस तक पहुंच प्राप्त की। रिसर्चर ने यह देखने के लिए बग का इस्तेमाल किया कि उसे किस डेटा तक एक्सेस मिल सकता है। इसके अतिरिक्त, रिसर्चर ने 17 जून को कंपनी को खामियों के बारे में सूचित किया, और उनसे उन्हें ठीक करने और अपने यूजर्स के डाटा की सुरक्षा करने का आग्रह किया। रिपोर्ट में बताया गया है कि फिलहाल, कंपनी ने अपनी खामियों को लेकर कोई समाधान नहीं किया है। रिसर्चर ने कहा, 'हर चीज का अनुचित इस्तेमाल करना बहुत आसान है। यह गैर-जिम्मेदाराना है। इसलिए मुझे उम्मीद है कि वे सब कुछ ठीक कर देंगे। 'यदि आपने किसी डिवाइस के लिए भुगतान किया है और अब इसका इस्तेमाल नहीं कर सकते हैं, तो मुझे खेद है। लेकिन यहां हजारों लोगों के अकाउंट हैं और मैं विश्वास पर सब कुछ छोड़ नहीं सकता।' कंपनी ने रिसर्चर की चेतावनी हटाकर 24 घंटे से भी कम समय में वेबसाइट को बहाल कर दिया। हालांकि, कंपनी ने उन खामियों पर ध्यान नहीं दिया, जो अभी भी मौजूद हैं। रिसर्चर को यूजर्स के डेटाबेस तक पहुंच की अनुमति देने वाली खामियों के अलावा, यह पता चला कि कंपनी की वेबसाइट यूजर्स के पेपाल पेमेंट्स के लॉग को उजागर करती है।

# आर्थिक विकास के मजबूत आंकड़े का बाजार पर रहेगा असर



साप्ताहिक समीक्षा

मुंबई, 3 सितम्बर (एजेंसियां)। विश्व बाजार की तेजी से उत्साहित निवेशकों की हुई लिवाली से बीते सप्ताह करीब एक प्रतिशत की मजबूती पर रहे घरेलू शेयर बाजार पर अगले सप्ताह आर्थिक विकास के मजबूत आंकड़ों का असर रहेगा। बीते सप्ताह बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 500.65 अंक अर्थात 0.8 प्रतिशत की तेजी लेकर सप्ताहांत पर 65387.16 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 169.5 अंक यानी 0.9 प्रतिशत चढ़कर 19435.30 अंक पर पहुंच गया।

समीक्षाधीन सप्ताह में बीएसई की दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी जमकर लिवाली हुई। इससे सप्ताहांत पर मिडकैप 717.71 अंक अर्थात 2.3 प्रतिशत उछलकर 31435.62 अंक और स्मॉलकैप 1364.57 अंक यानी 3.8 प्रतिशत की छलांग लगाकर 37420.53 अंक पर रहा। विश्लेषकों के अनुसार, वर्तमान में, घरेलू आर्थिक प्रणाली का विस्तार जारी है। चालू वित्त वर्ष क पहली तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) फिर से बढ़कर 7.8 प्रतिशत हो गया है, और पीएमआई सूचकांक भी 58.6 तक बढ़ गया है। इसके अलावा, जनवरी 2021 के बाद से नए ऑर्डर में सबसे अधिक वृद्धि हुई, जो लगभग तीन वर्षों में सबसे बड़ी वृद्धि है। चीन और अमेरिका जैसे देशों की मजबूत मांग से निर्यात नौ महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं, इस बीच रोजगार वृद्धि चार महीनों में सबसे धीमी रही। लेकिन, खरीददारी का स्तर तेजी से बढ़ा, जो 12 वर्षों में सबसे तेज वृद्धि में से एक है, जिससे मुद्रास्फीति ऊंची बनी हुई। जैसे-जैसे देश की आर्थिक प्रणाली में तेजी आ रही है, बाजार में जोखिम वाली परिसंपत्तियों की मांग बढ़ गई है, जिससे निफ्टी 50 में तेजी का रुख है। अमेरिकी अनाज का रकबा बढ़ा, जो पिछले सात वर्ष में सबसे अधिक वार्षिक वृद्धि है। ब्राजील की मकई की फसल रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गई, और काला सागर क्षेत्र के देशों ने मिलकर गेहूं की कीमतें कम कर दीं। इससे बाजार में घबराहट धीरे-धीरे कम हो गई है। VIX संकेतकों से यह भी पता चलता है कि बाजार आर्थिक प्रणाली के बारे में अपेक्षाकृत आशावादी है लेकिन निकट भविष्य में जोखिम परिसंपत्तियों में वृद्धि जारी रहने की उम्मीद है।

चीन के अपने संकटग्रस्त बाजार को सहारा देने के लिए उपायों की घोषणा करने के बाद विश्व बाजार में आई तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर कमोडिटीज, इंडस्ट्रियल्स, दूरसंचार, कैपिटल गुड्स और रियल्टी समेत सोलह समूहों में हुई लिवाली से सोमवार को सेंसेक्स 110.09 अंक की तेजी लेकर 64,996.60 अंक और निफ्टी 40.25 अंक चढ़कर 19,306.05 अंक पर पहुंच गया। चीन के अपने संकटग्रस्त बाजार को सहारा देने के लिए उपायों की घोषणा करने से विश्व बाजार में जारी तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर कमोडिटीज, यूटिलिटीज, धातु, पावर और रियल्टी समेत सोलह समूहों में हुई लिवाली की बदौलत मंगलवार को शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन भी मजबूती रही। सेंसेक्स 79.22 अंक की बढ़त लेकर 65075.82 अंक और निफ्टी 36.60 अंक बढ़कर 19342.65 अंक पर रहा। विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर सीडी, दूरसंचार, रियल्टी और टेक समेत चौदह समूहों में लिवाली होने के बावजूद बुधवार को सेंसेक्स 11.43 अंक की मामूली बढ़त लेकर 65,087.25 अंक और निफ्टी 4.80 अंक बढ़कर 19347.45 अंक पर सपाट बंद हुआ।

विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर ऊर्जा, यूटिलिटीज, तेल एवं गैस और सर्विसेज समेत ग्यारह समूहों में हुई बिकवाली से गुरुवार को शेयर बाजार की पिछले लगातार तीन दिन की तेजी पर ब्रेक लग गया। सेंसेक्स 255.84 अंक लुढ़ककर 64831.41 अंक और निफ्टी 93.65 अंक की गिरावट लेकर 19253.80 अंक पर आ गया। विश्व बाजार के मजबूत रुझान के बीच चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में देश का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर, अनुमान से अधिक मजबूत रहने की बदौलत हुई चौतरफा लिवाली से शुक्रवार को सेंसेक्स 555.75 अंक की छलांग लगाकर 65,387.16 अंक और निफ्टी 181.50 अंक उछलकर 19,435.30 अंक पर पहुंच गया।

# जल्द बीते दिनों की बात हो जाएगा वर्डपैड

**■ माइक्रोसॉफ्ट ने घोषणा की है कि वह अब वर्डपैड को अपडेट नहीं करेगा**

**सैन फ्रांसिस्को,** 3 सितम्बर (एजेंसियां)। माइक्रोसॉफ्ट ने घोषणा की है कि वह अब वर्डपैड को अपडेट नहीं करेगा और लगभग 30 वर्षों के बाद विंडोज के भविष्य के रिलीज से वर्ड प्रोसेसर को हटाने की योजना बना रहा है। एक विकल्प के रूप में, माइक्रोसॉफ्ट अपने पेड वर्ड प्रोसेसर 'वर्ड' की सिफारिश करेगा जो हमेशा वर्डपैड की तुलना में कहीं अधिक शक्तिशाली रहा है और 1995 से विंडोज के साथ मौजूद है। माइक्रोसॉफ्ट द्वारा शुक्रवार को प्रकाशित एक सपोर्ट नोट में लिखा है, 'वर्डपैड को अब अपडेट नहीं किया जा रहा है और विंडोज के भविष्य के रिलीज में इसे हटा दिया जाएगा। हम डॉटडॉक और डॉटआरटीएफ जैसे रिच टेक्स्ट दस्तावेजों के लिए माइक्रोसॉफ्ट वर्ड और डॉटटीएक्सटी जैसे प्लेन टेक्स्ट दस्तावेजों के लिए विंडोज नोटपैड की सलाह देते हैं।' वर्डपैड को हटाने की कार्रवाई माइक्रोसॉफ्ट द्वारा घोषणा किए जाने के ठीक एक दिन बाद हुई है कि वह नोटपैड को ऑटोसेव और टैब रिट्रेक्शन जैसी सुविधाओं के साथ अपग्रेड कर रहा है।

विंडोज़ 11 में विंडोज़ नोटपैड ऐप को वर्षों में पहली बार 2018 में अपडेट किया गया था और टैब जोड़े गए थे। पिछले महीने, आईओएस और एंड्रॉयड पर बंद करने के बाद माइक्रोसॉफ्ट ने अब विंडोज 11 पर भी अपने डिजिटल सहायक कोरटाना ऐप को बंद करने की घोषणा की है। विंडोज में एक स्टैंडअलोन ऐप के रूप में कोरटाना को बंद कर दिया गया है। वहीं, टीम्स मोबाइल, माइक्रोसॉफ्ट टीम्स डिस्प्ले और माइक्रोसॉफ्ट टीम्स में कोरटाना के लिए सपोर्ट 2023 के अंत में समाप्त हो जाएगा।

# जिंसों में मिलाजुला रुख

**नई दिल्ली,** 3 सितम्बर (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों के मिश्रित रुझान के प्रभाव में बीते सप्ताह दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों के भाव में मिलाजुला रुख रहा।

तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का सितंबर वायदा सप्ताहांत पर 61 रिंगिट उबलकर 3895 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। वहीं, सितंबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 63.12 सेंट प्रति पौंड के पिछले स्तर पर पड़ा रहा।



सप्ताहांत पर सरसों तेल 220 रुपए और मूंगफली तेल 147 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हो गया। वहीं, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पुराने स्तर पर पड़े रहे।

सप्ताहांत पर सरसों तेल 12674 रुपए प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल 20879 रुपए प्रति क्विंटल, सूरजमुखी तेल 13407 रुपए प्रति क्विंटल, सोया रिफाइंड 12088 रुपए प्रति क्विंटल, पाम ऑयल 9000 रुपए प्रति क्विंटल और वनस्पति तेल 11133 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा।

# फोर्ड ने खराबी के कारण लगभग 42,000 ट्रकों को वापस मंगाया

**सैन फ्रांसिस्को,** 3 सितम्बर (एजेंसियां)। फोर्ड मोटर ने एक मेकैनिकल इशू को लेकर अमेरिका में लगभग 42,000 सुपर ड्यूटी एफ250 और एफ350 ट्रकों को वापस बुलाने का नोटिस जारी किया है, जिससे दुर्घटना का खतरा बढ़ सकता है। नेशनल हाइवे ट्रेफिक सेफ्टी एडमिनिस्ट्रेशन (एनएचटीएसए) के अनुसार, प्रभावित मॉडलों पर लेफ्ट रियर एक्सल शाफ्ट को प्रोडक्शन के दौरान अनुचित तरीके से उपचारित किया गया होगा और वह टूट सकता है।

रिकॉल में सिंगल रियर व्हील और 10.5-इंच रियर एक्सल शाफ्ट से लैस 2023 मॉडल शामिल हैं। एनएचटीएसए ने कहा, 'टूटे हुए रियर एक्सल के चलते मोटिव पावर की हानि हो सकती है और वाहन को पार्क में रखने में असमर्थता हो सकती है। अगर पार्किंग ब्रेक नहीं लगाया जाता है, तो इसके चलते अनपेक्षित वाहन गति हो सकती है, जिससे चोट या दुर्घटना का खतरा बढ़ सकता है।'

नोटिस के अनुसार, अमेरिका स्थित केंटुकी




ट्रक प्लांट द्वारा वारंटी क्लेम मॉनिटरिंग के माध्यम से समस्या की पहचान करने के बाद विफलताओं को 10 अगस्त को फोर्ड के ध्यान में लाया गया। एनएचटीएसए की रिपोर्ट में कहा गया है, 'वारंटी के माध्यम से लौटाए गए दो एक्सल शाफ्ट को विफल एनालिसिस के लिए फोर्ड की मेटलर्जिकल लैब में भेजा गया था।'

उन्होंने कहा, लेबोरेटरी एनालिसिस ने निर्धारित किया कि एक्सल शाफ्ट फ्रैक्चर वाले क्षेत्र में फोर्ड की टॉर्सनल यील्ड और केस डेप्थ डिजाइन स्पेसिफिकेशन को पूरा नहीं करते हैं। वारंटी लौटाए गए प्रत्येक हिस्से में फ्लैंज से लगभग 44 मिमी की दूरी पर फ्रैक्चर हुआ था, जो अपूर्ण इंडक्शन हीट ट्रीटमेंट के क्षेत्र का संकेत देता है।' 14 अगस्त तक, सात वारंटी रिपोर्टें एक्सल शाफ्ट समस्या से जुड़ी हुई थीं। 18 अगस्त को, फोर्ड की फील्ड रिव्यू कमेटी ने एक फील्ड कार्रवाई को मंजूरी दी। जुलाई में, फोर्ड ने अमेरिका में 8,70,701 एफ-150 ट्रकों के लिए एक रिकॉल नोटिस जारी किया, जिनके इलेक्ट्रिक पार्किंग ब्रेक में वायरिंग से संबंधित समस्या हो सकती है। एनएचटीएसए को एक सेफ्टी रिकॉल रिपोर्ट में, ऑटोमेकर ने कहा कि रियर एक्सल वायरिंग हार्नेस बंडल प्रभावित वाहनों में रियर एक्सल हाउसिंग से संपर्क कर सकता है, जिससे इलेक्ट्रिक पार्किंग ब्रेक की अप्रत्याशित सक्रियता हो सकती है।





# सितम्बर तक नाईट लैंडिंग सम्बन्धी कार्य पूरा कराये पी डब्लू डी

## विंटर शेडूल लागू होने के पहले 15 तक काम पूरा होना जरुरी-हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति

### कार्यों की प्रगति की समीक्षा करेगी राज्य सरकार इंडिगो, स्टार एयर, फ्लाई बिग, स्पाइस जेट को आमंत्रित कर नयी फ्लाइट चलवाये

**बिलासपुर,** 3 सितम्बर (देशबन्धु)। हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने बिलासा बाई केंवट एयरपोर्ट में चल रहे नाईट लैंडिंग सम्बन्धी कार्यो को 15 सितंबर तक पूरा करने की मांग की और कहा की 27 सितम्बर से फ्लाइट का विंटर शेडूल लागू होने के पहले ऐसा होने से एयरलाइन कम्पनिया बिलासपुर के लिए नयी उड़ानों सकते है। हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने यह भी मांग की कि राज्य सरकार इंडिगो, स्टार एयर, फ्लाई बिग, स्पाइस जेट प्रबंधन को आमंत्रित कर बिलासपुर से नयी उड़ानों के लिए प्रोत्साहित करे और आवश्यक हो तो उन्हें कुछ आकर्षक छूट प्रदान करे।

समिति ने जानकारी देते हुए बताया कि 27 सितम्बर से देश भर में उड़ानों के लिए विंटर शेडूल लागू किया जाता है और इसके पहले अगर नाईट लैंडिंग सम्बन्धी कार्य पी डब्लू डी पूर्ण कर ले तो एयरलाइन कम्पनिया अपने फ्लाइट ऑपरेशन में बिलासपुर एयरपोर्ट को ध्यान में रख कर प्लानिंग कर पाएगी. गौरतलब है कि नाईट लैंडिंग सुविधा ना होने से इंडिगो और स्पाइस जेट जैसी एयर लाइन ने बिलासपुर से उड़ान संचालित करने में असमर्थता व्यक्त की है। हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति का महा धरना आज भी जारी रहा और महापौर रामशरण यादव के ज़अलावा के क्र म से रवि बनर्जी, बद्री यादव, अनिल गुलहरे, दीपक कश्यप, देवेंद्र सिंह ठाकुर, राघवेंद्र सिंह ठाकुर, समीर अहमद, महेश दुबे, मनोज तिवारी, अशोक भंडारी, रशीद बख्श, किशोरी लाल गुप्ता, शिवा मुदलियार, अल सिंह ठाकुर, संतोष पीपलवा, आनंद वर्मा, मोहसिन अली, नरेश यादव, शाहबाज़ अली, विजय वर्मा, आनंद वर्मा, चंद्र प्रकाश जैस्सवल, प्रकाश बहरानी और सुदीप श्रीवास्तव शामिल थे।




# कुंवारी मुड़ा बेरियाल के पास स्कॉर्पियो की चपेट में आने से बाइक सवार तीन घायल

**बिलासपुर,** 3 सितंबर (देशबन्धु)। कोटा बेलगहना रोड के कुँवारी मुड़ा बेरियाल के पास स्कॉर्पियो वाहन की चपेट में आये मोटरसाइकिल सवार, मोटरसाइकिल में तीन व्यक्ति सवार थे जो गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगो ने घटना की सूचना कोटा पुलिस सहित डायल112 को दी सूचना मिलते ही डायल 112 सहित 108 एम्बुलेंस घटना स्थल पर पहुचकर घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कोटा लाया गया। मिली जानकारी के अनुसार तेज़ रफ़्तार स्कॉर्पियो वाहन बेलगहना से बिलासपुर जा रही थी। स्कॉर्पियो वाहन जब कुँवारी मुड़ा बेरियाल के पास पहुँची थी इसी दौरान स्कॉर्पियो का चक्का पंचर हो गया और अनियंत्रित होकर मोटरसाइकिल से मरही माता दर्शन करने जा रहे तीन व्यक्तियों को अपनी चपेट में ले लिया।

जिससे मोटरसाइकिल में सवार दिलहरण धुरी पिता बाबू लाल धुरी उम्र 42 वर्ष निवासी ग्राम अमोरा ताखपुर, भागवत धुरी पिता भरत धुरी उम्र 47 वर्ष निवासी ग्राम अमोरा ताखपुर, मदन गोंड पिता अंजोरी गोंड उम्र 36 वर्ष निवासी ग्राम अमोरा ताखपुर गम्भीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही घटना स्थल पर कोटा पुलिस, डायल 112 व 108 पहुँच गयी और घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कोटा लेकर पहुँचे जहां डॉक्टर द्वारा घायलों का प्राथमिक इलाज के बाद घायलों के गंभीर स्थिति को देखते हुए सिम्स बिलासपुर रिफर कर दिया गया।




## सार-संक्षेप



### राष्ट्रपति से कुलपति वाजपेयी ने की मुलाकात


**बिलासपुर** , 3 सिंतबर (देशबन्धु)। राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू के प्रथम छत्तीसगढ़ प्रवास पर दिनांक 1 सितंबर को राजभवन रायपुर में अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य अरुण दिवाकर नाथ वाजपेयी ने उनसे सौहार्द्र भेंट कर उनका अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय परिवार की ओर से उनका स्वागत किया और उन्हें विश्वविद्यालय की अकादमिक गतिविधियों से अवगत कराया । विश्वविद्यालय में जनजातीय गौरव महोत्सव तथा जनजाति अनुसंधान केंद्र की स्थापना से संबंधित जानकारियां भी विश्वविद्यालय के कुलपति ने उन्हें प्रदान की। साथ ही अटल बिहारी वाजपेई विश्वविद्यालय में होने वाले नवाचार जैसे शोध पीठों की स्थापना, व्याख्यान मालाओं का शुभारंभ ,छत्तीसगढ़ी भाषा का उपयोग , अमृत काल में छत्तीसगढ़ के 75 शहीदों का शहीद स्मारक का निर्माण, अटल जी की प्रतिमा की स्थापना, आदि से अवगत कराया । विश्वविद्यालय के कुलपति ने राष्टपति को अपने विश्वविद्यालय में आने के लिए निमंत्रित भी किया।

### विधायक रजनीश ने सरस्वती शिशु मन्दिर नगोई में नए भवन का किया लोकार्पण

**बिलासपुर**, 3 सिंतबर (देशबन्धु) । बेलतरा विधायक रजनीश कुमार सिंह ने सरस्वती शिशु मंदिर नगोई में विधायक निधि से निर्मित अतिरिक्त कक्ष का लोकार्पण किया। इस अवसर पर विधायक रजनीश सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि नए भवन के बनने से छात्र छात्राओ को लाभ मिलेगा। सरस्वती शिशु मन्दिर बेहतर शिक्षा देने के साथ साथ बच्चों में अच्छे संस्कार भी देते हैं,साथ ही अपने स्कूल के दिनों को याद करते हुये कहा कि आज मेरे लिए सौभाग्य की बात है कि इस कार्यक्रम में मेरे को प्रायमरी स्कूल में पढ़ाये हुए शिक्षक सतानन्द गुरुदीवान जी उपस्थित है,जिन्होने पहुंच मार्ग नही होने के बाद भी रोज स्कूल आते थे और हमको शिक्षा देते थे |हम आज जो कुछ भी है इन्ही शिक्षको के आशीर्वाद से है,विधायक सिंह ने कहा कि किसी भी प्रकार के विद्यालय को मदद करने एवं समस्याओं के समाधान के लिए वह हर समय तैयार है, स्कूल के प्राचार्य बसंत सिंह ठाकुर उदघाटन भाषण में कहा कि सरल और सहज विधायक है हम विधायक के आभारी है जिन्होंने भवन के लिए राशि दी जिससे यह भवन तैयार हुआ है, साथ ही स्कूल के वृत भी बताया कि इस स्कूल से पढ़कर निकले बच्चे आज कई क्षेत्रों में कीर्तिमान स्थापित किया है, और स्कूल का नाम रोशन किया है,आभार प्रदर्शन स्कूल के ब्यवस्थापक अनूप पाण्डेय ने किया।

# धरमलाल की अनुशंसा पर हर घर जल के लिए 7716 लाख की मिली स्वीकृति

**बिलासपुर** , 3 सिंतबर (देशबन्धु)। बिल्हा विधायक धरम लाल कौशिक के अनुशंसा पर नगर पंचायत बोदरी मे हर घर जल हेतु 7716.05 लाख रुपये की मिली स्वीकृति। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के महात्वाकांक्षी योजना अमृत मिशन योजना द्वारा अमृत मिशन 2.0 (अटल शहरी नवीनीकरण एवं परिवर्तन मिशन 2.0) अंतर्गत जल प्रदाय योजना मे बिल्हा विधानसभा क्षेत्र के बोदरी नगर पंचायत को शामिल किया है। भारत सरकार आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा नगर पंचायत बोदरी मे अमृत मिशन 2.0 के अंतर्गत 7716.05 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति जारी किया गया। श्री कौशिक ने नगर पंचायत बोदरी के जनमानस को शुभकामनाएं दिए नगर पंचायत बोदरी द्वारा निविदा प्रकिया किया जा चुका है जल्द ही इसका लाभ बोदरी के जनमानस को मिलेगा।



# स्वास्थ विभाग के 205 कर्मचारी बर्खास्त सीएमएचओं ने जारी किया आदेश

### 21 अगस्त से थे हड़ताल में

**बिलासपुर** , 3 सिंतबर (देशबन्धु)। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ अधिकारी ने बिलासपुर जिले के हड़ताली कर्मचारियों को बर्खास्त कर दिया है। स्वास्थ्य विभाग के ये क्कर्मचारी पीछले कई दिनों से हड़ताल पर थे। बता दें कि अपनी मांगों को लेकर स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी 21 अगस्त से हड़ताल पर हैं। एस्मा लगाने और 24 घंटे में कर्तव्य पर उपस्थित होने की चेतावनी देने के बाद भी हड़ताली कर्मचारियों ने ड्यूटी ज्वाइन नहीं की। जिसके बाद मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग के 205 हड़ताली कर्मचारियों को सेवा से बर्खास्त कर दिया है। बर्खास्तगी वो आदेश सीएमएचओ ने जारी किए है। गौरतलब है की इसके पहले कांकेर में 568, बलौदाबाजार में 265 और कवर्धा में 161 हड़ताली कर्मचारियों को बर्खास्त किया जा चुका है। बताया जा रहा है स्वास्थ्य विभाग के इन कर्मचारियों के हड़ताल पर जाने से मरीजों के ईलाज में कई तरह की परेशानी हो रही थी। यही कारण है की पीछले दिनों सरकार ने एस्मा लगा दिया था। इसके बाद हर जिले में अधिकारियों ने हड़ताल से वापस लौटने के लिए कर्मचारियों को नोटिस दिया लेकिन हड़ताली कर्मचारी हड़ताल से नही लौटे।



# वेतन विसंगति के निराकरण की मांग

### लिपिक संघ ने सीएम के सलाहकार से की भेंट

**बिलासपुर,** 3 सितंबर (देशबन्धु)। लिपिकों के वेतनमान में सुधार के लिपिक संघ लगातार प्रयास कर रहा है और शासन प्रशासन के सभी महत्वपूर्ण कड़ियों से मिलकर वेतन ग्रेड पे बढ़ाने और सम्मानजनक वेतन प्रदेश के लिपिकों को मिले इस हेतु प्रयास कर रहे है।

सुनील यादव प्रदेश महामंत्री ने बताया कि हम लिपिकों के वेतनमान में जब तक बढ़ोतरी नही हो जाती है हम आंदोलित रहेंगे हमारी छोटी सी मांग ग्रेड पे बढ़ाने की है, इसी कड़ी में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के प्रमुख सलाहकार प्रदीप शर्मा से मुलाकात की और लिपिकों के ग्रेड पे में बढ़ोतरी की मांग की। इस पर श्री शर्मा ने सकारात्मक जवाब देते हुवे कहा कि शासन इस विषय मे गम्भीर है मैं मुख्यमंत्री जी को आपके मांग को पूर्ण करने जल्द अवगत कराकर पूर्ण करने की दिशा में पहल करूंगा। सुनील यादव ने जानकारी बताते हुवे कहा कि संघ पदाधिकारियों ने कांग्रेस अध्यछ दीपक बैज से भी मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा है जिस पर उन्होंने मुख्यमंत्री को पत्र के माध्यम से ग्रैड पे में सुधार सबंधी पत्र लिखा है। सुनील यादव ने बताया कि हमने 22 अगस्त को एक दिवसीय हड़ताल करके शासन को अपने मांग से अवगत कराया है शासन से सकारात्मक रुख को देखते हुवे आगामी प्रस्तावित आंदोलन 4 सितम्बर को आगे बढ़ाते हुवे वीराम दिया है। हमे भूपेश शासन पर भरोसा है ,ये अंतिम माह है जिस पर लिपिकों के हक में फैसला हो सकता है मुख्यमंत्री के वचन पर विश्वास करते हुवे आंदोलन को स्थगित किया है। हमारी मांग के सबन्ध में यदि सकारात्मक निर्णय नही आती है तो आने वाले समय मे हम सीधे अनिश्चितकालीन आंदोलन करेंगे। किसी भी प्रकार से चरणबद्ध आंदोलन नही करेंगे । ग्रैड पे में सुधार नही होने से पूरे प्रदेश के 40,000 हजार से अधिक लिपिक कर्मचारियों में भयंकर रोष आक्रोश व्याप्त है।



# सरकार के झांसे की कार्यशैली से राज्य में बढ़ा युवा असंतोष-अमर

### मुख्यमंत्री को ट्वीट कर स्टाईफन वेतन को बंद करने को बताया नाकाफी

**बिलासपुर** , 3 सिंतबर (देशबन्धु)। पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि कांग्रेस की सरकार 5 साल में अपने किए गए कार्यों को बताने की बजाय भाजपा शासनकाल के बारे में बिना सिर पर के आरोपो को लगाने में उतारू है। जिसका जनता जनार्दन से कोई सरोकार नहीं है। आनन फानन में राज्य की सरकार के द्वारा रोज नए फैसले लिए जा रहे है। पांच वर्षों तक युवा हितों पर कुठाराघात करने वाली सरकार रोजगार नहीं दे पा रही थी। कोरोना काल एवं वित्तीय प्रबंधन के हवाले से सरकारी सेवा में भर्ती हुए युवाओं को आकर्षक वेतन देने की बजाय स्टाइंफण्ड वेतन दिया जा रहा था। परिवीक्षा अवधि को बढ़ा कर अकारण 2 से 3 वर्ष कर दिया, सरकारी सेवा में चयन के बाद वेतन कटौती एवं परिवीक्षा अवधि बढ़ाने की सजा युवाओं के लिए देश के किसी अन्य राज्य में नहीं है। 3 वर्षों तक नये भर्ती हुए शासकिय सेवकों के वेतन में क्रमशः तीस, बीस, एवं दस प्रतिशत की कटौती के विरोध में युवा संगठनों ने कई बार आवाज उठाई। हमने समय समय पर मुख्यमंत्री जी एवं मुख्य सचिव छ.ग. शासन को चिट्ठी लिखकर युवाओं के विरूद्ध कुप्रथा बंद करने के लिए आगाह किया लेकिन राज्य सरकार अनदेखी करती रही। ऐन चुनाव के समय अपनी सत्ता डगमगाते देख सरकार को होश आना शुरू हुआ है लेकिन छ.ग. के युवा जानते हैं चुनावों के समय स्वाभाविक रूप से भर्ती प्रक्रिया बाधित रहती है। भरोसेलाल की झांसेबाजी वाली मुख्यमंत्री जी की चाल को प्रदेश के युवा भली-भांति जानते हैं। पांच वर्षों तक युवा हितों की अनदेखी करने वाली सरकार का स्टाईफन वेतन बंद करने की घोषणा केवल लॉलीपॉप है।



# महर्षि विश्वविद्यालय के खिलाफ एनएसयूआई ने की एफआईआर की मांग

### कुलपति और संस्थान पर एफआईआर दर्ज कर करें कानूनी कार्रवाई-रंजीत

**बिलासपुर** , 3 सिंतबर (देशबन्धु)। आज एनएसयूआई जिलाध्यक्ष रंजीत सिंह के नेतृत्व में महर्षि विश्वविद्यालय के कुलपति रिटायर्ड कर्नल प्रो. टी.पी.एस.कांद्रा एवं महर्षि विश्वविद्यालय मे व्याप्त अनेक अनियमितताओं के खिलाफ सिविल लाईन थाने में एफ आई आर दर्ज कराने की माँग की गई।

एनएसयूआई जिलाध्यक्ष रंजीत सिंह ने बताया की महर्षि विश्वविद्यालय के कुलपति द्वारा अपने नियुक्ति के समय दर्शाये गए समस्त दस्तावेज एवं अनुभव कुटरचित हैं, महर्षि विश्वविद्यालय लगातार अपने अड़ियल रवैये का परिचय देते हुए मनमाने ढंग से भ्रष्टाचार करने का काम कर रहा है, पूर्व में भी इसकी शिकायत हमारे द्वारा राज्यपाल, मुख्यमंत्री, उच्च शिक्षा मंत्री एवं कलेक्टर बिलासपुर को किया गया था जिसके पश्चात राजभवन एवं कलेक्टर कार्यालय से जाँच कमेटी बनाकर इसका जाँच किया गया है,इसमें स्पष्ट है कि महर्षि विश्वविद्यालय के कुलपति के नियुक्ति फर्जी तरीके से कराई गयी है,साथ ही महर्षि विश्वविद्यालय मे व्याप्त अनेक भ्रष्टाचार एवं अनियमितताओं को 14 बिन्दुओं मे दर्शाते हुए एफ आई आर दर्ज कर कार्रवाई करने की मांग की गयी है। रंजीत सिंह का कहना है कि यदि ऐसे विश्वविद्यालय के सर्वोच्च पद के अधिकारी महर्षि विश्वविद्यालय के कुलपति ही दस्तावेजों से खिलवाड कर केवल शिक्षा के व्यापारीकरण के लिए महर्षि विश्वविद्यालय का संचालन किया जा रहा है ऐसे में यहाँ अध्ययनरत हजारों विधार्थियों का भविष्य दांव पर लगा हुआ है, ऐसे फर्जी संस्थान का बिलासपुर तो क्या पूरे छत्तीसगढ़ में संचालन बेहद निंदनीय बात है, ऐसे संस्थान के खिलाफ एफ आई आर दर्ज कर कड़ी कार्रवाई करने की आवश्यकता है। इस पर सिविल लाइन थाना प्रभारी प्रदीप आर्या ने छात्रहित में सकरात्मक कार्रवाई करने की बात कही। आज सिविल लाइन थाने में एफ आई आर दर्ज कराने में शिकायतकर्ता एनएसयूआई जिलाध्यक्ष रंजीत सिंह के साथ प्रदेश सचिव लोकेश नायक, जिला उपाध्यक्ष सुमित शुक्ला, विपिन साहू, जिला महासचिव प्रवीण साहू, जिला महासचिव शुभम जायसवाल, जिला महासचिव शिवांश पाठक, जिला महासचिव लक्की सिंह ठाकुर, जिला महासचिव अपूर्व कंवर,जिला सचिव उमेश चंद्रवंशी, मयंक पांडेय,अंश बाजपेयी,पंकज निर्मलकर,तरुण आदि एनएसयूआई के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## NECC

| 04.09.2023 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 4.55 | 80 | 165 |
| चिल्हर | 5.50 | 95 | 190 |

डिलीवरी 4.70 सैकड़ा

दर्जन अंडा 65 रु.

मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रू.

CSPFA


प्रकाशक मुद्रक एवं सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन, प्रा.लि. के लिए पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. प्रेस में मुद्रित एवं गर्ल्स कॉलेज के पास, जरहाभाटा, बिलासपुर से प्रकाशित। प्रेस पंजीयन- 52158/91 डाक पंजीयन 112-002/2002 सी जी फोन- 07752 422771, 428159 फैक्स नं. 415188